सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
बुधवार, 24 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 347, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 42 अंकों की गिरावट
स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 42 अंक टूटकर बंद हुआ। } 14

## श्रीलंका की मदद के लिए 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भारत ने दिया प्रस्ताव
विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहा कि भारत को चक्रवात दित्वा के दौरान श्रीलंका के साथ खड़ा रहने पर गर्व है और 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज का प्रस्ताव दिया है। } 16

### संक्षेप

## बलात्कार केस में कुलदीप सेंगर को मिली जमानत



नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव बलात्कार मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा से निष्कासित कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर ने 15 लाख रुपये के निजी मुचलके और इतने की ही तीन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमेरिका स्थित कश्मीरी लॉबिस्ट की संपत्ति करें कुर्क : एनआईए कोर्ट

जम्मू। जम्मू-कश्मीर की एक विशेष एनआईए अदालत ने अमेरिका स्थित कश्मीरी लॉबिस्ट और दोषी करार दिए जा चुके पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट गुलाम नबी फई से संबंधित जमीन को तत्काल कुर्क करने का मंगलवार को आदेश दिया। बडगाम जिले के राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के विशेष न्यायाधीश याह्या फिरदौस ने वडवान और चट्टाबुघ नामक दो गांवों में 1.5 कनाल (लगभग 8,100 वर्ग फुट) से अधिक भूमि को जब्त करने की अनुमति दी। अदालत ने बडगाम के जिलाधिकारी को राजस्व और पुलिस अधिकारियों की सहायता से संपत्ति का तत्काल कब्जा लेने का निर्देश दिया। सहायक लोक अभियोजक मोहम्मद इकबाल राठेर ने आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 83 (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 85) के तहत फई की संपत्ति कुर्क करने का अनुरोध करते हुए अर्जी दायर की थी जिसके बाद अदालत ने यह आदेश पारित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मोटरसाइकिलों की टक्कर में छात्र की मौत, तीन घायल

बलिया। बलिया जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में 12वीं कक्षा की प्री बोर्ड परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्र की मौत हो गई और अन्य तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रसड़ा-नगरा मार्ग पर सोमवार को अपरान्ह सिंगही चट्टी के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में नगरा थाना क्षेत्र के ताड़ीबड़ा गांव के निवासी सक्षम सिंह की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गये। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के समय सक्षम सिंह अपने गांव के आदर्श सिंह एवं अनुराग सिंह के साथ मोटरसाइकिल से अखनपुरा स्थित एक निजी स्कूल में 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षा देकर लौट रहा था।

## धर्मांतरण के आरोप में केजीएमयू का रेजिडेंट डॉक्टर हुआ निलंबित

विशेष संवाददाता



लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में धर्मांतरण कराने के आरोप में रेजीडेंट डॉक्टर रमीज मलिक को निलंबित कर दिया गया। विश्वविद्यालय परिसर में उसके प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई।

उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है। कुलपति के निर्देश पर इस मामले को विशाखा कमेटी को सौंपा गया था। केगटी ने अपनी जांच में रेजिडेंट डॉक्टर को दोषी पाया है। प्रारंभ में पीड़ित रेजिडेंट डॉक्टर और आरोपी पुरुष रेजिडेंट डॉक्टर के बयान दर्ज किए गए थे। इस दौरान आरोपी डॉक्टर ने खुद को कुंवारा बताया था, तो कमेटी ने उससे कुंवारे होने के सबूत मांगे थे। जांच का जिम्मा मिलने के बाद विशाखा कमेटी ने पहले पीड़िता और आरोपी डॉक्टर को कई बार फोन किया, संपर्क नहीं हो सका, जिसके बाद दोनों को व्हाट्सएप के जरिये लिखित सूचना भेजी गई। इसके बाद दोनों से संपर्क हो पाया। इस दौरान आरोपी रेजिडेंट ...शेष पृष्ठ 14 पर

## चौधरी चरण सिंह ने किसानों के हित में लगा दिया पूरा जीवन
### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

एजेंसी



नयी दिल्ली। किसान दिवस के मौके पर देश ने एक बार फिर किसानों की आवाज बने महान नेता को याद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने बेहतर खेती, किसानों की समृद्धि और समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने उनके योगदान को राष्ट्र निर्माण की नींव बताते हुए कहा कि देश उनके त्याग और संघर्ष को कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए अपने पोस्ट में चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए लिखा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के साथ-साथ कृषि की प्रगति और किसानों की खुशहाली के लिए आजीवन काम किया। राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अमूल्य है और कृतज्ञ भारत उसे हमेशा स्मरण रखेगा। किसान दिवस केवल किसानों के सम्मान का दिन नहीं है, बल्कि यह उस नेता को याद करने का अवसर भी है जिसने भारतीय राजनीति में सिद्धांतों को सत्ता से ऊपर रखा। 23 दिसंबर को मनाया जाने वाला किसान दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती से जुड़ा है। किसानों और ग्रामीण भारत की आवाज बने चरण सिंह भारतीय राजनीतिक इतिहास में एक अनोखी पहचान रखते हैं। वे देश के इकलौते प्रधानमंत्री थे जिन्हें अपने कार्यकाल के दौरान संसद का सामना करने का अवसर ही नहीं मिला।

गौरतलब है कि चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक प्रधानमंत्री रहे, लेकिन उनका कार्यकाल बेहद अल्पकालिक और राजनीतिक उथल-पुथल से भरा रहा। उनकी सरकार लोकसभा में स्पष्ट बहुमत के बिना बनी थी, जिस कारण वे न तो अपनी नीतियां संसद में रख सके और न ही विश्वास मत हासिल कर पाए। 1977 में आपातकाल हटने के बाद कांग्रेस के लंबे शासन का अंत हुआ और जनता पार्टी की सरकार बनी। इस सरकार में चरण सिंह उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री थे। हालांकि, पार्टी के भीतर गहरे मतभेद उभर आए और जुलाई 1979 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने चरण सिंह को सरकार बनाने का न्योता दिया। चरण सिंह को कांग्रेस (आई) का बाहरी समर्थन मिला, जिसका नेतृत्व इंदिरा गांधी कर रही थीं। इसी समर्थन के आधार पर उन्होंने 28 जुलाई 1979 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। लेकिन यह समर्थन बिना शर्त नहीं था। कांग्रेस (आई) ...शेष पृष्ठ 14 पर

# किसान की मेहनत से धरती उगलती है सोना : योगी
### चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान दिवस पर किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए उनकी मेहनत को प्रणाम किया। सीएम ने किसान समृद्धि योजना के तहत ट्रैक्टर पाने वाले किसानों के चेहरे की चमक का जिक्र किया। बोले कि कोई किसान अपनी मां तो कोई पत्नी को ट्रैक्टर में बिठाकर ले जा रहा है। यही किसान की ताकत होती है, सर्दी, गर्मी

> ❍ सीएम ने किसानों को दी ट्रैक्टर की चाबी, दिखायी हरी झंडी

की परवाह किए बिना जब वह पसीना बहाता है और सर्दी को अपनी अस्थियों में समाहित कर ऊर्जा का प्रवाह धरती मां के साथ करता है तो खेती अन्न उत्पादन के रूप में सोना उगलती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर विधान भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। सीएम ने किसान सम्मान दिवस पर किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी। साथ ही किसानों, वैज्ञानिकों, एफपीओ आदि को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी मेहनत से किसानों ने प्रगति की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब पहली बार किसान भी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना। धरती हमारी मां और हम सभी इसके पुत्र हैं, इसलिए पुत्र का दायित्व है कि जब मां बीमार या संकट में हो तो पुत्र उसे संकट से उबारने में योगदान देता है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से पीएम मोदी ने 2014 में धरती मां की सेहत के बारे में हर किसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इतिहास से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाना होगाः मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए इतिहास के गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा लेना आवश्यक है। इतिहास की गलतियों का समय पर परिमार्जन होना चाहिए, तभी समाज प्रगति करता है। यदि कहीं त्रुटि हुई है तो उसे सुधार करना होगा और अच्छे कार्यों को जीवन की प्रेरणा बनाकर आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी परंपराओं को पर्व-त्योहारों के माध्यम से संजोकर रखा है। देश में राजनीति अपना काम करती रही, लेकिन राजे रजवाड़ों और समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया, बल्कि संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में योगदान दिया। मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को कॉल्विन तालुकेदार्स कॉलेज में आयोजित 134वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मार्च पास्ट के दौरान विद्यार्थियों का अनुशासन, कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने का जज्बा और समर्पण देखकर ऐसा प्रतीत हुआ मानो नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आह्वान पर आजाद हिंद फौज के नौजवान देश की आजादी के लिए स्वयं को समर्पित कर रहे हों। उन्होंने कहा कि यह प्रयास सराहनीय है और इससे विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने कहा कि मैं इस अवसर पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा इस संस्था के पूर्व अध्यक्ष कुंवर आनंद सिंह को, जिनके साथ मैंने कई बार इस संस्था के उन्नयन के बारे में चर्चा की। आज वे भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं है, मैं उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## ग्रीन हाइड्रोजन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को मिली मंजूरी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। हरित परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन अनुसंधान, तकनीकी विकास, मानव संसाधन सशक्तिकरण एवं औद्योगिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उडए) स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईआईटी कानपुर द्वारा हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। वहीं दूसरा सेंटर आईआईटी-बीएचयू द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के साथ संयुक्त रूप से स्थापित किया जाएगा। दोनों सेंटर साझेदार संस्थानों के परिसरों से संचालित होंगे।

> ❍ आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू में स्थापित होंगे दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

यूपी नेडा के एमडी एंड डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इन सेंटरों में चलने वाली परियोजनाओं में दोनों संस्थान बारी-बारी से नेतृत्व करेंगे। यह सेंटर हब-एंड-स्पोक मॉडल पर कार्य करेगा, जिसके तहत प्रदेश के अन्य इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों को इससे जोड़ा जाएगा। सेंटर में बायोमास आधारित एवं इलेक्ट्रोलाइजर आधारित ग्रीन हाइड्रोजन पर अनुसंधान और तकनीकी विकास किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक इन्क्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से हर वर्ष 10 स्टार्टअप्स को और 5 वर्षों में कम से कम 50 स्टार्टअप्स को सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके लिए ?25 लाख प्रतिवर्ष (5 वर्षों तक) की सहायता का प्रावधान किया गया है। सेंटर प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलीटेक्निक संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम निर्माण, मेंटरिंग, तकनीकी प्रदर्शनियों और कॉन्फ्रेंसों के आयोजन में भी सहयोग करेगा। साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण, परिवहन और उपयोग से जुड़े विषयों पर राज्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंड सरकार सामाजिक संरचना की रक्षा के लिए दृढ़प्रतिज्ञ : सीएम धामी

विशेष संवाददाता



देहरादून (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उत्तराखंड सरकार विकास की गति को बनाए रखते हुए राज्य की मूल पहचान, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक संरचना की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जों, लैंड जिहाद और गैरकानूनी निर्माणों के विरुद्ध सरकार ने बिना किसी दबाव के सख्त कदम उठाए हैं।

देहरादून में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 तथा उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के संयुक्त समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध मदरसों पर कार्रवाई, ऑपरेशन कालनेमि और समान नागरिक संहिता जैसे निर्णय राज्य सरकार की स्पष्ट नीति और मजबूत इच्छाशक्ति का प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता मेला केवल उत्पादों के प्रदर्शन का मंच नहीं है, बल्कि यह उत्तराखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सामूहिक शक्ति और आत्मसम्मान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त को किया तलब

ढाका। भारत में बांग्लादेश के दूतावासों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के मद्देनजर बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को मंगलवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम ने भारत के उच्चायुक्त को तलब किया और उस समय उप उच्चायुक्त भी मौजूद थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्मा को 20 दिसंबर 2025 को नयी दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग और आवास के परिसर के बाहर हुईं अप्रिय घटनाओं और 22 दिसंबर को सिलीगुड़ी में स्थित वीजा केंद्र में विभिन्न चरमपंथी तत्वों द्वारा की गई तोड़फोड़ पर ढाका की गंभीर चिंतौ से अवगत कराया गया। बयान में कहा गया है, बांग्लादेश ने भारत में बांग्लादेश के विभिन्न दूतावासों के परिसरों के बाहर आयोजित हिंसक प्रदर्शनों पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

## बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विहिप का प्रदर्शन
### हिन्दुओं की हत्या के विरोध में प्रदर्शन, 15000 पुलिसकर्मियों को किया गया था तैनात

एजेंसी



नयी दिल्ली। बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के खिलाफ भगवा झंडे लिए और नारे लगाते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के सैकड़ों समर्थकों ने मंगलवार को कड़ी सुरक्षा वाले बांग्लादेश उच्चायोग के पास अवरोधक हटा दिए, जिसके बाद उनकी पुलिस से झड़प हुई। जब पुलिस भीड़ को काबू करने की कोशिश कर रही थी तो उस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कई अवरोधक हटा दिए।

पड़ोसी देश में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के खिलाफ हिंदू दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा घोषित विरोध प्रदर्शन से पहले सुबह उच्च सुरक्षा वाले इस इलाके में पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई थी। इलाके में तीन स्तर पर अवरोधक लगाए गए और पुलिस तथा अर्द्धसैन्य बल की अतिरिक्त टुकड़ियों को तैनात किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन से पहले 15,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उच्चायोग से लगभग 800 मीटर दूर रोक दिया। प्रदर्शनकारियों को उच्चायोग तक पहुंचने से रोकने के लिए डीटीसी की बसों को रुकावट के तौर पर खड़ा किया गया था। हवा में बैनर और तख्तियां लहरा रही थीं जिन पर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ निंदा भरे संदेश लिखे थे। एक तख्ती पर लिखा था, हिंदू रक्त की एक-एक बूंद का हिसाब चाहिए।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ एससीआर की तर्ज पर बनेगा केवीआर : योगी (पृष्ठ-02)
❍ मोरिंगा से आत्मनिर्भर बन रहीं यूपी की बेटियां (पृष्ठ-02)
❍ मजदूरों की कमी को दूर करेगा नया कानून (पृष्ठ-14)
❍ ई कॉमर्स, ऑनलाइन स्रोतों को शामिल करेगी सरकार (पृष्ठ-14)
❍ रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 89.65 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** पांच क्विंटल की सोने-चांदी औरहीरे से जड़ी राममूर्ति पहुंची अयोध्या, गोस्वामी तुलसीदास की मूर्ति के बगल में बगल में होगी स्थापित

# पेंजावर मठ ने राम मंदिर के लिए भेजी आकर्षक भेंट

जिला संवाददाता



अयोध्या। कर्नाटक के उड्डुपी के पेंजावर मठ के धर्माध्यक्ष स्वामी विश्व प्रसन्ना तीर्थ की प्रेरणा से उनके शिष्यों ने अयोध्या के राम मंदिर के लिए एक दुर्लभ आकर्षक भेंट भेजी है। यह प्रभु राम की सोने, चांदी व हीरे से जड़ित कर्नाटक शिल्प कला की प्रतिमा है। इसका वजन 5 क्विंटल और आकार 108 फीट है।

राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि इस प्रतिमा को डाक विभाग द्वारा भेजा गया है जिसका विस्तृत विवरण आना शेष है। अभी केवल इतना पता है कि स्वामी विश्व प्रसन्ना तीर्थ ने इसे भिजवाया है। बताया गया है कि इसे राम मंदिर परिसर में गोस्वामी तुलसीदास के मंदिर के बगल में अंगद टीला के पास स्थापित करना प्रस्तावित है। हालांकि, अंतिम निर्णय उड्डुपी के स्वामी के आने पर ही लिया जाएगा। यह खूबसूरत प्रतिमा दक्षिण भारतीय शिल्प कला की अद्भुत कृति है। इसकी चमक से लोग बेहद प्रभावित हैं। यह अयोध्या के राम मंदिर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। बताया गया कि इस दुर्लभ प्रतिमा को राम मंदिर को विश्व स्तरीय अध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए भेजा गया है। इसे विशेष अनुष्ठान आयोजित कर स्थापित किया जाएगा। यह किसी एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे कर्नाटक राज्य की भेंट के रूप में जानी जाएगी। जब प्रतिमा मंदिर परिसर में पहुंची तो देखने वालों की भीड़ जुट गई। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र की मौजूदगी में बड़े बाक्स को खोल पर प्रतिमा का दर्शन किया गया। उसके बाद इसे विशेष व्यवस्था में अंदर ले जा कर सुरक्षित रखा गया है। यह लकड़ी के बड़े बाक्स में पैक करके भेजी गई है।

## कफ सिरप मामलाः शुभम समेत चार के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी



एजेंसी

वाराणसी (उप्र)। उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार में आरोपी एवं 50 हजार रुपये के इनामी शुभम जायसवाल समेत चार व्यक्तियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गौरव बंसवाल ने बताया कि शुभम जायसवाल पर पहले 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया जा चुका है। बंसवाल ने बताया कि शुभम जायसवाल और तीन अन्य आकाश पाठक, अमित जायसवाल और दिवेश जायसवाल को देश छोड़ने से रोकने के लिए सोमवार को लुकआउट ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# एससीआर की तर्ज पर बनेगा केवीआर : योगी

## काशी-विंध्य क्षेत्र 23916 वर्ग किमी में होगा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) की तर्ज पर काशी-विंध्य क्षेत्र (केवीआर) का गठन करने के फैसला यूपी कैबिनेट ने लिया था। प्रमुख सचिव आवास पी. गुरु प्रसाद ने मंगलवार को इसके गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें वाराणसी और विंध्याचल मंडल के सात जिले वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, गाजीपुर, मिजार्पुर, भदोही और सोनभद्र शामिल होंगे।

सभी संबधित जिलों को एक आर्थिक गतिविधियों के जोन के तौर पर विकसित किया जाएगा। काशी-विंध्य क्षेत्र 23916 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र में होगा। इसके आधार पर अब काशी-विंध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। काशी-विंध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण कार्यकारी समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव उपाध्यक्ष और अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव आवास सदस्य संयोजक होंगे। इसमें विभिन्न क्षेत्रों व विभागों ने नौ सदस्य और वाराणसी के मंडलायुक्त सदस्य सचिव होंगे। इसका मुख्यालय वाराणसी में होगा। इनकी देखरेख में कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्रस्ताव के मुताबिक केवीआर के गठन से पूर्वांचल के इन सात प्रमुख जिलों के विकास में तेजी आएगी। इसके गठन के बाद काशी-विंध्य क्षेत्र में आने वाले जिलतों में गुणवत्ता पूर्ण नागरिकों को सुविधाएं दी जाएंगी। इससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा और सुनियोजित विकास के साथ रोजगार का रास्ता खुलेगा। काशी विंध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण का दायरा 23815 वर्ग किलोमीटर होगा। वाराणसी का क्षेत्रफल 1535 वर्ग किलोमीटर है, जौनपुर 4038, चंदौली 2541, गाजीपुर 3377, मिजार्पुर 4521, भदोही 1015 और सोनभद्र 6788 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल है। इन सात जिलों में सर्वाधिक क्षेत्रफल सोनभद्र का है, जबकि सबसे कम चंदौली है। नीति आयोग ने काशी और विंध्य क्षेत्र के सतत विकास के लिए अपने सुझाव सरकार को दिए हैं। केवीआर के जरिए ही संबंधित सभी सात जिलों के सुनियोजित विकास का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।



# शासन, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा और मैन्युफैक्क्रिंग में क्रांतिकारी बदलाव लायेगा एआई : सीएम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के वैश्विक मानचित्र पर अग्रणी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में सिफी टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर राजू वेगेसना ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट कर प्रदेश में अक आधारित डिजिटल परिवर्तन और लखनऊ व नोएडा में प्रस्तावित एआई सिटीज के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में शासन, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा और मैन्युफैक्क्रिंग जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है। उत्तर प्रदेश सरकार मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से अक आधारित निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है। सिफी के चेयरमैन राजू वेगेसना ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बीते 5 वर्षों में सिफी ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ और नोएडा में अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स की स्थापना के लिए 12,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है तथा अगले 3 वर्षों में इस निवेश को दोगुना करने की योजना है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में सिफी का अक एज डेटा सेंटर शीघ्र ही पूरी तरह तैयार हो जाएगा, जबकि इसके समीप एक बड़े हाइपरस्केल अककैंपस की भी योजना है।

नोएडा में सिफी उत्तर भारत के सबसे बड़े अक डेटा सेंटर कैंपस नोएडा-02 का संचालन कर रहा है, जिसके साथ एक अतिरिक्त अक कैंपस विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही सिफी का पहला ग्रीन हाइपरस्केल डेटा सेंटर नोएडा-01 वर्तमान में 100 से अधिक एंटरप्राइज, सरकारी और हाइपरस्केल ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। मुलाकात में यह भी बताया गया कि लखनऊ और नोएडा के दोनों एआई क्लस्टर्स को सिफी के राष्ट्रीय फाइबर नेटवर्क के माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिससे हाई-स्पीड और लो-लेटेंसी अक वर्कलोड्स को सुचारु रूप से संचालित किया जा सकेगा। राजू वेगेसना ने मुख्यमंत्री को यह भी जानकारी दी कि सिफी के डेटा सेंटर बिजनेस में गूगल, मेटा और ओरेकल जैसे वैश्विक टेक दिग्गज रणनीतिक साझेदार हैं, जो उत्तर प्रदेश की वैश्विक तकनीकी पहचान को और मजबूत करेंगे। बता दें कि एआई के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार पहले से एचसीएल के साथ मिलकर काम कर रही है। जनसुनवाई प्रणाली में 60-70 प्रतिशत तक मैनुअल प्रयास घटा है और शिकायत निस्तारण समय लगभग 2 मिनट रह गया है, जो सुशासन का एक प्रभावी मॉडल है। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों का प्रमुख केंद्र बन रहा है, जिसमें आईजीआरएस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# कोडीन सिरप की जांच करेगी एसटीएफ अपराधी को सजा मिलेगी : केशव मौर्य

- साइबर अपराधियों का 630 करोड़ फ्रीज, सपा का पीडीए (परिवार डब्लपमेंट एजेंसी) : केशव

लखनऊ। केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को सदन में कोडीन सिरप पर विस्तार पूर्वक सरकार का पक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। नेता सदन ने स्पष्ट किया कि कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी और अवैध बिक्री को रोकने के लिए तीन सदस्यी एसटीएफ टीम गठित की गयी है। औषधि प्रशासन विभाग को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि सभी मेडिकल स्टोर्स पर कोडीन सिरप के स्टॉक का डिजिटल मिलान किया जाए, बिना डॉक्टर के पर्चे के बिक्री पाए जाने पर संबंधित स्टोर का लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाए।

श्री मौर्य ने कहा कि यूपी के रास्ते अन्य राज्यों में होने वाली तस्करी को रोकने के लिए पुलिस विभाग को चेकपोस्टों पर सख्ती बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, दवा के नाम पर जहर बेचने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। श्री मौर्य ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोडीन युक्त कफ सिरप के कई बड़े होलसेल लाइसेंस वर्ष 2016 में समाजवादी सरकार के दौरान बांटे गए थे, उस समय नियमों की अनदेखी की गई, जिसका खामियाजा आज युवाओं और बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट किया कि डबल इंजन सरकार की नीति अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस है, देश में प्रधानमंत्री और प्रदेश में मुख्यमंत्री का स्पष्ट मत है कि अपराधी किसी भी पार्टी/धर्म/जाति का हो, वह चाहें देश में हो या विदेश में हो उसे बख्शा नहीं जाएगा, केवल ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट ही नहीं, बल्कि ठख्ढर एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई होगी। श्री मौर्य ने यह भी कहा कि इस नशे के काले कारोबार की जड़ें 2016 में समाजवादी सरकार के दौरान बांटे गए होलसेल लाइसेंसों में हैं। उन्होंने कहा कि उस समय राजनीतिक संरक्षण में जो जहर बांटने का काम शुरू हुआ, उसका हिसाब अब लिया जा रहा है। नेता सदन ने कहा कि साइबर ठगों पर न केवल आईटी एक्ट बल्कि गैंगस्टर एक्ट और मनी लॉन्ड्रिंग की धाराओं के तहत भी कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश के हर मंडल और प्रमुख जिलों में हाई-टेक साइबर पुलिस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। साइबर हेल्पलाइन 1930 को और अधिक सशक्त बनाया गया है, जिससे ठगी के शिकार लोगों का पैसा तत्काल फ्रीज करने में मदद मिल रही है। लगभग 630 करोड़ की भारी-भरकम धनराशि को विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज कराया गया है। प्रदेश भर में लगभग 90,000 से अधिक संदिग्ध बैंक खातों को चिन्हित कर उन पर लेन-देन रोक दिया गया है। श्री मौर्य ने सदन में स्पष्ट रूप से कहा कि अखिलेश यादव पीडीए पिछड़ों या दलितों के लिए नहीं, बल्कि स्वयं परिवार के लिए है, परिवार, डेवलपमेंट और एजेंसी है। इस एजेंसी में गुंडे, माफिया और अपराधी शेयरहोल्डर (साझेदार) के रूप में काम करते हैं। समाजवादी पार्टी 2012-2017 के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि जब सपा सत्ता में थी, तब उन्हें पिछड़ों और दलितों की याद नहीं आई। यह केवल चुनाव जीतने और लोगों को गुमराह करने के लिए गढ़ा गया एक शब्द है। सच्चाई यह है कि यह समाप्तवादी पार्टी बनने की ओर अग्रसर है।

# पुलिस को तकनीकी रूप से सशक्त बना रही सरकार

## अब तक 84 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी किए गये प्रशिक्षित

विशेष संवाददाता (vol)

- साइबर क्राइम प्रशिक्षण पोर्टल के माध्यम से पुलिस कर्मियों को प्रदान किया जा रहा प्रशिक्षण
- विधानसभा में सरकार ने साइबर सिक्योरिटी को लेकर किए गये प्रयासों का किया उल्लेख

लखनऊ। डिजिटल लेनदेन और ऑनलाइन गतिविधियों के बढ़ते दायरे के साथ साइबर ठगी और हाईटेक अपराध के चलते आम नागरिकों की सुरक्षा और डिजिटल विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से योगी सरकार साइबर अपराध के विरुद्ध सशक्त रणनीति के तहत लगातार ठोस कदम उठा रही है।

इसी क्रम में साइबर क्राइम प्रशिक्षण पोर्टल के माध्यम से अब तक 84,705 पुलिस कर्मियों को प्रमाणित प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिससे पुलिस बल को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाया गया है।

विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित जवाब में सरकार ने साइबर ठगी और हाईटेक अपराधों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। जवाब में बताया गया कि वर्ष 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश में केवल दो साइबर क्राइम थाने (लखनऊ और गौतमबुद्धनगर) ही कार्यरत थे।

साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौती को देखते हुए योगी सरकार ने चरणबद्ध तरीके से साइबर अपराध नियंत्रण का ढांचा मजबूत किया। इसके तहत 06 फरवरी 2020 को 16 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों तथा 14 दिसंबर 2023 को 57 जनपदीय साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गई। साथ ही प्रदेश के सभी जनपदीय थानों में साइबर सेल का गठन कर प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। वर्तमान में प्रदेश के सभी जनपदों में कुल 75 साइबर क्राइम थाने संचालित हो रहे हैं, जबकि प्रत्येक जनपदीय थाने में साइबर सेल भी सक्रिय है। सरकार ने यह भी अवगत कराया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए अब तक 65,966 सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। वहीं, साइबर अपराध की त्वरित शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 की क्षमता 20 सीटों से बढ़ाकर 50 सीट कर दी गई है, जो 247 क्रियाशील है। सरकार के अनुसार, प्रशिक्षित पुलिस बल, मजबूत साइबर ढांचा और व्यापक जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में लगातार प्रगति हो रही है।

# 2027 विधानसभा चुनाव में 2017 से आयेंगे अच्छे परिणाम : पंकज

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने मंगलवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। पंकज चौधरी ने कहा कि देश की राजनीति का केन्द्र उत्तर प्रदेश है। सभी को साथ लेकर चलते हुए 2027 विधानसभा चुनाव में 2017 से भी अच्छे परिणाम के लिए पार्टी एकजुटता से मिलकर काम करेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा अटल जन्म शताब्दी समारोह अभियान के तहत 25 दिसम्बर को अटल बिहारी बाजपेयी जी का जन्म जयंती मनाएगी।

24 दिसम्बर को पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरूषों के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही अटल जी से जुड़े स्थानों तथा भाजपा जिला कार्यालयों पर दीप प्रज्ज्वलित करके दीपांजली अर्पित की जाएगी। अटल जी ने सुशासन स्थापित करते हुए गरीबों के लिए सब्सिडाइज राशन की व्यवस्था, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री स्वर्णिम चतुर्भुज योजना से गांव, गरीब, किसान की उन्नति से राष्ट्र की उन्नति का मार्ग खुला। अटल जी की स्मृति में भाजपा 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत सभी 403 विधानसभाओं में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर को अटल जी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लखनऊ आगमन होगा।

# एसआईआर के बहाने लोगों के वोट काटे जा रहे : मोना

## एसआईआर के दौरान बीएलओ की मौत पर कांग्रेस ने उठाये सवाल



लखनऊ। कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बीएलओ की हुई मौत पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया है, और एसआईआर प्रक्रिया को आधी अधूरी तैयारी और बिना प्रशिक्षण, बिना इंतजाम के बहुत कम समय में कराने का आरोप लगाया, जिसकी वजह से बीएलओ के ऊपर अत्यधिक मानसिक दबाव होना और जिसकी वजह से हुई बीएलओ की मौत की जिसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार है।

आराधना मिश्रा ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जब पहले से एसआईआर होना तय था तो फिर प्रक्रिया में लगे बीएलओ को पहले ट्रेनिंग क्यों नहीं दी गई? क्या एक शिक्षक से यह अपेक्षा उचित है कि वह बच्चों को पढ़ाए भी और पूरा प्रशासनिक सिस्टम भी संभाले, जिन स्कूलों में शिक्षक बीएलओ ड्यूटी पर हैं, वहां बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है, तो आखिर इसकी जिम्मेदारी किसकी है और तो और भाजपा सरकार की चेतना तभी जागृत होती है जब किसी कर्मचारी की मौत हो जाती है, यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब विपक्ष किसी विषय पर सरकार को सुझाव देता है तो सरकार उस सुझाव को सकारात्मक लेने के बजाय विपक्ष की नियत पर ही सवाल खड़ा कर देती है।

उन्होंने कहा कि हम एसआईआर के विरोध में नहीं हैं, मतदाता सूची का शुद्धिकरण होना चाहिए यह लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप एसआईआर के नाम पर अमानवीय तरीके से उस प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों को परेशान करें और जो इस देश के मतदाता हैं। वोट जिनका मूल अधिकार है उनको वोटर लिस्ट में नाम के लिए पूरी प्रक्रिया को इतना कठिन बना दें कि वह बार-बार फॉर्म भरने लाइन में लगे और अपना पूरा समय निकाल दें, क्या चुनाव आयोग या सरकार ने सोचा कि इस प्रदेश का गरीब, मजदूर, किसान, दिहाड़ी और श्रमिक जो रोज काम करते और कमाते हैं अब वह बार-बार फॉर्म भरने लाइन लगने में जा सकते हैं ऐसा संभव नहीं है, इस प्रक्रिया से महिलाएं बुजुर्ग और दिव्यांग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

# मोरिंगा से आत्मनिर्भर बन रहीं यूपी की बेटियां

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ, अयोध्या समेत पांच जिलों की एक हजार महिलाएं शामिल
- एआईएफ योजना के अंतर्गत प्राइमरी प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से किया जा रहा काम

लखनऊ। लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर और सीतापुर समेत तमाम जिलों में मोरिंगा आधारित आजीविका मॉडल ने ग्रामीण महिलाओं को स्थायी रोजगार और सम्मानजनक आय का रास्ता दिया है। इन जिलों की एक हजार से अधिक महिलाएं मोरिंगा की पत्तियों, बीज और छाल की प्राथमिक प्रोसेसिंग से जुड़कर नियमित कमाई कर रही हैं।

मोरिंगा को लेकर इस पहल की अगुवाई कर रहीं जेवीकेएस बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बीकेटी लखनऊ की डायरेक्टर डॉ. कामिनी सिंह बताती हैं कि सीतापुर जिले के सिधौली ब्लॉक के ग्राम गाजीपुर में सीमा देवी, बउआ देवी, शालिनी देवी, ममता देवी, पूनम देवी, प्रियंका, राजकुमारी सहित प्रदेश के अन्य जिलों की सैकड़ों महिलाएं इस मॉडल से जुड़ी हैं। इन्हें प्रतिमाह 10,000 तक और वार्षिक सवा लाख रुपये तक की आय हो रही है। महिलाओं ने समूह के रूप में काम सीखकर गुणवत्ता, पैकेजिंग और समयबद्ध सप्लाई पर फोकस किया, जिससे बाजार में उनके उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है।

यह पूरा प्रोजेक्ट एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (अक्क्ऋ) के अंतर्गत संचालित किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के माध्यम से चल रहा है।

एफपीओ ने प्राइमरी प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित की हैं, जहां मोरिंगा की पत्तियों, बीजों और छाल से वैल्यू-एडेड उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन हुआ है और महिलाओं की आय में कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है। सीएम योगी के निर्देश पर मोरिंगा के जरिए स्थानीय रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसकी सबसे खास बात ये है कि घर के पास काम मिलने से महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। ग्रामीण महिलाएं पत्तियों की तुड़ाई, सुखाने, ग्रेडिंग और प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण लेकर आय अर्जित कर रही हैं।

डॉ कामिनी सिंह के अनुसार मोरिंगा से टैबलेट, पाउडर, मोरिंगा चाय, हैंडमेड साबुन, मोरिंगा सीड आयल और मोरिंगा लड्डू, मोरिंगा बिस्कुट बनते हैं। इसके माध्यम से प्रशिक्षित महिलाएं गांव की अन्य महिलाओं को अपने साथ जोड़कर उन्हें भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही हैं।

# 'सड़क सुरक्षा मित्र' योजना सड़क सुरक्षा को करेगी मजबूत

## प्रदेश के 28 जनपदों के लिए 14 लाख का बजट आवंटित

**गोल्डन आवर में दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीर को मिलता है 25,000 का इनाम, यूपी में 5 राहवीर का चयन**

लखनऊ। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'सड़क सुरक्षा मित्र' कार्यक्रम और 'राहवीर' योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है। सीएम के निर्देश के बाद इन दोनों योजनाओं के तहत प्रदेश के सभी जनपदों में सक्रियता बढ़ाई गई है। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा जागरूकता फैलाना और दुर्घटना पीड़ितों की त्वरित सहायता और चिकित्सकीय सुविधा सुनिश्चित करना है। जिससे एक ओर तो रोड एक्सीडेंट के मामलों में प्रभावी कमी लाई जा सके, दूसरी ओर दुर्घटना की स्थिति में मौत की संख्या को कम करना है। राज्य सरकार ने इनकी निगरानी के लिए जिला सड़क सुरक्षा समितियों को जिम्मेदारी सौंपी है, जिसके माध्यम से सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है।

केंद्र सरकार का 'सड़क सुरक्षा मित्र' कार्यक्रम वर्तमान में प्रदेश के 28 जनपदों में सक्रिय है, यह योजना युवाओं को सड़क सुरक्षा अभियानों में सक्रिय भागीदार बनाने पर केंद्रित है। कार्यक्रम के तहत यूपी में अब तक 423 युवा स्वयंसेवकों ने 'माय भारत' पोर्टल पर पंजीकरण कराया है और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसके तहत राज्य लोक सेवा फाउंडेशन ने गौतम बुद्ध नगर, नोएडा में पहला प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया था। जिसमें स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा नियमों, दुर्घटना प्रबंधन और जागरूकता अभियानों की ट्रेनिंग दी गई। इस कार्यक्रम के लिए 14 लाख रुपये का बजट अनुमोदित किया गया है, जिसमें सभी 28 जनपदों के लिए 50,000 रुपये का प्रावधान है। यह धनराशि सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण, जागरूकता और क्षेत्रीय गतिविधियों के लिए उपयोग की जाएगी। सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम के सफल संचालन से प्रदेश में न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि युवाओं में जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का भी विकास होगा। 'राहवीर' योजना सड़क दुर्घटनाओं के गोल्डन आवर, दुर्घटना के पहले एक घंटे में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर फोकस करती है। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह योजना आम नागरिकों को प्रेरित करती है कि वे दुर्घटना पीड़ितों की तत्काल सहायता प्रदान करें। योजना के तहत, जो राहवीर पीड़ित को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाता है, उसे 25,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाता है।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी चौधरी चरण सिंह की जयंती

लखनऊ। रालोद के प्रदेशीय मुख्यालय, लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया। यज्ञ में रालोद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय, राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे, राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आहुति डालकर उनको नमन किया।



हवन-पूजन के बाद प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान चौधरी साहब अमर रहें और जब तक सूरज-चांद रहेगा, चौधरी साहब का नाम रहेगा जैसे गगनभेदी नारों से विधान भवन परिसर गूंज उठा। इसके बाद पार्टी कार्यालय में वर्तमान परिस्थितियों में चौधरी चरण सिंह की विचारधारा एवं नीतियों की प्रासंगिकता विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों, ग्रामीण भारत और सामाजिक न्याय की सशक्त आवाज थे।

# अवैध मादक पदार्थों के सेवन व खरीद-फरोख्त के विरुद्ध कठोर कानूनी करें : गोयल

लखनऊ। मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी, सेवन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने तथा नशा मुक्ति जागरूकता अभियानों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मंगलवार को नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकॉर्ड) की राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा सभी जनपदों में प्रत्येक माह कम से कम एक बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। जिन जनपदों में बैठकें कम हुई हैं, उन्हें इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अवैध मादक पदार्थों का सेवन एवं क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों तथा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास चिह्नित हॉटस्पॉट्स पर प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जहां हॉटस्पॉट बनने की आशंका हो, वहां विशेष निगरानी रखी जाए तथा नियमित रूप से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोडीन युक्त कफ सीरप की सप्लाई एवं बिक्री पर सतत निगरानी रखी जाए। फर्जी फर्मों, अवैध भंडारण या बिक्री पाए जाने पर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक, एएनटीएफ अब्दुल हमीद ने जानकारी दी कि वर्ष 2025 में अब तक एनकॉर्ड के अंतर्गत कुल 774 जिला स्तरीय गोष्ठियां आयोजित की जा चुकी हैं। उत्तर प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई में अब तक 47,253.19 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं, एएनटीएफ द्वारा 12,722.92 किलोग्राम की बरामदगी की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 143 करोड़ 91 लाख 65 हजार रुपये है। मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध साइकिल रैली, नुक्कड़ नाटक, योगा एवं स्कूली बच्चों के साथ पैदल मार्च का आयोजन किया गया। नशे के विरुद्ध पैम्फलेट एवं बैज वितरित किए गए, ई-शपथ दिलाई गई तथा लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। धमार्चार्यों के माध्यम से प्रचार-प्रसार के साथ-साथ सिनेमाघरों, ट्रैफिक कंट्रोल रूम एवं रेडियो चैनलों द्वारा भी जागरूकता अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश में मादक पदार्थों का निस्तारण एवं डिस्पोजल नियमित रूप से किया जा रहा है। एएनटीएफ के गठन के बाद 2022 से 2025 (नवंबर तक) कुल 2,67,234 किलोग्राम माल का निस्तारण किया जा चुका है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 875 करोड़ रुपये है। वर्ष 2025 में गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत अवैध संपत्ति की जब्ती का अनुमानित मूल्य 9,17,23,164.6 रुपये रहा है। इस दौरान 02 गैंगों का पंजीकरण किया गया तथा 61 हिस्ट्रीशीट खोली गई। कोडीन युक्त कफ सीरप की सप्लाई एवं बिक्री की ट्रैकिंग के लिए 02 सहायक आयुक्त (औषधि) एवं 02 औषधि निरीक्षकों की समिति गठित की गई है। वर्ष 2025 में अक्टूबर माह तक 11 प्रकरणों में 16 अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर 3.39 करोड़ रुपये मूल्य की औषधि सीज की गई है।

# चुनिंदा किसानों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपना सम्मान नहीं : लोकदल

दिल्ली/लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर लोकदल नेताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर लोकदल नेता सुनील सिंह ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि चौधरी साहब किसान, गांव और खेत-खलिहान की आत्मा थे और उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों के हक और सम्मान के लिए समर्पित कर दिया। सुनील सिंह ने कहा कि आज चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सरकार बड़े-बड़े आयोजन कर रही है लेकिन किसानों के नाम पर उनकी विरासत का राजनीतिक और निजी लाभ के लिए उपयोग किया जा रहा है। यदि सरकार वास्तव में चौधरी साहब की विचारधारा पर चल रही होती, तो किसान आज खाद के लिए लाइन में, गन्ना भुगतान के लिए दफ्तरों के चक्कर और फसल के दाम के लिए बाजार में भटकने को मजबूर न होता। सुनील सिंह ने किसान सम्मान दिवस पर सरकार के उस बयान किसान ऊर्जा प्रवाहित करता है तो धरती सोना उगलती है, पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे काव्यात्मक कथन जमीनी सच्चाई नहीं बदलते। धरती तब ही सोना उगलेगी, जब किसान को उसकी फसल का पूरा दाम, समय पर भुगतान और सुरक्षा मिलेगी। जयंती नाम की नहीं, नीति की होनी चाहिए। सुनील सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह मानते थे कि जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा, देश आगे नहीं बढ़ सकता। आज उनकी जयंती को सरकारी कार्यक्रमों और फोटो सेशन तक सीमित कर दिया गया है, जबकि उनकी सोच के अनुरूप नीतियां लागू नहीं हो रहीं।

# लखनऊ आयकर अपीलीय अधिकरण बार एसोसिएशन ने रजत जयंती वर्ष मनाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। आयकर अपीलीय अधिकरण बार एसोसिएशन ने होटल डैमसन प्लम, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में शाम-ए-अवध शीर्षक से एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन कर अपनी रजत जयंती वर्ष मनाई। यह आयोजन वर्तमान पदाधिकारी प्रदीप के.कपूर, अध्यक्ष, मृदुल के. अग्रवाल, उपाध्यक्ष, शुभम रस्तोगी, सचिव, शैलेंद्र मिश्र, कोषाध्यक्ष, राकेश गर्ग, ए.पी.सिन्हा तथा के.आर. रस्तोगी के द्वारा आयोजित हुआ।

इस समारोह की मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सी.वी.भडंग, अध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण तथा डॉ. राजीव मणि, सचिव, विधि कार्य विभाग की गरिमामई उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई। इनके साथ कुल भारत, उपाध्यक्ष, आईटीएटी लखनऊ जोन, शक्तिजीत डे, उपाध्यक्ष, मुंबई जोन, अमित शुक्ला, न्यायिक सदस्य, सुधांशु श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य, आनंदी नाथ मिश्रा, लेखा सदस्य, निखिल चौधरी, लेखा सदस्य तथा आईटीएटी लखनऊ के पूर्व सदस्यगण पी.एन.पाराशर, मोहन सिंह, केशव प्रसाद, एस.वी. मेहरोत्रा, ए.के.गरोड़िया और टी.एस.कपूर भी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में अमल पुष्प, पीसीसीआईटी (यूपी ईस्ट) एवं आयकर विभाग के अन्य प्रतिष्ठित अधिकारियों ने भी सहभागिता की। अपने स्वागत भाषण मे ट्रिब्यूनल बार के अध्यक्ष, सीए पी.के.कपूर द्वारा दिया गया। सी.वी.भडंग, अध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण तथा डॉ. राजीव मणि, सचिव, विधि कार्य विभाग ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कर न्यायशास्त्र को सुदृढ़ करने तथा विधि के शासन को बढ़ावा देने में लखनऊ ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन के योगदान को सराहा।

एसोसिएशन ने बार के संस्थापक सदस्यों सीए अशोक सेठ, सीए मृदुल अग्रवाल, सीए के.आर. रस्तोगी, सीए राजीव अग्रवाल, सीए धर्मेंद्र कुमार, सीए राजीव बंसल, स्वर्गीय सीए जे. जे. मेहरोत्रा तथा स्वर्गीय योगेश अग्रवाल, अधिवक्ता के योगदान को भी स्वीकार किया।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल का प्रधानमंत्री कल करेंगे भव्य उद्घाटन

## ओरियेंटेशन रूम में दिखेंगे राष्ट्र नायकों के जीवन के प्रेरक प्रसंग, राष्ट्र नायकों को समर्पित 5 गैलरियां और 5 कोर्टयार्ड राष्ट्रवाद की भावना का करेंगी संचार

विशेष संवाददाता (vol)








**लखनऊ।** राष्ट्रवाद की त्रिवेणी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को समर्पित हैं, राष्ट्र प्रेरणा स्थल। जिसका उद्घाटन 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। राष्ट्र प्रेरणा स्थल के भव्य उद्घाटन समारोह की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यहां राष्ट्र नायकों के जीवन वृत्त को दर्शाने वाले म्यूजियम के क्यूरेशन का कार्य भी पूरा हो चुका है। 5 गैलरियों और 5 कोर्टयार्ड से युक्त म्यूजियम के क्यूरेशन का कार्य पैन इंटेल कॉम कंपनी ने किया है। भावी पीढ़ियों में राष्ट्रवाद की भावना के संचार के लिए बने म्यूजियम को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल में राष्ट्रवाद की त्रिवेणी कहे जाने वाले राष्ट्र नायकों को समर्पित म्यूजियम का भी निर्माण किया गया है। प्रेरणा स्थल के 98000 वर्ग फुट के क्षेत्र में एलडीए ने म्यूजियम ब्लॉक का निर्माण कराया है। इसके क्यूरेशन का कार्य पैन इंटेल कॉम कंपनी ने किया है। म्यूजियम में 2 फ्लोर में 5 गैलरियां और 5 कोर्टयार्ड, वीवीआईपी ग्रीन रूम और 12 इंटरप्रिटेशन वॉल का निर्माण किया गया है। म्यूजियम की पहली गैलरी ओरियेंटेशन रूम के रूप में बनाई गई है,

### ● एलडीए ने 98000 वर्ग फुट में बनाया है म्यूजियम ब्लॉक

जिसमें वीडियो और एवी के माध्यम से राष्ट्र नायकों के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को दिखाया जाएगा। दूसरी गैलरी में भारतीय जन संघ के निर्माण और उसकी विकास यात्रा को दशार्या गया है।

म्यूजियम की क्रमशः तीसरी, चौथी और पाँचवीं गैलरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को समर्पित हैं। इन गैलरियों में उनकी फोटो, अखबार की कटिंग, सिलिकॉन की मूर्तियों के जरिए उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों को दिखाया गया है।

### म्यूजियम में भारत माता, दीपक और सुदर्शन चक्र की प्रतिकृतियां



म्यूजियम में 5 गैलरियों के साथ 5 कोर्टयार्ड का भी निर्माण किया गया है। फर्स्ट फ्लोर पर बने तीन कोर्टयार्ड क्रमशः भारत माता, जन संघ के प्रतीक चिन्ह दीपक और सुदर्शन चक्र की प्रतिकृतियां बनाई गई हैं। एक कोर्टयार्ड में भारत माता की 10 फिट ऊँची मूर्ति लगी है, साथ ही दीवार पर वन्दे मातरम उत्कीर्ण किया गया है। सेकंड फ्लोर पर बने कोर्टयार्ड में राष्ट्र नायकों के प्रयोग किए गए समान जैसे- तख्त, मेज-कुर्सी, छड़ी को लोगों के दर्शन के लिए रखा गया है। इसके अलावा म्यूजियम में 12 इंटरप्रिटेशन वॉल बनाई गई हैं, जिन पर म्यूरल और रिलीफ आर्ट के माध्यम से भारत के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं और महान विभूतियों को दशार्या गया है। एक वॉल पर, राष्ट्रवाद से प्रेरित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की कविता






की पंक्तियाँ लिखी गई हैं। इसके साथ ही म्यूजियम ब्लॉक में वीवीआईपी ग्रीन रूम का भी निर्माण किया गया है। राष्ट्र नायकों को समर्पित म्यूजियम आने वाले समय में भी भावी पीढ़ियों में राष्ट्रवाद की भावना का संचार करेगा।




## युवाओं ने ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण

**लखनऊ।** मेरा युवा भारत, लखनऊ की ओर से आयोजित अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तीसरे दिन विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागी युवाओं ने राजधानी का शैक्षिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण किया। पूरे दिन प्रतिभागी युवाओं में उत्साह, जिज्ञासा एवं सीखने की प्रबल भावना देखने को मिली।

भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने जनेश्वर मिश्र पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक पार्क, रेजीडेंसी, बड़ा इमामबाड़ा एवं लखनऊ संग्रहालय सहित नगर के प्रमुख ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण किया। प्रत्येक स्थल पर संबंधित अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को स्थलों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्व तथा प्रशासनिक व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे प्रतिभागियों के ज्ञान एवं दृष्टिकोण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

इस अवसर पर युवाओं ने लखनऊ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नजदीक से समझने के साथ-साथ आधुनिक शासन प्रणाली एवं प्रदेश की विकास यात्रा के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागी युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम उनके नेतृत्व कौशल, सामाजिक समझ, आपसी भाईचारे एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेरा युवा भारत, लखनऊ के उप निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समन्वय, सकारात्मक दृष्टिकोण तथा प्रशासनिक समझ को सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आगामी चरणों में प्रतिभागियों को अन्य जनपदों की विकास परियोजनाओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से भी परिचित कराया जाएगा। दिन के अंत में प्रतिभागी युवाओं ने पवन सिंह चौहान, विधान परिषद सदस्य से भेंट की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता, अनुशासन एवं सकारात्मक नेतृत्व के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने उनके मार्गदर्शन को अत्यंत प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताया।

## नगर आयुक्त ने 6 किमी पैदल चलकर परखी सफाई व्यवस्था

### अटल जयंती कार्यक्रम व स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 25 दिसंबर को आयोजित होने जा रहे भव्य कार्यक्रम को लेकर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सजग और सक्रिय है। घैला स्थित प्रेरणा स्थल में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रेरणा स्थल का उद्घाटन भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस के अवसर पर किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साथ-साथ स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं।

इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने सड़क मार्ग से करीब 6 किलोमीटर पैदल चलकर निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने नेशनल पीजी कॉलेज से लेकर कुड़िया घाट तक पूरे मार्ग का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा और मौके पर मौजूद नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि पूरे मार्ग पर नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, कूड़ा-कचरा समय से उठाया जाए और नालियों की पूरी तरह सफाई कराई जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहर की स्वच्छता छवि को बेहतर बनाने के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां स्ट्रीट लाइटें खराब पाई गईं, उन्हें तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि कार्यक्रम के दौरान आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नगर आयुक्त ने सड़क और फुटपाथ की स्थिति का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, गड्ढों को भरने और फुटपाथों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अतिक्रमण की स्थिति पर भी ध्यान दिया गया और मार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। यातायात व्यवस्था, पार्किंग और आमजन की सुविधा को लेकर भी नगर निगम अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यातायात प्रबंधन की ठोस योजना बनाई जा रही है, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## उत्तर प्रदेश बनेगा भारत का पहला व्यापक क्वार्टरनरी हेल्थकेयर इकोसिस्टम



विशेष संवाददाता (vol)

### ● एसजीपीजीआई की 103वीं शासी निकाय बैठक संपन्न बैठक में क्वार्टरनरी हेल्थकेयर प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एस.जी.पी.जी.आई.) की 103वीं शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक का प्रमुख निर्णय क्वार्टरनरी हेल्थकेयर प्रोजेक्ट्स डेवलपमेंट के मुख्य चरणों को मंजूरी प्रदान करना रहा, जो एक अभूतपूर्व एवं परिवर्तनकारी पहल है। यह उत्तर प्रदेश को भारत के पहले व्यापक क्वार्टरनरी हेल्थकेयर इकोसिस्टम की दिशा में अग्रसर करेगा। यह क्वार्टरनरी हेल्थकेयर सेंटर जटिल, दुर्लभ एवं जानलेवा बीमारियों के लिए ट्रांसलेशनल रिसर्च, डिजिटल इनोवेशन तथा मरीज-केंद्रित देखभाल के साथ एकीकृत अति-विशेषीकृत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। यह केंद्र अति-विशेषीकृत चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में मल्टी-स्पेशियलिटी इलाज की कमी को प्रभावी ढंग से पूरा करेगा।

शासी निकाय ने संस्थान में विशिष्ट अग्निशमन सेवाएं प्रदान करने हेतु 'फायर सेफ्टी संवर्ग' के गठन को भी सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की, साथ ही नर्सिंग संकाय सदस्यों के लिए क्लिनिकल रिसर्च अलाउंस के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की। ये निर्णय उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होंगे। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करने की अनुमति प्रदान की है। यह राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन तथा लखनऊ को भारत की प्रथम एआई सिटी के रूप में विकसित करने के उत्तर प्रदेश विजन के अनुरूप है। यह एआई-सहायता प्राप्त एवं एआई-सक्षम स्वास्थ्य सेवा सुधारों की दिशा में एक प्रमुख कदम साबित होगा। विशेषज्ञों की कमी (प्रति 1000 लोगों पर 0.3 से भी कम) को दूर करने के लिए संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज - उत्तर प्रदेश मेडिकल कॉलेज नेटवर्क एक अत्याधुनिक डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म के साथ 247 टेली-हेल्थकेयर, मल्टी-स्पेशियलिटी डिजिटल परामर्श, निर्णय समर्थन तथा तीव्र आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करेगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री अमित कुमार घोष, संस्थान के डीन प्रो. शालीन कुमार, रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेयी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## मेट्रो प्रशासन ने यात्री को लौटाया पर्स

**लखनऊ।** मेट्रो का खोया-पाया सेल यात्रियों के लिए लगातार मददगार साबित हो रहा है। सेल ने एक बार फिर सुरक्षित यात्री सेवा का उदाहरण पेश किया है। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन परसुरक्षाकर्मियों को नीले रंग एक का पर्स मिला। जिसमें 15,255 रुपये , दो क्रेडिट कार्ड, एक डेबिट कार्ड, आधार कार्ड और पैन कार्ड था। जिसे यात्री को लौटाया गया। पर्स लौटाने से पहले मेट्रो की ओर से यह पहचान भी सुनिश्चित की गई कि जिस व्यक्ति का पर्स गिरा है उसी को सौंपा जा रहा है। इसको लेकर मेट्रो के स्टेशन कंट्रोलर ने सतर्कता भी बरती। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी सुशील कुमार ने कहा मेट्रो के खोया पाया सेल की ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा ने यात्रियों का भरोसा जीता है। लखनऊ मेट्रो अन्य किसी भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित, आरामदायक एवं सुविधाजनक है।

## आपत्तिजनक पोस्ट पर अंकुश के लिए बने सख्त कानूनः यूपी विधानसभा अध्यक्ष ने की मांग

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश सरकार इस पर अंकुश लगाने के लिए कोई सख्त कानून लेकर आए, जिसमें सख्त सजा का प्रावधान हो। इससे ऐसी हरकतें करने वालों को संदेश भी जाएगा। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, अभद्र फोटो और वीडियो अपलोड होने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है। इससे हम सभी प्रभावित भी होते हैं। सदन में सपा सदस्य डॉ. ह्दय नारायण सिंह पटेल ने इसमें लिप्त लोगों को चिह्नित कर सरकार की ओर से दंडात्मक कार्रवाई करने की नीति बनाने के बाबत सवाल पूछा था, जिसके जवाब में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करती है। एक करोड़ रुपये जुमार्ना और सात साल की सजा का प्रावधान भी है।

## भारत दुग्ध डेयरी, इसरार डिस्पोजल स्टोर, ग्लोब कैफे पर जुर्माना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। राजाबाजार वार्ड स्थित फूल मंडी चौक क्षेत्र में 15 दुकानों का निरीक्षण किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर 4 चालान काटते हुए 6,500 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। वहीं अतिक्रमण और गंदगी फैलाने के मामलों में 3 चालान कर 4,900 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। इसके अलावा दसौली चौराहा, कुर्सी रोड, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी एवं गुडंबा क्षेत्र के आसपास प्रतिबंधित पॉलिथीन और गंदगी के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान सुनील किराना स्टोर, सुनील जनरल स्टोर, भारत दुग्ध डेयरी, इसरार डिस्पोजल स्टोर, ग्लोब कैफे, बाबा प्रोविजन स्टोर और आनंद वेज कार्नर समेत कई प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर 16.5 किलोग्राम पॉलिथीन जब्त की गई। इस पर 72,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं गंदगी फैलाने पर 3,000 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। कुल मिलाकर 75,000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। वहीं जोन-8 में रजनीखंड, रतनखंड और लुलु मॉल क्षेत्र के आसपास संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान 86 दुकानों और ठेलियों का निरीक्षण किया गया। अभियान में 13 चालान काटते हुए 25,300 रुपये का जुर्माना वसूला गया, जिसमें प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर 24,000 रुपये और गंदगी फैलाने पर 1,300 रुपये शामिल हैं। साथ ही 4 किलोग्राम पॉलीथीन जब्त की गई।

### सड़कें और फुटपाथ से हटाया गया अतिक्रमण

**लखनऊ।** नगर निगम ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। चंदर नगर भूमिगत पार्किंग के आसपास से आलमबाग मेट्रो होते हुए अवध चौराहे तक दोनों पटरियों पर किए गए अस्थायी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं गंदगी और पॉलीथीन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 9,300 रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया। गुडम्बा चौराहे से टेढ़ी पुलिया तक और विकास नगर मोड़ से खुर्रमनगर चौराहे तक नाली, नाले और सड़कों की दोनों पटरियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए गए। वहीं जोन-8 क्षेत्र में भी अवैध अतिक्रमण, होल्डिंग, बैनर और पोस्टर के खिलाफ वृहद अभियान चलाया गया।

## लखनऊ-कानपुर, एनसीआर में प्रदूषण की रोकथाम का बनेगा एक्शन प्लान

**लखनऊ।** लखनऊ, कानपुर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए सरकारी स्तर पर उठाए गए कदमों की समीक्षा गत दिवस पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने की। सभी संबंधित विभागों को चेताया गया है कि वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए समयबद्ध और प्रभावी एक्शन प्लान तैयार करें। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय में हुई राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिए गए कि सड़कों की धूल, वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्य और कचरा जलाने जैसे सभी कारणों पर स्पष्ट और समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर जमीन पर उतारी जाए।

मंत्री ने कहा कि इन प्रयासों का असर सीधे हवा की गुणवत्ता में दिखना चाहिए। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण पर काबू पाने के लिए 256 टीमें लगातार निरीक्षण और प्रवर्तन में जुटी हैं। सड़कों से उड़ने वाली धूल को रोकने के लिए यांत्रिक सड़क सफाई मशीनें, पानी छिड़काव वाहन और धुंध रोधी उपकरण नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही 3460 किलोमीटर सड़क मार्ग को सुधार और पुनर्विकास के लिए चिह्नित किया गया है, जिससे धूल जनित प्रदूषण पर लगाम लगे। वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर रोक के लिए सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि निजी वाहनों की निर्भरता घटे। औद्योगिक इकाइयों के उत्सर्जन की होगी लगातार निगरानी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डा. आरपी सिंह ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों के लिए उत्सर्जन की निरंतर निगरानी व्यवस्था अनिवार्य की गई है, ताकि मानकों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई हो सके। बैठक में लखनऊ, कानपुर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के वायु गुणवत्ता आंकड़ों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य, उद्योग, कृषि अवशेष, नगरीय कचरा और बायोमास जलाने पर सख्ती के निर्देश दिए गए। उल्लंघन की स्थिति में कठोर प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव संजीव कुमार सिंह के साथ कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## किसी भी तरह के माफिया को बख्शा नहीं जायेगा

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री व विधान परिषद मे नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने अपराधों के बारे में विधान परिषद में कहा कि 2019 में प्रदेश में साइबर क्राइम मुख्यालय का गठन हुआ। 2017 से 2025 तक 87175 अभियोग पंजीकृत हुए। इसके सापेक्ष 74824 का निस्तारण किया गया। 56000 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये रू 378 करोड़ 38 लाख की धनराशि बरामद करने का कार्य हुआ।

साइबर क्राइम को रोकने के लिए साइबर हेल्पलाइन नं. 1930 बनायी गई। साइबर मुख्यालय में कंट्रोल रूम काल सेन्टर में सीटो की संख्या 20 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है। हेल्पलाइन की मदद से रू 630 करोड़ की धनराशि फ्रीज करने का कार्य किया गया है। सरकार अपराधियों के मामले में कोई समझौता नहीं करती है। सरकार की नजर में अपराधी सिर्फ अपराधी है। कोडीन युक्त कफ सिरप के मामले में सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में 84 अभियोग पंजीकृत हुए हैं, 236 लोग नामजद किए गए हैं, इसमें 90 गिरफ्तार हो चुके हैं। 1277095 बोतलें बरामद हुई है। कहा कि अपराधों के मामले में 2017 की तुलना में बहुत कमी आयी है। 2017 की तुलना मे डकैती में 90% की कमी आई है। लूट में 84% की कमी आई है। हत्या के मामले में 46% की कमी आई है। बलवा के मामले में 69 परसेंट की कमी आई है। फिरौती में 58% की कमी आई है। दहेज हत्या में 18 परसेंट की कमी आई है। बलात्कार में 53% की कमी आई है। सरकार महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के प्रति संवेदनशील का सरकार है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। डबल इंजन सरकार ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों की कमर तोड़ कर रख दिया है। नशे का कारोबार करने वाले माफिया बच नहीं सकते हैं।

## वन्देमातरम भारत की शाश्वत चेतना है : नेता सदन

विशेष संवाददाता (vol)

### ● केवल गीत नहीं, भारत माता के प्रति आस्था और संकल्प का उद्घोष है वंदेमातरम

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री व विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने विधान परिषद में वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर चर्चा में कहा कि 1875 में अक्षय नवमी के दिन बंकिम चंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम गीत की रचना की थी। 2025 में भारत के ऐतिहासिक एवं गौरवशाली राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे हुए हैं। वन्देमातरम भारत की शास्वत चेतना है। वंदे मातरम केवल गीत नहीं, भारत माता के प्रति आस्था और संकल्प का उद्घोष है।

वंदे मातरम स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक आध्यात्मिक शक्ति, मातृभूमिके प्रति समर्पण, व विदेशी शक्तियों के खिलाफ प्रेरणा का एक चित्रण बन गया था और गहरी देशभक्ति को जन्म दिया था। सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। हर घर तिरंगा फहराकर दिखा दिया गया कि एक भारत है -श्रेष्ठ भारत है । यह वंदे मातरम के साथ चलने वाला भारत है। भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती है। कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का भी जन्म शताब्दी वर्ष है, इन सभी महापुरूषो मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। किसानों के मसीहा, भारत रत्न, चौधरी चरण सिंह की भी आज संयोग से जन्म जयंती है। उन्होंने कहा वन्देमातरम के 150 वर्षगांठ के अवसर पर हमारे सामने विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश का बनाने का लक्ष्य और इस दिशा में हम तेजी से काम करेंगे, यही वंदे मातरम है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नारी शक्ति बंदन अधिनियम 2023 बनाया गया। आने वाले समय में लोकसभा व विधानसभा में 33प्रतिशत महिलाएं जाएंगी। हम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में और समाज की सेवा करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में चार करोड़ गरीब लोगों को, जिनके पास रहने को घर नही था, झुग्गी झोपड़ियो मे जीवन यापन कर रहे थे, उन्हें पक्का आवास दिया गया, यही वंदे मातरम है। हर घर को नल से जल पहुंचाया जा रहा है शौचालय दिये गये, यही सच्चे मायने में वंदे मातरम है। आजादी की सही सुगंध तभी मिलेगी जब सभी को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिले। वन्देमातरम भारत की शास्वत चेतना है। अयोध्या में रामलला का मंदिर बन गया, यह राम मंदिर ही नहीं राष्ट्र मंदिर है और राष्ट्र मंदिर का निर्माण होना भी वंदे मातरम है। वंदे मातरम राष्ट्रगीत है, उसे गाना गर्व की बात है। वंदे मातरम के टुकड़े नहीं होते, तो देश के टुकड़े नहीं होते।



## साप्ताहिक मंगल बाजार आशियाना स्थानांतरित, व्यवस्थाएं अधूरी

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के बाराबिरवा मे विगत दस वर्षों से लग रही साप्ताहिक मंगल बाजार को जिला प्रशासन ने आशियाना के बंगला बाजार पीडब्ल्यूडी संपर्क मार्ग पर स्थानांतरित कर दिया, लेकिन हजारों की संख्या में नये स्थानांतरित स्थल पहुंचे लेकिन फुटपाथ दुकानों के सामने उत्पन्न हो रही समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण इस मंगलवार को नई जगह आशियाना मे साप्ताहिक बाजार नहीं लग पाई। वही साप्ताहिक बाजार दुकानदार कल्याण समिति के अध्यक्ष मो नदीम सिद्दकी ने बताया प्रथम सूची में कुल 1566 साप्ताहिक दुकानदारों की सूची तैयार कर उन्हें दुकानें लगाने के लिए स्थल आवंटित किया जा रहा है, और विद्युत आपूर्ति, पेयजल और शौचालय का प्रबंध नहीं होने के कारण प्रशासन द्वारा अगली मंगल से दुकानदारों के लिए विद्युत आपूर्ति और शौचालय प्रबंध का आश्वासन मिला है। जिसके बाद अगले मंगल से ही संपूर्ण रूप से स्थांतरित स्थल पर साप्ताहिक बाजार लग पाएगी। दूसरी सूची में करीब साढ़े तीन सौ फुटपाथ दुकानदार हैं जिन्हें अगले मंगल से व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर साप्ताहिक मंगल बाजार लगेगी। इस दौरान साप्ताहिक बाजार दुकानदार कल्याण समिति के पदाधिकारियों व दुकानदारों ने प्रसाशन की सरहाना करते हुए जिन्दाबाद के नारे लगाए।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# प्रॉपर्टी के विवाद में बड़े भाई की पीट-पीटकर हत्या



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार के खरगापुर में प्रॉपर्टी के विवाद के चलते छोटे भाई ने पत्नी के साथ मिलकर पीट पीट कर बड़े भाई की हत्या कर दी। वह सोमवार शाम सब्जी लेने जा रहे थे। इस बीच दंपति ने हमला कर दिया। घायल को परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खरगापुर निवासी रामदेव (52) मजदूरी करता था। सोमवार शाम 8.30 वह सब्जी लेने गए थे। पंचायत भवन के पास छोटे भाई मोनू और उसकी पत्नी सीमा ने उस पर हमला कर दिया। वह सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद बांस से उन पर ताबड़तोड़ वार किए और सीने पर चढ़ कर पैर से कई वार किए। अधेड़ पर हमला देखकर तमाशबीन की तरह लोग खड़े, लेकिन कोई बचाने नहीं आया। रामदेव को मृत समझकर दोनों हत्यारोपी भाग गए। मौके पर मौजूद एक युवक ने मृतक के बेटे जितेश को सूचना दी। इस पर परिवार वालों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित परिवार ने मामले में पुलिस को तहरीर दे दी है। इस संबध में इंस्पेक्टर गोमती नगर विस्तार सुधीर अवस्थी का कहना है कि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामा की मौत पर बेटा गया था ननिहाल मृतक रामदेव के साले आंवेश की सोमवार को मौत हो गई। परिजन वहां गए थे। मृतक के बेटे जितेश ने बताया कि यह जानकारी चाचा मोनू को थी। इसका फायदा उठाकर उन्होंने पिता पर हमला करके हत्या कर दी। जितेश ने बताया कि चाचा ने खून के रिश्ते का भी लिहाज नहीं रखा। उन्होंने पापा के मुंह पर लकड़ी के पटरे से मारा और उसके बाद सीने पर लात से इतना मारा कि उनकी जान चली गई। हमारे पहुंचने से पहले ही लोहिया संस्थान के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रॉपर्टी को लेकर था विवाद जितेश ने बताया कि उसके चाचा का संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। वह पहले ही बंटवारे में मिली जमीन को बेचकर रुपये उड़ा डाले है। उनकी नजर अब हमारे मकान पर है। वह अक्सर मकान में बंटवारे को लेकर झगड़ा करते रहे हैं। शराब पीकर वह आए दिन विवाद करते थे। तीन दिनों से इलाके में सबसे कहा रहे थे कि रामदेव को मार डालेंगे और मौका पाकर हत्या कर दी।

## बिजली लाइनमैन और पार्षद में मारपीट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। चौक में लाजपत नगर स्थित नगर निगम के प्राइमरी स्कूल के बाहर फुटपाथ पर बिजली का खंभा लगाने और ट्रांसफार्मर रखे जाने को लेकर बिजली विभाग की तरफ से की जा रही खुदाई से विवाद हो गया।

बच्चों की सुरक्षा के लिए बिना फेंसिंग के खंभा और ट्रांसफार्मर लगाने का स्थानीय पार्षद ने विरोध किया। संबंधित लाइनमैन को काम रोकने को कहा। इस बात को लेकर पहले दोनों में बहस हुई। बाद में मारपीट हो गई। घंटाघर उपकेंद्र के एई ने लाइनमैन की पिटाई करने का आरोप लगाते हुए पार्षद के खिलाफ तहरीर दी है। जेई अशोक कुमार ने चौक थाना प्रभारी को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अखिलेश पाल, मुजीब, विशाल, विनोद, विक्की और अन्य स्टाफ को लाइनमैन विनय कुमार गुप्ता के साथ मंगलवार की सुबह 10.30 बजे नगर निगम प्राइमरी स्कूल के पास कार्य करवाने के लिए भेजा।

जब वहां हमारी टीम काम कर रही थी तब चौक वार्ड के पार्षद अनुराग मिश्रा आए। लाइनमैन के साथ मारपीट करने लगे। अपने अन्य साथियों की मदद से उसे प्राइमरी स्कूल के अंदर जबरन घसीट कर ले गए। वहां गईती और फावड़ा से उसे मारने का प्रयास किया। कपड़े भी फाड़ दिए। विभाग के स्टाफ ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो पार्षद ने सभी को गाली देते हुए स्कूल का गेट बंद कर फिर मारपीट की। थाना प्रभारी ने कहा कि तहरीर दिए जाने की जानकारी नहीं है। इसे दिखवाता हूं।

लाजपत नगर प्राथमिक विद्यालय के बाहर हाल ही में फुटपाथ को खोद कर बिना किसी सुरक्षा उपकरण बिजली का खंभा और ट्रांसफार्मर खुले में लगाया जा रहा था। विद्यालय में 800 बच्चे पढ़ते हैं, उनकी सुरक्षा के लिए फेंसिंग के बाद ही खंभा लगाने को कहा। मौके पर एक्सईएन भी पहुंचे थे।

चौक नगर निगम स्कूल के पास आरएमयू में कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद का संविदा कर्मियों के साथ विवाद हो गया। सूचना मिलते ही मैं मौके पर गया। पार्षद की जो भी शिकायत है, उसे दूर किया जाएगा।

**रमन वासुमित्रा, अधिशासी अभियंता**

## घर के नौकर पर नगदी व कीमती आभूषण चोरी करने का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग ने घर से हुए चोरी मामले में शिकायत बावजूद पुलिस द्वारा मुकदमा न दर्ज करने पर कोर्ट से मदद का गुहार लगा याचिका दर्ज कराई थी कोर्ट के आदेश पर सोमवार को आशियाना पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रुचि खंड द्वितीय में रहने वाले बुजुर्ग प्रेम प्रकाश उपाध्याय पुत्र ब्रजनाथ उपाध्याय के अनुसार वह कानपुर मंडल आयुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी पद से सेवानिवृत्त है। वही पीड़ित का कहना था जब वह जनपद रायबरेली में वित्त एवं राजस्व विभाग में कार्यरत थे तब उनके एक मातहत के कहने पर उनके एक रिश्तेदार डीह जनपद रायबरेली निवासी कुलदीप यादव पुत्र राम खेलावन यादव को आशियाना अपने घर पर घरेलू कार्य के लिए रखा था। वर्ष 2021 में कोरोना बीमारी से उनकी पत्नी का देहांत हो गया था जिसके पश्चात वह नौकरी में रहकर लखनऊ आशियाना स्थित अपने निवास आते जाते रहे और कुलदीप ही घर की देखरेख करता था। आरोप है कि इस बीच जून 2023 में कुलदीप ने उनके घर में रखा चार लाख रुपया नगद एवं उनकी मृतक पत्नी के गहने चोरी कर फरार हो गया और अपना मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ कर दिया। जिसके पश्चात उन्होंने उक्त घटना की शिकायत स्थानीय थाना समेत पुलिस अधिकारियों से की लेकिन उनकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। जिससे उदासीन हो उन्होंने कोर्ट का सहारा ले मदद की गुहार लगाई। आशियाना पुलिस के अनुसार पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर कोर्ट आदेश पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## ज्वैलरी शॉप से एक करोड़ की चोरी मामले में 72 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मलिहाबाद कस्बे के मिजार्गंज इलाके में बीते शनिवार देर रात फजल ज्वैलर्स में हुई लगभग एक करोड़ रुपये की बड़ी चोरी के मामले में घटना के 72 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस की कई टीमें लगातार जांच में जुटी हुई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लग सकी है।

पुलिस के अनुसार, अब तक लगभग 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा चुकी है। सीसीटीवी के आधार पर तीन संदिग्धों को चोरी का सामान लेकर मलिहाबाद से लगभग 400 मीटर पैदल चलते हुए जैनब बाग के रास्ते हरदोई रोड की ओर जाते देखा गया है। हरदोई रोड पहुंचकर तीनों संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार होते दिखाई दे रहे हैं।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि घटना में कहीं जेल से हाल ही में रिहा हुए अपराधियों की संलिप्तता तो नहीं है। इसी क्रम में बाराबंकी, सीतापुर, उन्नाव और रायबरेली सहित कई जनपदों में छापेमारी की जा रही है।

इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस टीम की मदद से जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद है।

वहीं, घटना को लेकर स्थानीय व्यापारियों में भारी नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि रिहायशी और व्यावसायिक इलाके में इतनी बड़ी चोरी के बाद भी बदमाशों का आराम से फरार हो जाना और 72 घंटे बीत जाने पर भी पुलिस का खाली हाथ रहना, कारोबारी सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि हरदोई रोड की ओर भागते समय एक सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज में एक मोटरसाइकिल तेजी से आगे निकलती दिखाई देती है, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल मुड़कर वापस लौटती नजर आती है, जिससे मामले को लेकर और भी शंकाएं गहराती जा रही हैं। साथ ही इस चोरी में तीनों संदिग्धो में एक महिला के होने की भी अटकलें लगाई जा रही है

जिस इलाके में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया, वहां आसपास कई अन्य ज्वैलरी शॉप भी स्थित हैं, जिससे व्यापारियों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

## परिचित ने ब्लैकमेल कर रचायी शादी फिर पांच लाख की मांग को लेकर किया प्रताड़ित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने पति सहित ससुरलीजनों पर पांच लाख रुपए की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के साथ पति पर संगीन आरोप लगा पुलिस से मदद न मिलने पर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है, वही कृष्णा नगर पुलिस ने मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर सोमवार रात्रि मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एलडीए कालोनी सेक्टर जी निवासिनी विवाहिता प्राची वर्मा पुत्री स्व अरुण कमार वर्मा के अनुसार उसके परिचित और वर्तमान पति तेजबेर गौड़ पुत्र कृष्ण गौड़ निवासी हरिजोम नगर अलीनगर सुनेहरा कृष्णा नगर ने हाईकोर्ट में नौकरी लगाने के नाम पर उसका और उन्नाव जनपद में रहने वाली उसकी सहेली का आधार कार्ड और फोटोग्राफ्स ले लिए और हाई कोर्ट लखनऊ में बुलाकर हस्ताक्षर और फोटो खिंचवाए और दो दो हजार रुपये भी लिए जिसके बाद इंटव्यू में बुलाए जाने की बात कह वापस लौटा दिया। जिसके उपरांत उसने उसके साथ शादी का एक प्रमाण पत्र भेज उसे वायरल करने की बात कह ब्लैकमेल करने लगा। जिसके चलते बीते 26 अप्रैल वर्ष 2024 को उसकी मां ने अपनी इज्जत बनाए रखने के लिए रीति रिवाज से दान दहेज के साथ उसका विवाह कर दिया। आरोप है कि उसके विवाह के उपरांत ससुरालीजन उसे कम दहेज का ताना दे उसे प्रताड़ित कर मारा पीटा और भूखा रखाने लगे और 3 अगस्त 25 को पति तेजबेर गौड़ और उसके परिवार ने उसे जान से मारने की कोशिश की, लेकिन पीड़िता के मोबाइल पर भाई का फोन आ जाने से उसकी जान बच गई। जिसके बाद उसके भाई ने पुलिस को कन्ट्रोल नंबर पर सूचना दी और पुलिस आई। लेकिन पति तेजबेर के बहनोई अशोक कुमार गौड़, जो कि पुलिस विभाग में दरोगा है अपने प्रभाव से मामले को रफा दफा करा दिया। आरोप है कि ससुराल वाले 5 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं और धमकी दे रहे हैं और शिकायत पर दरोगा अशोक कुमार गौड़ उसे और परिवार को झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दे रहे है। वही पीड़िता का कहना था स्थानीय पुलिस से कोई मदद न मिलने पर उसने मुख्यमंत्री से शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है। पुलिस के अनुसार सीएम कार्यालय के निर्देश पर पीड़िता के पति सहित सास ससुर व ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत मारपीट धमकी अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पिता घनश्याम दास पुत्र स्व. देवी प्रसाद की मृत्यु दिनांक 20.04.1999 को हो गयी थी। स्व. घनश्याम दास की माता का नाम स्व. कमला श्रीवास्वत व पत्नी का नाम स्व. सरस्वती श्रीवास्तव है। भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। पंकज श्रीवास्तव पुत्र स्व. घनश्याम दास निवास-कृष्णा नगर पश्चिमी बहुआ, नगर पंचायत बहुआ, थाना-ललौली, तहसील व जिला फतेहपुर उ.प्र.)

### सूचना

सूचित हो कि मेरी माता सुशीला देवी पत्नी स्व. धर्मेन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 12.12.2025 को हो गयी थी। स्व. सुशीला देवी की माता का नाम ललिता देवी व पिता का नाम स्व. रामेश्वर सिंह व पति का नाम धर्मेन्द्र सिंह है। भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। भुवनेन्द्र सिंह पुत्र स्व. धर्मेन्द्र सिंह निवास-राज नगर बहुआ, नगर पंचायत बहुआ, फतेहपुर उ.प्र.)

## 7 आईएएस व 22 पीसीएस अधिकारियों का तबादला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को सात आईएएस और 22 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। सुल्तानपुर के सीडीओ अंकुर कौशिक को सीईओ, उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (यूपीआरआरडीए) बनाया गया है। देवरिया के सीडीओ प्रत्यूष पांडेय को विशेष सचिव समन्वय विभाग और अपर परियोजना समन्वयक यूपी डास्प की जिम्मेदारी दी गई है। राजेश कुमार सिंह सचिव गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को देवरिया का सीडीओ, विनय कुमार सिंह एडीएम (प्रशासन) बिजनौर को सीडीओ सुल्तानपुर, श्याम बहादुर सिंह उपाध्यक्ष मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण को विशेष सचिव सिंचाई, लक्ष्मी एन. सीडीओ कानपुर देहात को उपाध्यक्ष मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण और विधान जायसवाल परीक्षा नियंत्रक उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सीडीओ कानपुर देहात बनाया गया है।वहीं, पीसीएस अधिकारी नम्रता सिंह अपर आयुक्त नगर निगम लखनऊ से अपर जिलाधिकारी (भू/अ) लखनऊ बनाया गया है।

## महिला को कान्ट्रैक्ट पर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

● **महिला को रुपये वापस न करके, मैसेज पर मिल रहीं धमकियाँ**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रदेश में ठगों का संचार इतना ज्यादा फैल रहा है कि यह नौकरी दिलाने या अन्य लालच में फंसाकर जहां लाखों रुपये धोखाधड़ी करके ठग लेते हैं। वहीं पर जानकारी होने के बाद पीड़ित जब अपने रुपये वापस माँगता है तो उसे मिलती हैं गन्दी गन्दी गालियां तथा जान से मारने की धमकी आदि। थाना बन्थरा क्षेत्र की बनी निवासिनी पीड़िता ने पुलिस डीसीपी साऊथ को दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार ऊषा भारती ने फोन पर काल करके एक बड़ी न्यूज कंपनी में कार्य करने के लिए बात की। जिसे पीड़ता ने मना कर दिया। इसके बाद पुनः फोन को कांफ्रेंस में लेकर सत्यम दिक्षित से बात कराकर शंका का समाधान कराकर, उसने कहा कि जब 108 में जीवीके ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस में कार्यरत हो तो वहाँ से ही एक्सिस बैंक के खाते को सेविंग एकाउन्ट में स्थानान्तरित कर के एक लाख रुपये जमा करना होगा। पीड़िता द्वारा एक लाख रुपये जमा करने के बाद कहा कि 2 लाख रुपये पूरा करने पर ही यूएएन से पीएफ नम्बर जारी हो पायेगा फिर बरगलाते हुए बताया कि दूसरा एटीएम कार्ड आयेगा। फिर आधार व पैन कार्ड लेकर कहा कि वहाँ नौकरी कर ने से पहले पीसीसी करना होगा। पुनः उषा भारती के माध्यम से जब सत्यम दीक्षित से कॉफ्रेंस में बात कराने के बाद से गन्दी गन्दी गालियाँ देकर जान से मारने की धमकियाँ देने के साथ ही अपने पॉवर और रुतबे से डराता धमकाता है। सत्यम दीक्षित कभी अपने व कभी दूसरों के नाम से फोन करके धमकी देते रहने से तंग आकर, पीड़िता ने थाना बन्थरा में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया।

## पुलिस ने भेजा जेल

लखनऊ। चिनहट इलाके में कुछ युवकों द्वारा मोटरसाइकिल पर चलते हुए लहसुन बम फोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। रविवार देर रात सामने आए इस वीडियो को स्थानीय पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। जाँच के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हासिम पुत्र इस्लामुद्दीन, निवासी चिनहट, निकट छोरिया माता मंदिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### न्यायालय सूचना

**एच.सी.जे. फार्म नं.-33 भाग-7**
**हेतु संदर्भित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त मजि.**
**स्थान प्रथम जिला बाराबंकी**
**वाद संख्या 10870 सन् 2025 ई**
**ता.पेशी 24.12.2025**

**हनुमान पाल आदि ......वादी**
**बनाम**
**श्यामलाल आदि ... प्रतिवादी**

रिंकू वर्मा पुत्र लल्ला राम नि. ग्राम मडवा मजरे, अजगना पर. देवा तहसील नवाबगंज, जनपद-बाराबंकी।

चूंकि उपरिनामांकित ...... को इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ...................
अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 ई. के दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यकरूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

**न्यायाधीश**

**एआई का दुरुपयोग कर फोटो से छेड़छाड़ का आरोप:** गाजीपुर थाना क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का दुरुपयोग कर उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के प्रशासनिक अधिकारी से ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। इस संबंध में रोशन बहादुर सिंह निवासी रेखा विहार इंदिरानगर ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि पीड़ित की वास्तविक तस्वीरों और सामग्री से छेड़छाड़ की गई।

## पीएम मोदी के आने से ट्रैफिक व्यवस्था में होगा बड़ा बदलाव




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करने राजधानी आ रहे हैं। कार्यक्रम के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन जारी किया है। 24 दिसंबर की रात 12 बजे से बृहस्पतिवार को कार्यक्रम की समाप्ति तक यातायात बदला रहेगा। इमरजेंसी की स्थिति में प्रतिबंधित मार्ग पर एंबुलेंस, फायर सर्विस, स्कूली वाहन, शव वाहन को रास्ता दिया जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

**आंतरिक डायवर्जन:** मलिहाबाद चौराहे से बाजनगर किसान पथ, छंदोईया की ओर भारी या अन्य वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें जीरो पॉइंट मोहान रोड होकर जाना होगा। मुंजासा तिराहे से बाजनगर किसान पथ, छंदोईया की ओर वाहन नहीं जाएंगे। ये वाहन जीरो पॉइंट मोहान रोड होकर जा सकेंगे। बाजनगर किसान पथ अंडरपास से छंदोईया बाईपास तिराहे की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे।

ये वाहन बाजनगर किसान पथ अंडरपास से किसान पथ होकर जाएंगे। कसमंडी (हमसफर लॉन) अंडरपास से अंधे की चौकी तिराहे की ओर वाहन नहीं जाएंगे। इन्हें किसानपथ होकर जाना होगा। छंदोईया बाईपास तिराहे से कार्यक्रम स्थल, भिठौली तिराहे की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। ये वाहन अंधे की चौकी तिराहे, बाजनगर किसान पथ अंडरपास से किसान पथ या दुबग्गा तिराहे होकर जाएंगे। तिकोनिया तिराहे से दुबग्गा तिराहे, छंदोईया बाईपास तिराहे की तरफ भारी वाहन नहीं जाएंगे।

ये वाहन नहर तिराहे मोहान रोड, खुशहालगंज बाजार होते हुए खुशहालगंज किसान पथ अंडरपास से किसानपथ होकर जाएंगे। भिठौली तिराहे से कार्यक्रम स्थल, छंदोईया बाईपास तिराहे की तरफ वाहन नहीं जाएंगे। इन्हें सैरपुर तिराहे, अस्ति क्रॉसिंग, बख्शी का तालाब होकर इंदौराबाग अंडरपास से किसान पथ या इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे से होकर जाना होगा। नया पक्कापुल तिराहे, कुड़ियाघाट तिराहे से कार्यक्रम स्थल, घैला तिराहे की ओर वाहन नहीं जाएंगे। इन्हें रूमी गेट, कोनेश्वर चौराहे, बालागंज चौराहे, दुबग्गा तिराहे से होकर जाना होगा। दुबग्गा तिराहे से वाहन छंदोईया या सीतापुर बाईपास की तरफ नहीं जाएंगे। इन्हें तिकोनिया तिराहे से होकर जाना होगा। नहरपुल तिराहे से वाहन बुद्धेश्वर की तरफ नहीं जाएंगे। इन्हें जीरो पॉइंट या किसान पथ के ऊपर से होकर जाना होगा।

### कुछ ऐसा रहेगा बाहर से आने वाले वाहनों का डायवर्जन

लखनऊ। कानपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन अंबेडकरनगर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ समेत अन्य जिलों की ओर जाने के लिए कानपुर, फतेहपुर, लालगंज, बछरांवा, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होकर जाएंगे। उन्नाव की तरफ से आने वाले भारी वाहन उन्नाव के दही चौकी से पुरवा, मौरावां, बछरावां, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होकर जा सकेंगे। इसके अलावा उन्नाव (ललऊखेड़ा) से बीघापुर लालगंज, गुरुबक्शगंज, बछरावां से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होकर भी जा सकेंगे। सीतापुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन चाहलारी होते हुए बहराईच से गोंडा व बलरामपुर होकर जा सकेंगे। हरदोई की तरफ से आने वाले भारी वाहन बघौली, बांगरमऊ, उन्नाव (ललऊखेड़ा), बीघापुर लालगंज, गुरुबक्शगंज, बछरांवा से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होकर जा सकेंगे। सुल्तानुपर रोड / हैदरगढ़ (जनपद बाराबंकी) की तरफ से आने वाले भारी वाहन हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होकर जाएंगे। रायबरेली रोड की तरफ से आने वाले भारी वाहन बछरावां से हैदरगढ़ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जाएंगे। बाराबंकी रोड की तरफ से आने वाले भारी वाहन हैदरगढ, बछरावां, लालगंज, फतेहपुर, चौडगरा होकर जा सकेंगे। इसके अलावा बाराबंकी रोड से बहराईच के चहलारी घाट से सीतापुर होकर भी जा सकते हैं।

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत- सेवतरी, विकास खंड-जयसिंहपुर, जनपद- सुलतानपुर स्थित ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या-20 व 312 में स्थित कुल 102 यूकेलिप्टस वृक्षों की खुली नीलामी दिनांक- 26.12.2025 को दोपहर 12:00 बजे तहसील परिसर जयसिंहपुर में तहसीलदार की अध्यक्षता में की जाएगी। नीलामी पश्चात पातन अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

**उपजिलाधिकारी**
**जयसिंहपुर- सुलतानपुर।**

### आवश्यकता

**आवश्यकता है**

स्नातक (बी.ए.) के प्राचीन इतिहास, भूगोल, गृहविज्ञान तथा परास्नातक (एम.ए.) के हिन्दी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र हेतु यू.जी. सी./ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित योग्यताधारी प्रवक्ताओं की। यू.जी. हेतु एक-एक प्रवक्ता और पी.जी. हेतु दो-दो प्रवक्ता प्रतिविषय।

इच्छुक अभ्यर्थी अर्हता सम्बन्धी अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो सहित अपना आवेदन पत्र विज्ञापन के 15 कार्यदिवस के अन्दर उपलब्ध करायें। साक्षात्कार में बुलाये जाने हेतु किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

**प्रबन्धक**
**आदर्श पी.जी. कालेज ऑफ एजूकेशन,**
**सलारपुर देवाशरीफ, बाराबंकी-225310**

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**
वरिष्ठ मण्डल विद्युत इन्जीनियर (टीआरएस), लोको शेड, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना सं0: M/DSL/IZN/TC/OT/110 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए, सिंगल पैकेट सिस्टम के आधार पर खुली ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है :- **कार्य का नामः**- रिपेयर/ओवरहालिंग ऑफ बोगी फ्रेम्स ऑफ WAP4/ WAP1 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स ऑफ लोको शेड, इज्जतनगर। **कार्य की अनुमानित कुल लागत (रू० में):**- 63,88,680/-(सभी कर सहित), **अर्नेस्ट मनी / बिड सिक्योरिटी (रू० में):**- 1,27,800/-, **कुल मात्राः**- 30 अदद, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः**- रूपये 0.00 (शून्य), **कार्य की अवधिः**- 24 माह। **ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः**- दिनांक 15.01.2026 को समय 15:00 बजे। • निविदाकार ई-निविदा को दिनांक 15.01.2026 को समय 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेगें। • पूर्ण विवरण एवं ई-निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
**वरिष्ठ मण्डल विद्युत इन्जीनियर (टीआरएस)**
**मुजाधि/विद्युत-221 इज्जतनगर**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# क्रिसमस की तैयारियां पूरी, आज मध्य रात्रि होगा प्रभु यीशु का जन्म





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सत्य, प्रेम, करुणा व दया के पालनहार प्रभु यीशु के अवतरण को लेकर गिरजाघर तैयार हैं। 24 दिसंबर की मध्यरात्रि को प्रभु यीशु के अवतरण की प्रार्थना होगी। इसके लिए गिरजाघरों में तैयारियां पूरी हो गई हैं। लखनऊ में मुख्य आयोजन हजरतगंज के कैथेड्रल में होगा। फादर डा. डोनाल्ड डिसूजा ने बताया कि धर्माध्यक्ष जेराल्ड जॉन मथायस के सानिध्य में पवित्र मिस्सा के साथ 24 को रात 10:30 बजे से अवतरण का पूजन शुरू हो जाएगा। मध्यरात्रि 12 बजे अवतरण होगा।

प्रार्थना के बाद प्रभु यीशु के प्रतीक को गिरजाघर के बाहर चरनी में रखा जाएगा। अवतरण की प्रार्थना में भारी संख्या में लोग शामिल होंगे। 25 दिसंबर को सुबह आठ बजे से प्रार्थना होगी। अंग्रेजी हिंदी में होने वाली प्रार्थना कई चरणों में होगी।

**यहां भी होगा प्रभु यीशु का जन्मोत्सव:** लालबाग के एपीफेनी चर्च में भी 24 की रात को प्रभु यीशु का अवतरण होगा। फादर ईएफ बख्श ने बताया कि रात्रि 11 बजे से आयोजन होंगे। परिसर में रहने वाले 26 परिवारों के साथ प्रार्थना में एक बार में 100 विश्वासियों को इंट्री दी जाएगी। 25 को सुबह कई चरणों में प्रार्थना होगी। लालबाग के सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च, छावनी स्थित चर्च और एसेंबली ऑफ गॉड में भी अवतरण की प्रार्थना होगी। एसेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च के प्रवक्ता डा. मारिस कुमार ने बताया कि सभी चर्च में प्रार्थना के साथ ही घरों में यूट्यूब के माध्मय से अवतण का प्रसारण किया जाएगा।

**स्पेशल थीम केक का क्रेज:** इस बार क्रिसमस को लेकर एक से बढ़कर एक गिफ्ट आए हैं। इस बार गिफ्ट पैक में पेस्ट्री, प्लम केक, चॉकलेट का सेट है। वहीं बड़ी संख्या में लोग ड्राईफ्रूट, पेस्ट्री-पैक, डोनट समेत होममेड चॉकलेट आदि गिफ्ट करने के लिए खरीद रहे हैं। प्लम केक और इंपोर्टेड नट्स केक की मांग ज्यादा है। बेकरी वालों के अनुसार इन केक की मांग इस बार 80 फीसद तक बढ़ी है। रॉयल आइसिंग, रेड वेलवेट केक, अंजीर और खजूर से बने केक भी लोगों की पसंद बने हुए हैं। तीन से चार लेयर पर बने क्रिसमस स्पेशल केक अपने लुक के कारण सबको आकर्षित कर रहे हैं। इस केक की कीमत 10 हजार रुपए तक है।

**प्रभु यीशु के जन्म पर कल होगा जश्न:** क्रिसमस की तैयारी हर तरफ है। घर-बाजार के साथ स्कूलों में भी सजावट हो चुकी है, लेकिन इनमें सबसे ज्यादा अहम हैं। चर्च, जहां लोग एक साथ यीशु के जन्म का जश्न मनाएंगे। लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब में चर्चों की खास पहचान है। कोई अपनी बेजोड़ खूबसूरती के लिए जाना जाता है तो कई अपनी समाज सेवा के लिए।

**कैथेड्रल में 24 की रात होगा भव्य आयोजन:** लखनऊ काथलिक धर्मप्रांत के चांसलर एवं प्रवक्ता ने बताया कि क्रिसमस काल की शुरूआत एडवेंट काल के साथ हो गई थी। एडवेंट लैटिन के एडवेंटस से आया है, जिसका अर्थ है आगमन। शहर के मुख्य चर्च सेंट जोसेफ कैथेड्रल हजरतगंज में 24 दिसंबर की रात करीब 10:30 बजे क्रिसमस कैरल गायन के साथ पवित्र मिस्सा होगा। इसकी अगुवाई लखनऊ के बिशप जेराल्ड जॉन मथियस और अन्य पुरोहित करेंगे। इस वर्ष मुख्य रूप से पल्ली सदस्य 25 दिसंबर को मध्यरात्रि पवित्र मिस्सा और दिन के दौरान आयोजित पूजा सेवाओं में भाग लेंगे। वहीं कैथेड्रल कंपाउंड को क्रिसमस लाइट्स, क्रिसमस क्रिब और क्रिसमस स्टार्स से सजाया जाएगा, जो क्रिसमस के खुशनुमा माहौल को दर्शाएगा। क्रिसमस की तैयारी हर तरफ है। घर-बाजार के साथ स्कूलों में भी सजावट हो चुकी है, लेकिन इनमें सबसे ज्यादा अहम हैं। चर्च, जहां लोग एक साथ यीशु के जन्म का जश्न मनाएंगे। लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब में चर्चों की खास पहचान है। कोई अपनी बेजोड़ खूबसूरती के लिए जाना जाता है तो कई अपनी समाज सेवा के लिए।

**यहां भी होगा प्रभु यीशु का जन्मोत्सव:** लालबाग के एपीफेनी चर्च में भी 24 की रात को प्रभु यीशु का अवतरण होगा। फादर ईएफ बख्श ने बताया कि रात्रि 11 बजे से आयोजन होंगे। परिसर में रहने वाले 26 परिवारों के साथ प्रार्थना में एक बार में 100 विश्वासियों को इंट्री दी जाएगी। 25 को सुबह कई चरणों में प्रार्थना होगी। आलमबाग के होली रिडीमर चर्च में मेला नहीं लगेगा, लेकिन 24 की रात्रि में अवतरण के साथ प्रार्थना होगी। प्रार्थना सभा में 100 से अधिक लोगों का प्रवेश नहीं होगा। लालबाग के सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च, छावनी स्थित चर्च और एसेंबली ऑफ गॉड में भी अवतरण की प्रार्थना होगी। एसेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च के ने बताया कि सभी चर्च में प्रार्थना के साथ ही घरों में यूट्यूब के माध्मय से अवतण का प्रसारण किया जाएगा।

**बच्चों की पहली पसंद सेंटा:** क्रिसमस के मौके पर बाजार में सबसे अधिक सेंटा ड्रेस की मांग है। एक साल से लेकर 10 साल तक के बच्चों के सेंटा ड्रेस की खूब बिक्री होती है। इस बार लोग नन्हे.मुन्नों को सैंटा की ड्रेस पहनाकर सेलिब्रेशन करने की तैयारी कर रहे हैं। बाजार में बच्चों के ड्रेस की कीमत दो सौ रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक है। इसके अलावा छोटे छोटे साइज के सेंटा भी खूब बिक रहे हैं।

**क्रिसमस ट्री का खूब है चलन:** घर में क्रिसमस ट्री सजाने का खूब प्रचलन है। बाजार में छोटे से लेकर बड़े क्रिसमस ट्री की भरमार है। साथ ही इनको सजाने के लिए स्टारए थरमाकोल बॉल के साथ सजावट के अन्य सामान मौजूद हैं। क्रिसमस ट्री की कीमत दो सौ रुपये से लेकर हजार रुपये तक हैं।

**घर को सजाने वाले समानों की खूब हो रही बिक्री:** क्रिसमस पर इस बार टेराकोटा उत्पादों की बिक्री अधिक हो रही है। इंदिरानगर स्थित भूतनाथ बाजार में ए टू जेड दुकान के मालिक रोहित ने बताया कि ग्राहक दरबान, कछुआ, जिराफ, चौमुखी कैंडल स्टैंड जैसे उत्पाद शौक से ले जा रहे हैं। टेराकोटा की मांग को देखते हुए दुकान पर वन्यजीवों की नई मूर्तियां मंगाई गई हैं। घर को सजाने और उपहार देन के लिए बुहत से लोग कृत्रिम फूल की झालरें, मूर्तियां और वॉल डेकोर आदि खरीद रहे हैं।

**स्पेशल थीम केक का क्रेज:** इस बार क्रिसमस को लेकर एक से बढ़कर एक गिफ्ट आए हैं। इस बार गिफ्ट पैक में पेस्ट्री, प्लम केकए चॉकलेट का सेट है। वहीं बड़ी संख्या में लोग ड्राईफ्रूट, पेस्ट्री-पैक, डोनट समेत होममेड चॉकलेट आदि गिफ्ट करने के लिए खरीद रहे हैं। प्लम केक और इंपोर्टेड नट्स केक की मांग ज्यादा है। बेकरी वालों के अनुसार इन केक की मांग इस बार 80 फीसद तक बढ़ी है। रॉयल आइसिंग, रेड वेलवेट केक, अंजीर और खजूर से बने केक भी लोगों की पसंद बने हुए हैं। तीन से चार लेयर पर बने क्रिसमस स्पेशल केक अपने लुक के कारण सबको आकर्षित कर रहे हैं। इस केक की कीमत 10 हजार रुपए तक है।

## लखनऊ में जगह-जगह होगा क्रिसमस का सेलिब्रेशन




**लखनऊ।** सेंट कैथेड्रल शहर का सबसे बड़ा और सबसे पुराना चर्च है, जिसे हर क्रिसमस पर जगमगाती रोशनी से सजाया जाता है। आधी रात को लोग ईसा मसीह के जन्म का गवाह बनने के लिए यहां इकट्ठा होते हैं जिसके बाद एक बड़ा उत्सव होता है। यहां आप अद्भुत शक्ति का अनुभव करेंगे। इसके साथ ही यहां पर मधुर गायन और सजावट का भी आनंद ले सकते हैं। ईसा मसीह के जीवन पर आधारित सजी झांकी को देख सकते हैं। क्रिसमस के मौके पर शहर में कई जगह तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

**अर्बन केटल:** लखनऊ के अर्बन केटल में क्रिसमस डे पर बहुत शानदार संगीत संध्या का आयोजन किया जाता है। यहां आप क्रिसमस डे पर रात 8 अजे लाइव प्रदर्शन का आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर आप अच्छे भोजन और अद्भुत संगीत का आनंद ले सकते हैं।

**मुनिक बिस्ट्रो:** मुनिक बिस्ट्रो एंड बार में एक अद्भुत क्रिसमस कार्यक्रम, सांता सोइरी का आयोजन किया जाता है। इंडीज बैंड के साथ खाने-पीने के साथ आप संगीतमय शाम का आनंद लें सकते हैं। तो तैयार हो जाइ, मधुर गीतों के साथ एक मजेदार शाम बिताने के लिए।

**बॉम्बे ब्रासरी में क्रिसमस डिनर और लाइव संगीत:** बॉम्बे ब्रैसरी लखनऊ के गोमती नगर में है। युवाओं के लिए एक पसंदीदा हैंगआउट, बॉम्बे ब्रैसरी अक्सर बड़े शानदार कार्यक्रम आयोजित करता है। इस क्रिसमस आप विभूति खंड, गोमती नगर में बॉम्बे ब्रासरी पहुंचिए, यहां आपको क्रिसमस पर बेस्ट पार्टी में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

**मोती महल लॉन में क्रिसमस पार्टी:** यदि आप अपने क्रिसमस समारोह में किसी जबरदस्त पार्टी में शामिल होना चाहते हैं तो रोमांचकारी बॉलीवुड डीजे नाइट के लिए मोती महल लॉन में जाने का प्लान बना लिजिये।

## रंग-बिरंगी रोशनी से नहाये शहर के गिरिजाघर





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** क्रिसमस-डे का पर्व हार्षोल्लास से मनाया जाएगा। पर्व के सेलिब्रेसन से पहले रविवार को राजधानी के सारे चर्च रोशनी से जगमगा उठे। रंग-बिरंगे इलेक्ट्रॉनिक झालरों से चर्च देखते ही बन रहे हैं।

बुधवार की रात जैसे ही 12 बजेंगे, चर्च के घंटे जोर-जोर से बजने लगेंगे। जो संदेश देंगे कि प्रभू ईशू का जन्म हो चुका है। धरती पर लोगों के कष्ट और दुख को दूर करने के लिए परमपिता परमेश्वर की संतान के रूप में जीजस ने मदर मेरी के यहां जन्म लिया है। इसके पहले रात 11 बजे से शहर के सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया जायेगा। इसमें बड़ी संख्या में क्रिश्चियन समुदाय के लोग उपस्थित रहेंगे। बच्चे कैरल गीत गाकर लोगों को बधाई संदेश देंगे, सभी के जीवन में सुख और शांति की कामना की जायेगी।

**प्रार्थना का होगा आयोजन:** हजरतगंज स्थित कैथेड्रल स्कूल के पास वाले चर्च में बिशप ऑफ लखनऊ जेराड जॉन मैथ्यूज के मार्गदर्शन में रात 11 बजे गीत कार्यक्रम का आयोजन होगा। जहां लोगों ने साइलेंट नाइट, होली नाइट, स्वर्ग में परमेश्वर की महिमा ही समेत कई प्राथना गीत गाएंगे। बताया गया कि येशु के जन्म दिवस पर क्रिश्चियन समाज का उद्धार हुआ था। हम इस यादगार दिन को मनाते हैं। यह समाज प्रेम की भाषा सिखाता है। हमें इससे अच्छी शिक्षा और शांति का संदेश मिला है। जिसे हम लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

**चर्च में की गयी बेहतरीन रोशनी और सजावट:** शहर के सभी चर्चों पर रोशनी की गई थी। इस अवसर पर चर्च में विशेष झांकी और पंडाल डालकर लोगों को सुविधा देने का काम किया गया है। कैथेड्रल चर्च में सजी जीजस क्राइस्ट के जन्म की खूबसूरत झांकी को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध होने पर मजबूर हो जायेगा। बच्चे जहां खुश होकर केक और चाकलेट खानें में मस्त रहेंगे। वहीं, बड़े भी लोगों को बधाई देते नजर आयेंगे।




# कलाकारों की कृतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया

- लखनऊ-प्रयागराज क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी 2025-26 के दूसरे दिन उमड़े दर्शक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) के तत्वावधान में ललित कला विभाग, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा कला निकेतन सोसायटी, लखनऊ के सहयोग से आयोजित लखनऊ-प्रयागराज क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी 2025-26 के दूसरे दिन कला वीथिका में कला प्रेमियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं कलाकारों की उल्लेखनीय उपस्थिति देखने को मिली।

दूसरे दिन विभिन्न जनपदों से आए कलाकारों के साथ बड़ी संख्या में दर्शकों ने प्रदर्शित चित्रों, मूर्तियों एवं अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया। विविध विषयों, रंगों एवं तकनीकों में सृजित कलाकृतियों ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। कई दर्शक कलाकारों से सीधे संवाद करते हुए उनकी कृतियों की संकल्पना, विषयवस्तु एवं तकनीकी पक्षों की जानकारी लेते नजर आए। प्रदर्शनी में सामाजिक सरोकारों, सांस्कृतिक विरासत, समकालीन जीवन, प्रकृति एवं मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त करती कलाकृतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। दर्शकों ने कलाकारों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं शिल्प कौशल की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को कला के प्रचार-प्रसार के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ कलाकारों एवं शिक्षकों ने युवा कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की क्षेत्रीय प्रदर्शनियाँ उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ कला संवाद को भी सशक्त बनाती हैं। निरंतर दर्शक उपस्थिति से कला वीथिका जीवंत एवं रचनात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण दिखाई दी। यह प्रदर्शनी 24 दिसंबर को सायं 5:00 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी कला-संवर्धन की दिशा में एक सार्थक एवं प्रभावी पहल सिद्ध हो रही है।

# अरे माखन की चोरी छोड़ सांवरे मैं समझाऊं तोय...

- भगवान को बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि भक्तों का निर्मल, छल-कपट रहित हृदय चाहिए : महंत पंडित विनोदानंद शास्त्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। एकादश श्रीमद् भागवत कथा, कमता महोत्सव एवं 21 कुंडीय ज्ञान यज्ञ एवं भण्डारे का आयोजन 25 दिसम्बर तक कमता स्थित शंकरपुरी कालोनी में किया जा रहा है। इसमें महंत पंडित विनोदानंद शास्त्री जी महाराज ने मंगलवार 23 दिसम्बर को संदेश दिया कि भगवान को बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि भक्तों का निर्मल, छल-कपट रहित हृदय चाहिए।

आचार्य देवकीनंदन मिश्रा के संयोजन में हो रहे इस वार्षिक 11वें महा अनुष्ठान में आगंतुक सौभाग्यशाली भक्तों ने सरस भजनों का भी आनंद लिया। ह्लअरे माखन की चोरी छोड़, साँवरे मैं समझाऊँ तोय जैसे कई रसीले भजनों पर बच्चों से लेकर वरिष्ठ जन तक झूम उठे।

इस कथा का आयोजन दोपहर 3 से रात आठ बजे तक किया जा रहा है। मंगलवार को कथा का आरंभ मंत्रोच्चार से हुआ। उसके उपरांत आवाहन, षोडशोपचार पूजन, आरती और भजन कीर्तन किया गया। केन्द्रीय आकर्षण श्रीमद् भागवत कथा में महंत पंडित विनोदानंद शास्त्री महाराज ने माखन चोरी और कालिया मर्दन लीला का विस्तार से वर्णन किया। उनके अनुसार माखन चोरी का प्रसंग यह गहरा संदेश देता है कि भगवान को बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि भक्तों का निर्मल, छल-कपट रहित हृदय चाहिए, जो मक्खन के समान शुद्ध और कोमल हो। यह लीला भक्ति और प्रेम में समर्पण सिखाती है, जिसमें भक्त अपना सब कुछ भगवान को समर्पित कर देता है, और कृष्ण भक्त के मन को चुराकर उसे आनंदित करते हैं, जो अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ने और आसक्ति से मुक्ति पाने का प्रतीक है। दूसरी ओर कालिया नाग प्रसंग यह गहरा संदेश देता है कि जीवन की बुराइयों जैसे अहंकार, लोभ, दुष्ट विचार पर भगवान के स्मरण, साहस और करुणा से विजय पाई जा सकती है। यह कथा बताती है कि ईश्वर की शरण से हर जीव का उद्धार संभव है और सच्ची शक्ति विनाश में नहीं, बल्कि दया दिखाने में है, जिससे नकारात्मकता खत्म होती है और जीवन में संतुलन लौटता है।

## श्रीमद्भागवत कथा जीवन में उतारने के लिए है : आचार्य विष्णु शरण



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाता रामदास सदर मे चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य विष्णु शरण भारद्वाज जी महाराज ने कुंती स्तुति का वर्णन करते हुए कहा कि विपत्ति में भगवान को याद करना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने बताया कि कुंती ने भगवान श्रीकृष्ण से 'विपत्ति' का वरदान इसलिए मांगा था क्योंकि दुख में ही ईश्वर का निरंतर स्मरण होता है। सुख में मनुष्य अक्सर भगवान को भूल जाता है। प्रवचन के उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। शुकदेव जी का आगमन हमें सिखाता है कि वैराग्य और भक्ति के बिना मोक्ष संभव नहीं है। कार्यक्रम के संयोजक ?राजेंद्र प्रसाद पांडे 'गुरु जी' के सानिध्य व कथा के मुख्य यजमान प्रीति सिन्हा की अगुवाई में कथा के विभिन्न प्रसंगों को सुनाया। कथा के मुख्य यजमान प्रीति सिन्हा ने बताया कि कथा 29 दिसम्बर तक सायंकाल 4 बजे से होगी।

# कल से तीन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मंगल ग्रह वर्तमान में धनु राशि में विराजमान हैं और यहां रहते हुए वह नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 25 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजकर 24 मिनट पर मंगल मूल नक्षत्र से निकलकर पूर्वाषाढ़ नक्षत्र में एंट्री करेंगे। मंगल साहस, ऊर्जा, पराक्रम, और शक्ति के प्रतीक है। उनकी कुंडली में स्थिति और नक्षत्र गोचर जातकों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है। यही नहीं जातक निडर बनता है और वह अपने शत्रुओं पर विजय हासिल करता है। ऐसे में मंगल का यह नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ फलदायी हो सकता है। इससे जातकों को धन लाभ, करियर में सफलता और उनके द्वारा किए गए संघर्षों का मनचाहा परिणाम प्राप्त हो सकता है। आइए इन लकी राशियों को जान लेते हैं।

**वृषभ राशि:** मंगल का नक्षत्र परिवर्तन आपके अटके कार्यों को गति प्रदान करेंगा। जमीन-जायदाद से जुड़ा मामला हल होगा। यह समय आपके लिए व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों क्षेत्रों में सफलता का संकेत देगा, जिससे आप नए संपर्क बनाने से लेकर अपने व्यापार को नई दिशा देने में कामयाब रहेंगे। हालांकि, मेहनत का फल मिलेगा और उससे आपको कारोबार में अच्छा खासा लाभ देखने को मिलेगा। इस दौरान व्यापार में उन्नति के योग बनेंगे। नौकरी करने वालों को मनचाहा रोजी-रोजगार मिल सकता है। आपके जीवन में कई तरह के सकारात्मक परिवर्तन आपको देखने को मिलेंगे। इस समय विरोधियों की चाल को आप अपनी बुद्धि और विवेक से दूर करने में कामयाब होंगे।

**सिंह राशि :** सिंह राशि वालों के लिए समय खास रहने वाला है। घर या वाहन खरीदने की इच्छा पूरी होती हुई नजर आएगी। कामकाज और पेशेवर क्षेत्र में आपका पद बढ़ेगा और समाज में भी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रेम संबंध में आत्मीयता और निकटता बढ़ेगी। हालांकि, सिंह राशि के जो लोग नौकरी या किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए समय अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। मंगल के शुभ प्रभाव से निवेश में बड़ा धन लाभ होगा और आप जिस भी क्षेत्र में प्रयास करेंगे उसमें सफलता पाने के लिए आपको अधिक परिश्रम और प्रयास करना पड़ेगा। लव पार्टनर के साथ अच्छी ट्यूनिंग बनी रहेगी।

**मकर राशि:** मकर राशि वालों को स्वास्थ्य में राहत मिलेगी। जो समस्या आपको परेशान कर रही थी, तो वह दूर होगी। कोर्ट के मामले हल होंगे और इस कारण आप मानसिक रूप से उत्साहित रहेंगे। कर्ज अगर परेशान कर रहा था, तो आप उसे उतारने में सफल बनेंगे। परिवार में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। कोई मनचाहा कॉलेज आपको मिलेगा। संगीत, नृत्य या मार्केटिंग क्षेत्र में काम करने वालों के धन के नए स्त्रोत खुलेंगे। कार्यक्षेत्र में सीनियर और जूनियर की तरफ से भरपूर सहयोग मिलेगा। शादीशुदा लोगों के जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। मेहनत और लगन से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

## पंचक आज से, शुभ कार्य होंगे वर्जित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पंचक को ज्योतिष शास्त्र में विशेष महत्व दिया गया है। जब चंद्रमा कुंभ राशि में प्रवेश करते है तब से पंचक की शुरूआत होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चंद्र देव के कुंभ राशि में प्रवेश करते ही धनिष्ठा नक्षत्र के तृतीय चरण का आरंभ हो जाता है। इसके बाद चंद्रमा शतभिषा नक्षत्र, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र और अंत में रेवती नक्षत्र से होकर आगे बढ़ते हैं।

इन पांच नक्षत्रों से गुजरने में चंद्रमा को लगभग पांच दिनों का समय लगता है। चंद्रमा की इस पांच दिवसीय अवधि को ही पंचक कहा जाता है। पंचक को अशुभ समय माना जाता है और इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश जैसे कई शुभ कार्य वर्जित होते हैं। पंचांग के अनुसार, 24 दिसंबर 2025, बुधवार को शाम 7 बजकर 47 मिनट से पंचक की शुरूआत हो रही है। पंचक अगले पांच दिनों के बाद यानी 29 दिसंबर 2025, सोमवार की सुबह 7 बजकर 41 मिनट पर समाप्त होगा। चूंकि यह समय वर्ष के अंत में पड़ रहा है, इसलिए इसका प्रभाव कई महत्वपूर्ण कार्यों पर पड़ सकता है।

**पंचक के दौरान क्या ना करें:** ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, पंचक के समय कार्य करने से अशुभ फल मिलता है।

इस दौरान लकड़ी से जुड़े कार्य, चारपाई बनवाना, छत का निर्माण, दक्षिण दिशा की यात्रा और अंतिम संस्कार से संबंधित कुछ क्रियाएं पंचक में वर्जित मानी जाती हैं। मान्यता है कि पंचक में चारपाई बनवाने से रोग और मृत्यु का भय बढ़ता है, जबकि लकड़ी इकट्ठा करने से आर्थिक नुकसान हो सकता है।

**पंचक के दौरान क्या करें:** पंचक में सभी शुभ कार्यों पर रोक नहीं होती है। इस दौरान पूजा-पाठ, मंत्र जप, व्रत, दान-पुण्य और आत्मिक साधना को विशेष फलदायी माना गया है। जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और धन का दान करने से पंचक के अशुभ प्रभाव कम हो जाते हैं।

# कॉनकोर्स निर्माण के कारण ऐशबाग जंक्शन से चलायी जायेंगी तीन ट्रेनें




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ जंक्शन पर कॉनकोर्स निर्माण के लिए प्लेटफार्म संख्या-4 एवं 5 पर पूर्व में लिए गए ब्लॉक अवधि को 05 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। जिसके चलते तीन ट्रेनों को ऐशबाग जंक्शन से चलाया जाएगा। कुछ ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन किया गया है। टर्मिनल में परिवर्तन - आगरा फोर्ट से 05 जनवरी तक चलने वाली 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं. इण्टरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग 12.25 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी। लखनऊ जं. से 05 जनवरी तक चलने वाली 12179 लखनऊ जं.-आगरा फोर्ट इण्टरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग से 15.55 बजे चलाई जाएगी।

बांद्रा टर्मिनस से 27 दिसंबर एवं 03 जनवरी को चलने वाली 20921 बांद्रा टर्मिनस-लखनऊ एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग स्टेशन पर 14.2स0 बजे यात्रा समाप्त करेगी। लखनऊ जं से 28 दिसंबर एवं 04 फरवरी को चलने वाली 20922 लखनऊ जं-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस लखनऊ जं के स्थान पर ऐशबाग से 17.50 बजे चलाई जाएगी। - पुणे से 23 एवं 30 दिसंबर को चलने वाली 12103 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन पर 14.20 बजे यात्रा समाप्त करेगी।

- बांद्रा-लखनऊ, आगरा फोर्ट-लखनऊ व पुणे-लखनऊ जंक्शन ऐशबाग से चलेंगी

लखनऊ जं. से 24 एवं 31 दिसंबर को चलने वाली 12104 लखनऊ जं.-पुणे एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर गोमतीनगर से 15.45 बजे प्रस्थान करेगी। 12103/12104पुणे-लखनऊ-पुणे एक्सप्रेस का 02 मिनट का अस्थाई ठहराव बादशाहनगर एवं ऐशबाग स्टेशनों पर दिया जाएगा। - पुणे से 23 एवं 30 दिसंबर को चलने वाली 11407 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग स्टेशन पर 00.50 बजे यात्रा समाप्त करेगी। लखनऊ जं. से 25 दिसंबर एवं 01 जनवरी को चलने वाली 11408 लखनऊ जं.-पुणे एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग से 06.30 बजे प्रस्थान करेगी।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन - गोरखपुर से 05 जनवरी तक (मंगलवार को छोड़कर) चलने वाली 15031/15032 गोरखपुर-लखनऊ जं-गोरखपुर एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग में/से शार्ट टर्मिनेट एवं शार्ट ओरिजिनेट होगी। यह लखनऊ जं से ऐशबाग के बीच निरस्त रहेगी। - छपरा से 04 जनवरी तक चलने वाली 15053 छपरा-लखनऊ जं एक्सप्रेस लखनऊ जं के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन पर 07.40 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोमतीनगर से लखनऊ जं के बीच निरस्त रहेगी। - लखनऊ जं से 05 जनवरी तक चलने वाली 15054 लखनऊ जं-छपरा एक्सप्रेस लखनऊ जं के स्थान पर गोमतीनगर से 21.48 बजे चलाई जायेगी।

## तेजस की तेजी पर कोहरे का ब्रेक

**लखनऊ।** दिल्ली से लखनऊ के बीच चलने वाली कारपोरेट सेक्टर की देश की पहली ट्रेन तेजस एक्सप्रेस की चाल पर कोहरे ने ब्रेक लगा दिया है। पिछले कई दिनों से कोहरे के कारण यह घंटों की देरी से लखनऊ पहुंच रही है। रात 10 बजे लखनऊ पहुंचने वाली यह ट्रेन सुबह आठ बजे आई, जिसके कारण इसे यहां से साढ़े नौ घंटे की देरी से रवाना किया जा सका। शनिवार को भी यह सुबह पांच बजे पहुंची थी। इसके अलावा शताब्दी, लखनऊ मेल, एसी स्पेशल जैसी वीआईपी ट्रेनों सहित दर्जनों ट्रेनें घंटों की देरी से लखनऊ पहुंची। नई दिल्ली से लखनऊ जंक्शन के बीच चलने वाली तेजस एक्सप्रेस के यात्रियों ने सारी रात बैठकर इस ट्रेन में सफर किया। दिल्ली से दोपहर 3.30 बजे रवाना होने वाली यह ट्रेन रात 9.35 बजे रवाना हुई। दिल्ली-लखनऊ के बीच की 504 किमी दूरी तय करने में तेजस एक्सप्रेस को 6.20 घंटे मिनट लगते हैं, लेकिन इसे 10.30 घंटे लग गए। कोहरे के कारण इसकी रफ्तार काफी धीमी रही। यहां से सुबह 6.10 बजे के बजाय इसे 9.32 मिनट की देरी से अपराह्न 3.42 बजे रवाना किया जा सका। दिल्ली पहुंचते-पहुंचते यह ट्रेन 10 घंटा से भी अधिक लेट हुई। उधर, नई दिल्ली से लखनऊ आने वाली 12230 लखनऊ मेल 2.37 घंटा और 12430- एसी स्पेशल 2.05 घंटा की देरी से आई। गोमती एक्सप्रेस सुबह 5:45 बजे सही समय पर रवाना हुई। लेकिन, का)नपुर पहुंचने तक यह ट्रेन 31 मिनट, इटावा तक 3:35 घंटे और नई दिल्ली पहुंचने तक छह घंटे लेट हो गई। 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ऐशबाग से छह घंटे की देरी से छूटी, नई दिल्ली पहुंचने तक यह 11:36 घंटे लेट हो गई। नई दिल्ली की ओर से आने वाली गोरखधाम एक्सप्रेस सुबह 4:50 बजे की जगह दोपहर 1:04 बजे आई। ट्रेन 02563 बरौनी नई दिल्ली स्पेशल 13 घंटे, चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस 6.07 घंटा, जम्मू-बनारस बेगमपुरा 2.14 घंटा की देरी से आइं। कोटा-पटना एक्सप्रेस 3:30 घंटे, वैशाली एक्सप्रेस तीन घंटे, कैफियात एक्सप्रेस दो घंटे, चंडीगढ़ -लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस दो घंटे, पदमावत एक्सप्रेस 3:49 घंटे, दून एक्सप्रेस 2:30 घंटे पहुंची।

## चार एसी बसें रद रहीं, कई लेट

कोहरे के कारण रोडवेज ने चार एसी बसों का संचालन रद कर दिया। उधर, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश की तरफ से आने वाली सभी बसें दो से ढाई घंटा की देरी से आई। पूर्वांचल की बसें यहां से देरी से रवाना हुईं। रोडवेज के अनुसार यात्रियों की कमी के कारण दिल्ली से गोरखपुर, अलीगढ़ से गोरखपुर, कौशाम्बी से गोरखपुर और कानपुर से देवरिया के बीच चलने वाली एसी बसों को नहीं चलाया गया। दिल्ली-आगरा यानी कि आगरा एक्सप्रेस-वे होते हुए लखनऊ आने वाली 40 से अधिक बसें दो से ढाई घंटा की देरी से लखनऊ पहुंची। यहां से पूर्वांचल में गोरखपुर, आजमगढ़, बस्ती, देवरिया जाने वाली बसें कोहरे के कारण एक से दो घंटा की देरी से रवाना की जा सकीं।

# फेन्सिडिल कफ सिरप मामले में दो अभियुक्तों को अंतरिम जमानत

विधि संवाददाता



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने फेन्सिडिल कफ सिरप मामले में अभियुक्त दो सगे भाइयों विभोर राणा व विशाल सिंह को अंतरिम जमानत प्रदान कर दी है। मामले की अगली सुनवाई के लिए न्यायालय ने 5 जनवरी 2026 की तिथि नियत की है। इससे पूर्व राज्य सरकार ने जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए, आपत्ति दाखिल करने के लिए समय की मांग की थी।

यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने विभोर राणा और विशाल सिंह की ओर से पृथक-पृथक दाखिल जमानत याचिकाओं पर पारित किया है। अंतरिम जमानत प्रदान करते हुए, न्यायालय ने इस तथ्य पर विचार किया कि जिस ट्रक से दवाइयों की बरामदगी हुई थी, उसके मालिक व अभियुक्त शैलेन्द्र आर्य को पहले ही 26 जून 2024 को जमानत मिल चुकी है। इसके अतिरिक्त सह-अभियुक्त पवन गुप्ता और देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा को भी इस मामले में जमानत दी जा चुकी है।

न्यायालय ने यह भी संज्ञान में लिया कि इसी प्रकार के एक अन्य मामले में एनडीपीएस अधिनियम के तहत कोई अपराध न बन पाने के आधार पर इन अभियुक्तों को आरोप मुक्त भी कर दिया गया था। न्यायालय ने पाया कि वर्तमान अभियुक्तों के नाम सह-अभियुक्त बिट्टू कुमार और सचिन कुमार के बयानों के आधार पर प्रकाश में आए, जबकि इन अभियुक्तों के पास से कोई भी बरामदगी नहीं हुई। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को 13 नवंबर 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## केजीएमयू में बढ़ रहे धर्मांतरण पर एबीवीपी आक्रोशित कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं ने किंग जॉर्ज मेडिकल विश्विद्यालय (केजीएमयू) में विगत दिनों पैथालॉजी विभाग के डॉ. रमीजुद्दीन नायक द्वारा किए गए छात्रा के शोषण व धर्मांतरण के खिलाफ कुलपति को छह सूत्री मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा।

एबीवीपी लखनऊ महानगर मंत्री सरिता पाण्डेय ने कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के समक्ष छात्रा पर हुए शोषण के खिलाफ छह सूत्री मांग को रखते हुए कहा कि एबीवीपी अपने स्थापना काल से ही शिक्षा में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए हमेशा प्रयासरत रही है। उन्होंने मांग पत्र में विश्वविद्यालय में लव जिहाद जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही है, इसके साथ ही जबरन धर्मांतरण का विषय भी सामने आ रहा है, इन विषयों का जांच कर संलिप्त व्यक्तियों को विवि से निलंबित किया जाए। जिहाद कर रहे अपराधी डॉक्टर को विश्वविद्यालय से पूर्ण रूप से निष्कासित किया जाए।

# चौधरी चरण सिंह की नीतियों को लागू करेगी सपा

विशेष संवाददाता (vol)

- 23वीं जयंती पर विधान भवन स्थित प्रतिमा पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पाण्डेय सहित सभी विधायकों ने माल्यार्पण कर नमन किया



**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के अवसर पर विधान भवन स्थित चौधरी साहब की प्रतिमा पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री शिवपाल सिंह यादव, नेता विरोधी दल विधानसभा श्री माता प्रसाद पाण्डेय सहित सभी विधायकों ने माल्यार्पण कर नमन किया। चौधरी चरण सिंह के विचारों और उनके सिद्धांतों पर चलने तथा किसानों के हित में उनकी बनाई गई नीतियों को लागू करने का भी संकल्प लिया गया।

सपा के राज्य मुख्यालय, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में सादगी से मनाई गई। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके राजनीतिक एवं सामाजिक विचारों पर चर्चा की गई। सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने अखिलेश यादव की ओर से सपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

सपा के प्रदेश मुख्यालय में चौधरी चरण सिंह को नमन करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी राजपाल कश्यप, पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा, पूर्व एमएलसी रामबृक्ष सिंह यादव, डॉ. फिदाहुसेन अंसारी, सीएल वर्मा, श्याम गुप्ता, अनिल कुमार, शैलेन्द्र यादव, एसके राय, महताब सिंह, अमित ठाकुर, डॉ. दिवाकर यादव, प्रेम कुमार यादव, मिथलेश कुमार, सूरज कुमार, अभिषेक यादव, कल्लू यादव, सुनील पाल, राजेश यादव, संजय दुबे, राजू पाल, अशोक पाल, अनुज, दिलीप पासवान, प्रमोद यादव, रंजना यादव, मोहित पाल, डीपी यादव, ऋषभ यादव आदि के नाम उल्लेखनीय है।

## भू-जल संसाधनों पर प्रो. राम आशीष यादव ने व्याख्यान दिया

**लखनऊ।** 11वें फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के अवसर पर प्रसिद्ध भू-जल विशेषज्ञ एवं शिक्षाविद् प्रोफेसर राम आशीष यादव ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने भू-जल संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन, आकलन एवं सतत उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला।



उल्लेखनीय है कि प्रो. राम आशीष यादव ने जियोफिजिसिस्ट, सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड, भुवनेश्वर, पूर्व प्रमुख, ग्राउंड वाटर विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम तथा वर्तमान में सलाहकार, एक्वा एक्सप्लोर (ग्राउंड वाटर असेसमेंट एंड एलाइड सर्विसेज) के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। उनके दीर्घ अनुभव एवं शोधपरक दृष्टिकोण से प्रतिभागियों को व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्राप्त हुआ। अपने व्याख्यान में उन्होंने भू-जल दोहन की वर्तमान चुनौतियों, भू-जल स्तर में हो रही गिरावट, वैज्ञानिक सर्वेक्षण विधियों तथा भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक नीतिगत एवं तकनीकी उपायों पर सारगर्भित विचार साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों ने उनके व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा प्रो. यादव का आभार व्यक्त किया गया।

## एकेटीयू में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन 24000 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। पहली पाली में जहां 310 परीक्षार्थी बैठे तो दूसरी पाली में 23700 ने परीक्षा दी। परीक्षा की शुचिता के लिए सीसीटीवी से निगरानी के साथ ही विश्वविद्यालय स्थित बने कंट्रोल रूम से भी नजर रखी गयी। सभी परीक्षा केंद्रों पर दो आब्जर्वर की भी नियुक्ति की गयी है। परीक्षाएं 31 जनवरी तक चलेंगी। परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश में 135 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने सचिव को पत्र लिखकर उठायी कार्यवाही की मांग

**लखनऊ।** मिनिस्टीरियल एसोसिएशन कार्यालय प्रमुख अभियंता/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग ने विभाग के सचिव को पत्र लिखकर आशीष दीक्षित के द्वारा कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर फर्जी तरीके से लोक निर्माण विभाग में पंजीकरण कराकर करोड़ों का भुगतान प्राप्त करने आदि शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

एसोसिएशन ने सचिव को लिखे पत्र में कहा कि संघ की ई-मेल आईडी पर अभिषेक, जानकीपुरम, लखनऊ का शिकायती पत्र 08 दिसम्बर को मेल किया गया है जिसमें आशीष दीक्षित नामक व्यक्ति के द्वारा कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर फर्जी तरीके से लोक निर्माण विभाग में पंजीकरण कराकर करोड़ो का भुगतान प्राप्त करने एवं विरोध किये जाने पर मुख्यालय परिसर में कार्यरत महिला कर्मचारियों पर अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां किये जाने पर मुकदमा पंजीकृत कराते हुए गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही किये जाने को उल्लेख करने सम्बन्धी चार बिन्दुओं से सम्बन्धित वांछित अभिलेख भी संलग्न कर प्रषित किये गये है।

साथ ही यह भी बताया गया कि आशीष दीक्षित द्वारा सचिवालय के भांति मुख्यालय पर प्रवेश व्यवस्था के विपरीत बिना किसी प्रवेश पत्र के आता-जाता रहता है और मुख्यालय पर तैनात कर्मचारियों को स्थानान्तरित कराने के लिए उच्च्याधिकारियों तक अपनी पहुंच बताते ह)ए अक्सर धमकाता रहता है। संघ ने मांग की है कि अभिषेक जानकीपुरण, लखनऊ के शिकायती पत्र को संज्ञान लेकर नियमानुसार आशीष दीक्षित द्वारा विभाग में कराये गये पंजीकरण की विस्तृत जांच कराते हुए इस व्यक्ति को मुख्यालय पर प्रवेश प्रतिबंधित कराये।

# भाजपा राज में किसानों की बदहाली बढ़ती जा रही : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

- भाजपा सरकार ने किसानों को राहत देने के नाम पर हर हाल में परेशानी ही दी



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा राज में किसानों की बदहाली बढ़ती जा रही है। कहने को यहां डबल इंजन की सरकार है, विकास के बड़े-बड़े दावे हैं लेकिन हकीकत में सब हवा-हवाई नजर आता है। किसानों के नाम पर जो वादे सरकार ने किए वे कभी पूरे नहीं किए। नतीजतन उसकी दशा दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। महंगाई की मार और कर्ज के दबाव में वह आत्महत्या करने पर मजबूर है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर भाजपा सरकार ने यही उपहार किसानों को दिया है।

अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को राहत देने के नाम पर हर हाल में परेशानी ही दी है। किसानों को जब खाद, बीज चाहिए तब भाजपा सरकार में उसका भारी संकट है। यूरिया और खाद के लिए किसान मारा-मारा फिर रहा है। उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। सर्दी में यूरिया के लिए घंटो लाइन में लगे किसानों को सिर्फ मायूसी हाथ लग रही है।

उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश से जो खबरें आ रही हैं उससे किसानों के साथ भाजपा सरकार में हो रही घोर उपेक्षा और दुर्व्यवहार के दर्दनाक दृश्य नजर आते है। शिकोहाबाद में घंटो लाइन में लगे किसानों को निराश होकर लौटना पड़ा। बलरामपुर में यूरिया के लिए किसान और सचिव में मारपीट हो गई। कायमगंज में भी किसान खाद के लिए भटकते रहे। खाद को लेकर भाजपा सरकार ने कोई तैयारी नहीं की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान की खरीद भी नहीं हो रही है। किसान की फसल एमएसपी पर नहीं खरीदी जा रही है। बिचौलिए किसानों की फसल औने-पौने दाम में खरीद कर लूट रहे है। खरीद केन्दों के जिम्मेदार लोग किसानों की मदद के बजाए उन्हें दलालों के पास भेज रहे हैं। किसान की फसल में कई कमियां बताई जाती है। भाजपा सरकार खरीद के आंकड़ों में हेराफेरी कर रही है। उसकी मंशा किसानों के मदद की नहीं है।

## लखनऊ से दिल्ली की दो उड़ानें निरस्त

**लखनऊ।** घने कोहरे और कम दृश्यता (लो विजिबिलिटी) ने हवाई यातायात की कमर तोड़ दी है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (अमौसी) पर मंगलवार को उड़ानों का शेड्यूल पूरी तरह प्रभावित रहा। दिल्ली जाने वाली इंडिगो की दो उड़ानें निरस्त कर दी गईं, जबकि दम्माम और रियाद जैसी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 5 घंटे से अधिक की देरी से संचालित हुईं। कोहरे के कारण इंडिगो ने दिल्ली-लखनऊ मार्ग की अपनी दो महत्वपूर्ण उड़ानों को रद्द कर दिया, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इनमें 6ई 6488 दिल्ली-लखनऊ और 6ई 6489 लखनऊ-दिल्ली निरस्त रहीं। खाड़ी देशों से आने-जाने वाली उड़ानों पर मौसम का सबसे बुरा असर पड़ा है।

दम्माम से आने वाली फ्लाइट 5 घंटे से ज्यादा लेट रही। लेट अंतरराष्ट्रीय फ्लाइटें दम्माम-लखनऊ एक्सवाई-896- 5:02 घंटे लेट लखनऊ-दम्माम एक्सवाई-897 5:15 घंटे लेट बेंगलुरु-लखनऊ आईएक्स-2049 2:51 घंटे लेट रियाद-लखनऊ एक्सवाई-333/334 करीब 1.5 घंटा लेट लखनऊ पहुंची।

## राजनैतिक दलों के बीएलए को उपलब्ध करायी जाये जानकारी : सपा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन में कहा कि सहारनपुर, सहारनपुर नगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मुस्लिम बाहुल्य मतदेय स्थलों के बीएलओ द्वारा पूर्व में भरे गये गणना प्रपत्रों को जिला निर्वाचन अधिकारी व ईआरओ के दबाव पर प्रत्येक मुस्लिम बाहुल्य मतदेय स्थल के 200-300 गणना प्रपत्रों को फिर से बीएलओ को जांच के लिए दे दिये गये है और बीएलओ से गणना प्रपत्र में मतदाता के आधार कार्ड का विवरण देने के लिए कहा गया है, जबकि भारत निर्वाचन आयोग ने आधार कार्ड को मान्य दस्तावेज के रूप में स्वीकार्य नहीं किया है। बीएलओ द्वारा इसकी जानकारी राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को भी नहीं दी जा रही है, जो कि अत्यन्त गम्भीर मामला है, वैध मुस्लिम मतदाताओं के नाम डिलीट करने की तैयारी की जा रही है। शिकायत को संज्ञान में लेकर तत्काल राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को मतदेय स्थल वार गणना प्रपत्रो की जानकारी दी जाये।

सपा ने मांग की है कि राजनैतिक दलों के बीएलए को मतदेय स्थल वार सभी जानकारी उपलब्ध कराई जाये तथा राजनैतिक दबाव में जिला निर्वाचन अधिकारी व ईआरओ द्वारा बीएलओ को फिर से गणना प्रपत्रों को वापस करने व फिर से दुबारा जांच करने जैसी अनियमितताओं पर निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाये ताकि वैध मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से डिलीट नहीं होने पाये और प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

# पारदर्शी चयन और समयबद्ध परीक्षाओं के लिए शिक्षा सेवा चयन आयोग को किया गया सशक्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विधानसभा सत्र में कहा कि शिक्षा केवल अकादमिक विषय नहीं, बल्कि एक व्यापक प्रशासनिक और सामाजिक दायित्व है। पारदर्शी, समयबद्ध और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को और अधिक सक्षम व प्रभावी बनाना आवश्यक है। उन्होंने सदन में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग संशोधन विधेयक-2025 पर चर्चा करते हुए बताया कि वर्ष 2023 से पहले प्रदेश में अलग-अलग शिक्षण संस्थानों के लिए भिन्न-भिन्न चयन आयोग कार्यरत थे। पारदर्शिता और

स्वच्छ प्रशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एकीकृत आयोग की स्थापना की गई, जो अब विश्वविद्यालयों, सहायता प्राप्त महाविद्यालयों, इंटरमीडिएट कॉलेजों, बेसिक विद्यालयों, अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं अटल आवासीय विद्यालयों में अध्यापकों और अनुदेशकों के चयन का कार्य कर रहा है।

उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय ने बताया कि आयोग का कार्य केवल अकादमिक चयन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बड़े स्तर पर प्रशासनिक प्रबंधन, परीक्षा संचालन, ओएमआर व सीबीटी आधारित आधुनिक तकनीक का उपयोग, समयबद्ध परिणाम घोषित करना और विभिन्न शिक्षा विभागों के साथ समन्वय जैसी जिम्मेदारियां शामिल हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए आयोग के अध्यक्ष पद की अर्हताओं के दायरे को विस्तृत किया गया है, जिससे अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी भी इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकें। विधेयक पर चर्चा के बाद सदन ने बहुमत से उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग संशोधन विधेयक-2025 को पारित कर दिया।

- उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग संशोधन विधेयक-2025 सहित निजी विश्वविद्यालयों से जुड़े संशोधन विधेयकों को विधानसभा की मंजूरी



इसके बाद उच्च शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक-2025 पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा और चिकित्सा मानव जीवन की मूल आवश्यकता हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने प्रत्येक मंडल में कम से कम एक सरकारी विश्वविद्यालय स्थापित करने का संकल्प पूरा किया है। साथ ही निजी क्षेत्र की भागीदारी से प्रदेश को शिक्षा का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय हब बनाने की दिशा में ठोस कार्य किया गया है।

उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय ने कहा कि पूर्व में उत्तर प्रदेश में एक भी विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शामिल नहीं था, जबकि आज प्रदेश के कई सरकारी विश्वविद्यालय नैक, क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग और यूएस एशिया रैंकिंग में स्थान बना चुके हैं। निजी विश्वविद्यालयों के आने से न केवल उच्च शिक्षा का विस्तार हुआ है, बल्कि प्रतिस्पर्धा के कारण गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आया है।

उन्होंने बताया कि निजी विश्वविद्यालयों पर उच्च शिक्षा परिषद के माध्यम से प्रभावी नियंत्रण व्यवस्था लागू है और सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। चर्चा के बाद सदन ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक, 2025, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) विधेयक, 2025 को भी बहुमत से पारित कर दिया।

# राज्यपाल ने दिया ड्रिप सिंचाई और जैविक उत्पादन की मार्केटिंग पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईआईएएसटी) और उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (यूपीसीएआर) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस अनलॉकिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड रोबोटिक्स ड्रिवन स्मार्ट एग्रीकल्चर फॉर विकसित भारत (एयरसा-वीबीकॉन 2025) और इंटीग्रल किसान पुरस्कार समारोह मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर आईआईएएसटी सफरनामा और 'इंटीग्रल कृषि दर्पण' पत्रिका का विमोचन किया गया, जो कृषि नवाचारों को समर्पित है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य भर के किसानों की यह पहचान हाल के वर्षों में कृषि क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों का प्रतिबिंब है। एक स्वयं किसान होने के नाते, उन्होंने काश्तकारों की चुनौतियों को साझा किया और जैविक तथा तकनीक आधारित टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा की।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण और सिंचाई योजनाओं की मजबूती पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से ड्रिप सिंचाई और जैविक उत्पादन की मार्केटिंग पर जोर दिया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजीएस) और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओएस) के माध्यम से बाजार संपर्क मजबूत करने का आह्वान किया ताकि किसानों की आय बढ़ सके।

विश्वविद्यालय के संस्थापक और कुलाधिपति प्रो. सैयद वसीम अख्तर ने कहा कि इस कांग्रेस के निष्कर्ष कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार करने में मील का पत्थर साबित होंगे। कांग्रेस के दौरान एआई-आधारित स्मार्ट फार्मिंग, जलवायु-अनुकूल कृषि और कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में रोबोटिक्स के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई।

समारोह में आईसीएआरआईएसएटी के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार और रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. पंजाब सिंह जैसे दिग्गज शामिल हुए। अफ्रीकी एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) के महासचिव डॉ. मनोज नारदेवसिंह और यूपीसीएआर के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने भी अपने विचार साझा किए।

दो दिवसीय इस कार्यक्रम में स्मार्ट शहरों के लिए वर्टिकल फार्मिंग और डिजिटल कृषि के लिए विघटनकारी प्रौद्योगिकियों पर विशेषज्ञों ने मंथन किया। कार्यक्रम का स्वागत संबोधन कुलपति प्रो. जावेद मसर्रत ने दिया, जबकि रजिस्ट्रार और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. मोहम्मद हारिस सिद्दीकी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन का संचालन आयोजन सचिव प्रो. अल्विना फारूकी ने किया।

# 24 से 31 दिसंबर तक होंगे भाजपा के अनेक कार्यक्रम




- वीर बाल दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा और तैयारियों पर की गयी
- 25 से 31 दिसंबर के बीच सभी विधानसभाओं में सुशासन सम्मेलन आयोजित कियें जायेंगे

जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय रविन्द्र नगर में मंगलवार को जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी और अभियान संयोजकों की बैठक हुई जिसमें मतदाता गहन पुनरीक्षण, अटल जन्मशताब्दी समारोह और वीर बाल दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा एवं तैयारियों पर चर्चा किया गया। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी वर्ष है। अटल जी एक दूरदर्शी राजनेता थे जिन्होंने भारत को 21वीं सदी में अग्रसर किया उनके सुशासन की विरासत को सम्मान देने और नागरिकों को प्रेरित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अटल जन्मशताब्दी समारोह प्रस्तावित किया है। समारोह के अन्तर्गत 24 दिसंबर से 31 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।[

जलाध्यक्ष ने बताया कि अटल जन्म शताब्दी समारोह में 24 दिसंबर को सुबह जनपद में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा स्थल और स्मारकों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा शाम को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय व दुदही में अटल जी की प्रतिमा स्थल पर दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। 25 दिसंबर को बूथ स्तर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम होंगे। 25 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच सभी विधानसभाओं में सुशासन सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने बताया कि वीर बाल दिवस पर 26 को रामकोला गुरुद्वारा में शबद कीर्तन, 27 रविन्द्र नगर में प्रभातफेरी, रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी और प्रदर्शनी आयोजित किया जाएगा। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि 25,26 तथा 27 दिसंबर को बूथ स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें शक्ति केंद्र प्रवासी शक्ति केंद्र में प्रवास कर नये मतदाता के लिए फार्म 6 भरवायेंगे।

इस अवसर पर जिला महामंत्री सुदर्शन पाल, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, अतुल श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धन्नजय तिवारी, भीखम प्रसाद, मनीष विश्वकर्मा, प्रमोद राय आदि उपस्थित थे।

# योगी सरकार में आदेशों की उड़ रहीं धज्जियां

## एएनएम भर्ती घोटाला: बर्खास्तगी के बाद भी संविदाकर्मी कर रहे है खुलेआम नौकरी

**कुशीनगर।** एएनएम भर्ती प्रक्रिया में भारी अनियमितता बरतने वाले संविदाकर्मियों के बर्खास्त करने का आदेश कागजी तमाशा बनकर रह गया है। हैरानी की बात यह है कि बर्खास्त घोषित किये गये संविदाकर्मी सिद्धनाथ तिवारी और रितेश तिवारी सीएमओ कार्यालय में बेधडक नौकरी कर रहे है। कहना ना होगा कि विभागीय जांच में दोषी पाए जाने के बाद संविदाकर्मी सिद्धनाथ तिवारी व रितेश तिवारी के खिलाफ बर्खास्तगी के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन आज भी यह संविदाकर्मी बेखौफ होकर अपने पदों पर जमे हुए हैं। ऐसे मे इसे प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना है कही जाए या फिर इन कर्मचारियों के रसूख का प्रभाव।

बतादेंकि संविदाकर्मी सिद्धनाथ तिवारी एंव रितेश तिवारी ने एएनएम भर्ती में नियमों को ताक पर रखकर अपात्र अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाया था। पात्रों द्वारा इन कर्मियो के खिलाफ की गई शिकायतो की जांच के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्कालीन सीएमओ ने बर्खास्तगी के आदेश तो जारी किये, लेकिन संबंधित अधिकारियों की उदासीनता और कथित संरक्षण के चलते आज भी यह संविदाकर्मी नियम विरुद्ध व फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे है जो सिस्टम को कटघरे में लाकर खडा कर दिया है।

### फ्लैशबैक, डीएम की जांच में सामने आई गड़बड़ी

काबिलेगौर है कि तकरीबन साढे तीन वर्ष पूर्व संविदा एएनएम की भर्ती में अभ्यर्थियों द्वारा तत्कालीन डीएम एसराज लिंगम से धांधली की शिकायत की गयी थी। मामले को गंभीरता से लेकर डीएम लिंगम ने जांच कमेटी गठित करके सीएमओ को रिपोर्ट देने का आदेश दिया। कमेटी ने जब जांच की तो इस बात का खुलासा हुआ कि चयन प्रक्रिया में निर्धारित मानकों को दरकिनार कर संविदा एएनएम का चयन किया गया है। नतीजतन धांधली करते हुए पुरी की गई भर्ती प्रक्रिया मे निजी लाभ के संकेत सामने आये, जाच मे शिकायतो की पुष्टि व सच्चाई सामने आने पर चयन प्रक्रिया में शामिल चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों से विभागीय स्पष्टीकरण मांगा गया। लेकिन आरोपी अधिकारी और दोनों संविदा कर्मचारी सिद्धनाथ तिवारी व रितेश तिवारी ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिए। लापरवाही और मनमाना रवैया सामने आने पर तत्कालीन डीएम एसराज लिंगम ने एसीएमओ डॉ. जेएन सिंह, संविदा कर्मचारी एनएचएम के जिला कार्यक्रम अधिकारी सिद्धनाथ तिवारी और जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता रितेश तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए सीएमओ को निर्देश दिया। इसके बाद 26 जून-2022 को तत्कालीन सीएमओ सुरेश पटारिया की तहरीर पर एसीएमओ डॉ. जेएन सिंह, संविदा कर्मचारी जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता रितेश तिवारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी सिद्धनाथ तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज की गयी थी। इतना ही नही डीएम के आदेश के अनुपालन में सीएमओ डॉ. पटारिया ने एसीएमओ के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने क लिए जहा शासन को पत्र भेजा था, वही ने संविदा पर तैनात सिद्धनाथ तिवारी और रितेश तिवारी के खिलाफ बर्खास्तगी की सिफारिश की थी।

# एसआईआर पर तत्परता से काम करें कार्यकर्ता : शशांक मणि



**देवरिया।** विधानसभा रामपुर कारखाना के प्रॉनपुर गांव में बूथ संख्या 151 पर तथा देवरिया देहात मंडल के बहोरवा गांव में बूथ संख्या 305 पर सदर सांसद शशांक मणि ने एस आई आर को लेकर पार्टी कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक की। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर कार्यकर्ता व पदाधिकारी तत्पर रहें। वोटरों को उनका नाम चढ़वाने में मदद करें। उन्होंने बताया कि अब वोटर का नाम एक ही स्थान पर होगा। इसलिए तत्परता से वोटर अपना नाम चढ़ाने का काम पूरी तन्मयता से करें। एसआईआर से सही वोटर सामने आयेंगे और वोटर को सुविधा भी होगी। वोटरों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बीएलए टू इसमें भागीदारी निभायेंगे, जिससे वोटरों में गड़बड़ी की आशंका भी कम होगी। बैठक के दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अजय उपाध्याय, प्रमोद शाही, अंकुर राय, दिवाकर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष दिवाकर यादव, अरविंद चौहान, रामनिवास पांडे, राधेश्याम शुक्ला, अजय शाही, मुकुल मणि त्रिपाठी, नागेशपति त्रिपाठी, सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शारीरिक विकास का सशक्त मंच है सांसद खेल स्पर्धा

**देवरिया।** रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रहे सांसद खेल स्पर्धा के तीसरे दिन एथलेटिक्स खिलाड़ियों के 100 मीटर रेस का सदर सांसद शशांक मणि ने शुभारंभ किया। रेस के पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी ने मुख्य अतिथि शशांक मणि को बैज लगाकर सम्मानित किया। सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत एथलेटिक्स, भारोतोलन, जूडो एवं कुश्ती जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें लोक सभा -66 की 05 विधान सभा देवरिया सदर, रामपुर कारखाना, पथरदेवा, फाजिलनगर एवं तमकुहीराज के खिलाडियो ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री मणि ने कहा कि खेलों से तन मन स्वस्थ्य रहने के साथ हमें जीवन में अनुशासन की सीख मिलती है तथा खेलों से प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा खिलाड़ियों के लिए सिर्फ.प्रतियोगिता नहीं, बल्कि शारीरिक विकास का सशक्त मंच बन चुका है। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों का उत्साह, अनुशासन और जज्बा यह दिखाता है कि सही अवसर मिलने पर हमारी युवा प्रतिभाएँ किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेल के माध्यम से आत्मविश्वास, स्वस्थ जीवन और उज्वल भविष्य की नींव रखी जा रही है। युवाओं की ऊर्जा ही क्षेत्र और राष्ट्र की असली ताकत है। इस अवर पर सांसद खेल स्पर्धा के संयोजक पवन कुमार मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों का मुख्य अतिथि से परिचय कराया तथा सदर सांसद ने 25 दिसंबर को होने वाले भव्य समापन समारोह के तैयारी का जायजा भी लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, महामंत्री प्रमोद शाही, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय, जिला मंत्री निर्मला गौतम, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय तिवारी, राधेश्याम शुक्ला, पूर्व नगर महामंत्री दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, दिवाकर मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि मनीष मणि त्रिपाठी, भाजपा नेता भुवनेश्वर मिश्रा, सहित अन्य खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## शार्टसर्किट से लगी आग, 3 लाख की क्षति

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत के केवडा मुहल्ले में सार्टशर्किट से लगी आग के तपट व घुँआ से मचा हडकंप, जला हजारो रुपये मूल्य का सामान।मुहल्ले के लोग आग बुझाने में लगे। बताया गया कि नगर के केवडा मुहल्ले मे. सुबह आठ बजे सोलर के तार से सार्टशर्किट से सभासद पति शिवशंकर मौर्या के घर में लगी आग।आग की लपट व घुँआ देखकर घर के सदस्य मुहल्ले के निवासी आग को बुझाने के लिए दौड पडे।लेकिन आग बुझने का नाम ही नही ले रही थी।विद्युत कनेक्शन काट दिया।फिर पंपिन्सेट लगाकर पानी से आग बुझाया गया।आग बुझने के बाद परिजन व मुहल्ले के लोग राहत की सांस ली।इसी बीच सोलर की बैट्री सहित एक कमरे में रखे कपडे व सोफा जल गये।संयोग अच्छा रहा की पुरे मकान मे आग लगने से लोगो ने बचा लिया नही तो भीषण घटना घट सकती थी।घनी आबादी के कारण आग अध्य घरो को भी अपने चपेट में ले सकती थी।इस पुरे घटना में लगभग तीन लाख रुपये से अधिक की क्षति हो गयी।

संक्षेप

## गूंजी गुंजन की गूंज साहित्यकार सम्मानित



**अमेठी।** साहित्य संघ द्वारा वर्ष 2025 के अंतिम सत्र के अवसर पर एक भव्य काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस साहित्यिक संध्या में गीत, गजल, कविता और हास्य के विविध रंग देखने को मिले। कार्यक्रम में देश-विदेश के मूर्धन्य कवियों, गीतकारों एवं साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरूआत आदरणीय कृष्णा बाबू जी द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। मंच संचालन का दायित्व डॉ. दीपा गुप्ता जी ने कुशलता से निभाया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को हास्य एवं सहजता से सराबोर रखा।इस अवसर पर ह्लगुंजन साहित्य सम्मानझ्र2025ह्व से चयनित साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। काव्य पाठ में गिरधर जी ने ह्लये वर्तुल सी देह की गंधह्व से गोष्ठी का आगाज किया। रफत आशिया जी ने सादगी पर केंद्रित रचना प्रस्तुत की, वहीं तमन्ना जी ने ह्ललड़की हूँ, सामान नहींह्व कविता के माध्यम से समाज की विकृत सोच पर प्रखर प्रहार किया।कन्हैया जी ने सीमा पर तैनात जवानों की पीड़ा को स्वर दिया। राजेश तिवारी जी के गीत ह्लबूढ़ा बागवानह्व में पिता का मर्मस्पर्शी दर्द झलका। कामेश्वर जी ने ह्लहमारी कहानी शहर में गाफि ल हो गईह्व सुनाकर श्रोताओं को आत्ममंथन के लिए विवश किया। विनोद मिश्रा जी ने ह्लकुछ छूट गया हैह्व के माध्यम से अंतर्मन की व्यथा व्यक्त की। एडमिरल नूर खुर्रम साहब की गजल ह्लकौन कहता है मुझे प्यार नहींह्व।डॉ अर्जुन पाण्डेय अमेठी ने 'फूल बने हंसते मुस्कुराते रहें' गोष्ठी में जीवन का अनुपम संदेश दिया। नॉर्वे से जुड़े सुरेश चंद्र जी ने अंत तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए गुंजन साहित्य संघ की सराहना की।

## महान स्वतंत्रता सेनानी व किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह : चंद्रभूषण सिंह यादव

**देवरिया।** पूर्व प्रधानमंत्री, किसान नेता, स्वाधीनता सेनानी एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह ने सन-1930 में सविनय अवज्ञा आन्दोलन के तहत नमक कानून तोड़ने हेतु महात्मा गाँधी के नेतृत्व में हुए ह्लडांडी मार्चह्व के तहत गाजियाबाद की सीमा पर बहने वाली हिण्डन नदी पर नमक बनाया था जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 06 माह की सजा हुई उक्त बातें चौधरी चरण सिंह की जयंती पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि चौधरी साहब 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में गिरफतार हो अक्टूबर 1941 में मुक्त हुए।महात्मा गाँधी के करो या मरो के आह्वान पर अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करने के कारण मेरठ प्रशासन ने चौधरी चरण सिंह को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया था। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की देन है कि एक जुलाई 1952 को यूपी में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और किसानों एवं गरीबों को अधिकार मिला। पटवारी की जगह लेखापाल के पद का सृजन हुआ। किसानों के हित में उन्होंने बड़ौत से विधानसभा सदस्य पंडित उमराव दत्त शर्मा की सहायता से सन 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून बनाया जिसे उन्होंने विधानसभा में पारित कराया केन्द्र सरकार में गृहमंत्री बनने के बाद चौधरी चरण सिंह ने मंडल आयोग और अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना किया। 1979 में वित्त मंत्री और उपप्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक [नाबार्ड] की स्थापना किया।चौधरी साहब देश के किसानों एवं आम - आवाम के नेता थे जिन्हें जन्म- जयंती पर नमन है।उक्त अवसर पर सुरेश नारायण सिंह, दयानंद यादव, नारायण प्रसाद, सोनू यादव, गोविंद यादव, अयोध्या वर्मा, बधई प्रसाद, नाजिर अंसारी, सोनू राईनी, संतोष मद्धेशिया, मुंद्रिका शर्मा, मुस्तकीम, व्यास यादव, संजय यादव आदि ने उपस्थित रह चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# एनई रेलवे ने फाइनल में बनायी जगह



**कुशीनगर।** जिले के पावानगर स्थित महावीर इंटर कॉलेज के राज मालती स्टेडियम में आयोजित 20वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एनई रेलवे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ को 105 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। रेलवे की ओर से विस्फोटक पारी खेलने वाले आशीष सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

मंगलवार को सुबह दस बजे से खेले गए इस मुकाबले में लखनऊ के कप्तान हसन अख्तर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एनई रेलवे की टीम ने 30 ओवर के निर्धारित मैच में तीन गेंद शेष रहते सभी विकेट खोकर 304 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। रेलवे की ओर से आशीष सिंह ने 84 रन, विराट जायसवाल ने 64 रन, भास्कर मणि त्रिपाठी ने 39 रन तथा कृतज्ञ सिंह ने 32 रनों का अहम योगदान दिया। लखनऊ की ओर से गेंदबाजी में सत्यम ने चार विकेट लिए, जबकि हसन अख्तर, मनीष शर्मा और कुलदीप चौहान ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिकेट एसो. लखनऊ की टीम 24वें ओवर की पहली गेंद पर 199 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लखनऊ की ओर से शौर्य सिंह ने 26 गेंदों में 56 रन, समीर अंसारी ने 46 रन, सत्यम पाण्डेय ने 22 रन और मनीष शर्मा ने 20 रनों की पारी खेली, जबकि छह खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। रेलवे की गेंदबाजी में साबिद मलिक और त्रिशाल त्रिवेदी ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि निशांत राय, भास्कर त्रिपाठी, कृतज्ञ सिंह और अंकित को एक-एक विकेट मिला। मैच के बाद मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार उपजिलाधिकारी कसया डॉ. संतराज सिंह बघेल ने आशीष सिंह को ?5000 नकद और ट्रॉफी प्रदान कर दिया। इससे पूर्व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. योगेश्वर मद्धेशिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। आयोजन में भाग लेने वाले मशाल धावकों को सेंट जोसेफ स्कूल के डायरेक्टर सीओ जोश द्वारा आयोजन समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मैच में अंपायरिंग बीसीसीआई पैनल अंपायर सतीश पाण्डेय एवं एपी सिंह ने की, जबकि थर्ड अंपायर की भूमिका संतोष सिंह ने निभाई। स्कोरिंग बीसीसीआई स्कोरर एसपी सिंह द्वारा की गई। कमेंट्री मोहम्मद आलम, गुड्डू पाण्डेय एवं आईपीएल कमेंटेटर सुमित कुमार मिश्रा ने की। मैच का लाइव प्रसारण सचिन यादव और प्रभारी सिंह संदीप यादव ने किया, जबकि स्कोरबोर्ड संचालन आयान ने किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के संरक्षक रिटायर्ड आरटीओ अजय त्रिपाठी, अधिवक्ता अभय त्रिपाठी, डॉ. रामानुज पाण्डेय, जिपंसदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य, खिलाड़ी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

- जिला संचालन समिति गठित

**देवरिया।** राष्ट्रीय अभियान के तहत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम (27 नवम्बर, 2025 से 8 मार्च 2026) के तहत एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक समीक्षा बैठक दिसम्बर आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश तिवारी डिप्टी लिगल डिफेन्स प्रतिनिधि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओम प्रकाश तिवारी के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे मे जानकारी देते हुये बताया गया कि उक्त से सम्बन्धित किसी पीड़ित (बालक/बालिका) को निःशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया को पत्र के माध्यम से सूचना दे सकते है। कार्यक्रम में जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी के द्वारा बताया गया कि शासनादेश अनुसार बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के अन्तर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम (27 नवम्बर, 2025 से 08 मार्च 2026) के अन्तर्गत जनपद के सम्बन्धित विभागो जिसमे जिला प्रशासन, गृह पुलिस विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, मानव निरोधी इकाई, शिक्षा विभाग, आईसीडीएम विभाग, जेजे बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, बाल कल्याा समिति, हब फार इम्पावरमेन्ट आफ वुमैन, चाइल्ड हेल्प लाइन, श्रम विभाग, स्वैच्छिक संगठनो एवं सिविल सोसाइटी, धार्मिक स्थलो के धर्मगुरुओं, विवाह स्थल के प्रबन्धक इत्यादि एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ विभाग को सम्मिलित करते हुये जिला संचालन समिति का गठन कराया गया।यह अवगत कराया गया कि कोई व्यक्ति 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालक का विवाह कराये जाने का दोषी पाया जाता है तो उसे इस कृत्य के लिये एक लाख रुपए एवं 02 वर्ष की सजा का प्राविधान किया गया है। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी को बाल विवाह रोकथाम योद्धा के रूप मे परिभाषित करते हुये बताया गया। आप सभी बाल विवाह की रोकथाम हेतु सघन प्रचार-प्रसार कराते हुये जनपद को बाल विवाह मुक्त जनपद बनाये जाने का प्रयास किया जाना चाहिये तथा इसके साथ ही बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रतिज्ञा दिलाया गया। तथा अपात स्थिति मे 181 महिला हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन व 112 आपातकालीन पुलिस हेल्प लाइन नंम्बर की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में श्रीराम कृपाल प्रभारी अधीक्षक राजकीय बाल गृह (बालक) के द्वारा राजकीय बाल गृह मे निवासरत बच्चों की दैनिक दिनचर्या एवं उपलब्ध कराये जाने वाली सुविधाओं एवं शिक्षण-प्रशिक्षण से सम्बन्धित विषयो के बारे मे जानकारी दिया गया। कार्यक्रम मे डॉ. संजय गुप्ता नोडल आफिसर स्वास्थ विभाग के द्वारा पीड़िता एवं बच्चों के उम्र परीक्षण एवं स्वास्थ परीक्षण के बारे में किसी भी तरह की समस्या होने पर संबंधित को अवगत कराने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा, उप निरीक्षक सदन यादव, कार्यक्रम मे पंकज मिश्रा कनिष्क सहायक, श्रम विभाग, नीतू भारती प्रबन्धक वन स्टाप सेन्टर, अनुराधा राज प्रभारी को आर्डिनेटर चाइल्ड हेल्प लाइन, विभा पाण्डेय नामित सपोर्ट पर्सन, गुरूसरन पांडेय पीएलवी सदस्य, कार्यक्रम में अरबिन्द यादव महिला कल्याण विभाग, आकाश सिंह कुशवाहा, मुख्य आरक्षी, सुनील कुमार सिंह आरक्षी थाना एएचटीयू तथा समस्त थानों पर नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती को परिजनों को सौंपा

**रायबरेली।** पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने एक बार फिर महिला सुरक्षा और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। जनपद रायबरेली के थाना ऊंचाहार क्षेत्र में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती के घर से गायब होने की सूचना मिलते ही टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र तीन घंटे के अंदर उसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। घटना की जानकारी देते हुए बताया गया कि मंगलवार सुबह करीब 8 बजे प्रमोद गुप्ता, निवासी पट्टीरहस कैथवल, थाना ऊंचाहार ने थाने पर सूचना दी कि उनकी पुत्री, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, बिना बताए घर से कहीं चली गई है। आस-पास पूछताछ करने पर भी कोई सुराग नहीं मिल रहा था। परिजनों की चिंता को देखते हुए थाना ऊंचाहार की मिशन शक्ति टीम ने तुरंत खोजबीन शुरू कर दी। टीम की मुस्तैदी और क्षेत्रीय जानकारी का उपयोग करते हुए मात्र तीन घंटे बाद, यानी करीब 11 बजे युवती को खोज लिया गया।

## दिवंगत अग्निवीर अश्विनी कुमार को डीएम ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



**देवरिया।** अग्निवीर योजना के अंतर्गत भारतीय सेना की 15 राजपूत रेजिमेंट में सेवाएं दे रहे जनपद देवरिया के ग्राम खरवनिया (पिंडी) निवासी वीर जवान अश्विनी कुमार का उपचार के दौरान सेना के चिकित्सालय में दुःखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की सूचना से जनपद एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई।दिवंगत जवान का पार्थिव शरीर गृह ग्राम पहुँचने पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने उनके आवास पर पहुँचकर पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र सेवा में दिवंगत जवान का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और जिला प्रशासन इस कठिन समय में शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि शासन एवं सक्षम प्राधिकारों द्वारा निर्धारित नियमों और दिशा-निदेर्शों के अनुसार, परिवार के हित में आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध तरीके से की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

## शिविर में चालकों परिचालकों का हुआ सामान्य स्वास्थ्य परिक्षण

**कुशीनगर।** यूपी राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा सड़क दुर्घटना नियंत्रण के लिए राज्यव्यापी यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम के क्रियाशील 128 बस डिपो में कार्यरत्त चालक, परिचालक एवं सहयोगी स्टाफ के सामान्य स्वास्थ्य परिक्षण के लिए मंगलवार को पडरौना बस डिपो की छावनी कार्यशाला परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में निःशुल्क 106 नेत्र, 106 टीबी, 103 एचआईवी, 103 हेपेटाइटिस बी/सी व 103 यौवन जनित रोगों का जाँच, परामर्श रोग एवं औषधि वितरण विशेषज्ञ चिकित्सको एवं पैरा मेडिकल स्टाफ के द्वारा सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्घघाटन सीएमओ डॉ. चन्द्र प्रकाश एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. श्री प्रकाश ने कहा कि यातायात नियमों के साथ- साथ सड़क दुर्घटना रोकथाम के लिए चालक-परिचाल की नियमित स्वास्थ्य जाँच अवश्य करावें।समस्त स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध है तथा जाँच रिपोर्ट गोपनीय रहेगा। स्वास्थ्य शिविर नोडल अधिकारी डा. सुभाष प्रसाद की देख रेख में सा. स्वा. केन्द्र कुबेरनाथ आरबीएसके टीम के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, नेत्र सर्जन डा. नेहा द्विवेदी, नेत्र परीक्षण अधिकारी विनोद सिंह, जिला अस्पताल से खुशबू शुक्ला, शिव कुमार पाण्डेय, गौतम शर्मा, परवेज आलम, टीबी विभाग से विशाल जायसवाल व विवेक यादव तथा लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के तारकेश्वर सिंह, लिंक वर्कर परियोजना के अमित मिश्रा आदि ने स्वास्थ्य सेवाएं दी। जागरूकता के लिए छेदी प्रसाद के टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिला टीबी एचआईवी समन्वयक चन्द्रशेखर यादव ने कड़ाके की ठंड में भी स्वास्थ्य शिविर की सफलता के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान सम्मानित

- सुशासन सप्ताह के तहत विकास भवन में आयोजित हुई कार्यशाला

जिला संवाददाता (vol)




**देवरिया।** जनपद में सुशासन सप्ताह प्रशासन गाँव की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत विकास भवन स्थित गाँधी सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद में पूर्व में जिलाधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके रिटायर्ड आईएएस अधिकारी श्री मणि प्रसाद मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में की। कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत विकसित उप्र, आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर प्रदेश की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही शताब्दी संकल्प @2047 (समृद्धि का शताब्दी पर्व) के अंतर्गत सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण की परिकल्पना प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर बताया गया कि प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह झ प्रशासन गाँव की ओर का आयोजन 19 से 25 दिसंबर, 2025 तक किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा एक वेब पोर्टल विकसित किया गया है।

भारत सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर उनकी प्रतिदिन पोर्टल पर अपलोडिंग किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें तहसील मुख्यालय एवं पंचायत स्तर पर लोक शिकायतों के निस्तारण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन, केंद्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली (CPGRAMS) तथा राज्य पोर्टल (IGRS) पर लंबित शिकायतों का निस्तारण, ऑनलाइन सेवा वितरण में वृद्धि, सेवा प्रदाय से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण, सुशासन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों को फोटोग्राफ्स सहित अपलोड करना तथा प्रत्येक विभाग द्वारा कम से कम एक सफलता की कहानी पोर्टल पर अपलोड करना शामिल है। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने मिशन की तीन प्रमुख थीम—अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति एवं जीवन शक्ति—तथा उनसे संबंधित चिन्हित 12 क्षेत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में कृषि क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान करने वाले कृषकों को प्रमाण पत्र एवं शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में जनपद के मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचायत निर्वाचन नियमावली तैयार तहसील ब्लॉक पर उपलब्ध

**देवरिया।** अपर जिलाधिकारी (प्र०) /निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, देवरिया ने जनपद देवरिया के समस्त तहसीलों में अवस्थित विकास खण्डों के समस्त ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचकगण को अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार हो गई है. और उसकी एक प्रति मेरे कार्यालय, तहसील कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं सम्बन्धित ग्राम पंचायत में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति उक्त निर्वाचक नामावली का कार्यालय समय में निरीक्षण कर सकता है। यदि नामावली में किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिए कोई दावा अथवा किसी प्रकार के अन्य विवरणों के सम्बन्ध में कोई संशोधन अपेक्षित हो अथवा सम्मिलित किसी नाम के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो उसे 30 दिसम्बर, 2025 को या उससे पूर्व प्रपत्र 2, 3 या 4 में, जो भी उपयुक्त हो, दाखिल किया जाए। प्रत्येक ऐसा दावा या आपत्ति संबंधित कार्यालयो में उक्त कार्य हेतु तैनात कर्मचारियों को उपर्युक्त दिनांक तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

संक्षेप

## जयंती पर याद किये गये चौ. चरण सिंह

फतेहपुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री सिद्धि चौधरी चरण सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह का कार्यक्रम सिंचाई विभाग में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किसान दिवस के रूप में मनाया गया उनकी यादों को ताजा किया गया। और बैठक कर लोगो ने आपने आपने विचार व्यक्त किए। उन्हें आज भी किसानों के मसीहा के रूप में याद किया जाता है उनका जन्म 23 दिसंबर 1902 नूरपुर मेरठ उत्तर प्रदेश में हुआ था और उनकी मृत्यु 29 मे 1987 को हुई जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार के समर्थक थे यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष श्यामलाल पासवान राष्ट्रीय लोक दल फतेहपुर की अगुवाई में मनाया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव चौधरी भूपाल सिंह यूथ के युवा जिला अध्यक्ष राहुल द्विवेदी फतेहपुर विधानसभा अध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह उर्फ राजन लोधी जहानाबाद विधानसभा अध्यक्ष ललित कुमार उत्तम बिंदकी विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू पटेल हुसैनगंज विधानसभा अध्यक्ष जगदीश प्रसाद तिवारी आकाश सविता नगर अध्यक्ष बिंदकी की रवि सिंह परिहार गौरव तिवारी बाबूलाल सिंह महाराज राम भवन रामलाल खिस्सू आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## मार्गों का दुरुस्तीकरण कराया जाये: डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजगणपति आर0 की अध्यक्षता में नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद के तहत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने तीर्थ विकास में पड़ने वाली आवश्यक जरूरी जमीनों की सभी प्रक्रिया इस सप्ताह पूर्ण करने के निर्देश संबंधित को दिये व इसका प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नैमिषारण्य क्षेत्रान्तर्गत जो भी कार्य कराये जाये। वह सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये ही पूर्ण कराये जायें। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि नैमिषारण्य विकास हेतु मास्टर प्लान पहले से ही तैयार कर लिया जाये तथा जिन-जिन स्थानों पर कार्य कराये जाने हैं। उसका संबंधित विभाग अपना-अपना प्रस्ताव प्रस्तुत कर दें। आगामी 84 कोसीय को दृष्टिगत रखते हुये संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव पर पड़ने वाले मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है, वह अस्थाई न होकर स्थाई होनी चाहिये। इसकी भी कार्ययोजना प्रस्तुत करें तथा पड़ावों पर पड़ने वाले मार्गों का चौड़ीकरण कराते हुये दुरूस्तीकरण कराया जाये तथा मार्गों के किनारे की झाड़ियों की कटाई छटाई एवं साफ-सफाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि सभी पड़ावों पर श्रद्धालुओं हेतु शौचालय की समुचित व्यवस्था की जाये। जिलाधिकारी ने हरदोई एवं नैमिषारण्य पर पड़ने वाले मार्गों हेतु हरदोई क्षेत्र से समन्वय स्थापित करते हुये अवैध अतिक्रमण चिन्हित करते हुये खाली कराया जाये। आगामी 84 कोसीय परिक्रमा के दृष्टिगत बैरीकेटिंग लगायी जाये तथा जो भी श्रद्धालु नाव के माध्यम से आते हैं तो नावों की संख्या में वृद्धि की जाये। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नैमिषारण्य क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले तालाबों को चिन्हित करते हुये उनको सरोवर के रूप में विकसित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विहिप के गौ रक्षा विभाग की कार्यकर्ता बैठक संपन्न

सिधौली (सीतापुर)। विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा विभाग की कार्यकर्ता बैठक एवं अखिल भारतीय अधिकारी प्रवास कार्यक्रम सिधौली खंड विकास कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। बैठक का उद्देश्य गौ रक्षा के कार्यों को और अधिक संगठित एवं प्रभावी बनाना रहा। बैठक में अखिल भारतीय गौ रक्षा प्रमुख दिनेश उपाध्याय अखिल भारतीय उपाध्यक्ष गौ रक्षा विभाग अवधेश गुप्ता क्षेत्र सह गौ रक्षा प्रमुख पूरन क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख चंद्रभान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही बच्चे प्रसाद, शिवम मिश्रा बाजपेई, संतोष, केशव, आदित्य त्रिपाठी, अनूप मिश्रा, नीरज निगम, विनीत सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान गौ रक्षा, गौ आधारित कृषि, गोबर व गौ मूत्र से औषधि निर्माण, तथा स्वावलंबी ग्रामीण अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन की रीढ़ हैं।

# ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण



फतेहपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस की त्रैमासिक आंतरिक सुरक्षा स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया। यह निरीक्षण चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें सभी व्यवस्थाएं आयोग के निर्धारित मानकों पर खरी उतरीं। निरीक्षण के दौरान सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इनमें भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पार्टी, बहुजन समाज पार्टी तथा आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि शामिल थे। स्थानीय प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी वि.रा. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, ईवीएम नोडल अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, उप निदेशक कृषि ईवीएम वीवीपैट नोडल अधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फतेहपुर भी उपस्थित रहे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने निरीक्षण प्रक्रिया का पूरा सहयोग किया और व्यवस्थाओं की सराहना की जिलाधिकारी ने सबसे पहले वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि सभी कैमरे पूरी तरह क्रियाशील हैं और 24x7 निगरानी सुनिश्चित कर रहे हैं। इसके बाद सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई, जिसमें लगे फायर सिलेंडरों की वैधता परखी गई। सभी सिलेंडर आयोग के मानकों के अनुरूप पाए गए, जो किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं। वेयरहाउस में संग्रहित ईवीएम मशीनें एवं वीवीपैट इकाइयां भी आयोग के सख्त दिशा-निर्देशों के अनुसार सुरक्षित रूप से रखी हुई पाई गईं। कोई भी अनियमितता या कमी नहीं मिली, जो आगामी चुनावों के लिए मजबूत विश्वास का संदेश देती है। जिलाधिकारी श्री रविन्द्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी नियमित जांच जारी रखी जाएं ताकि मतदाताओं का भरोसा और मजबूत हो। यह निरीक्षण चुनाव आयोग की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें ईवीएम की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। जिले में कुल इतनी ईवीएम संग्रहीत हैं सटीक संख्या उपलब्ध होने पर जोड़ी जा सकती है जो भविष्य के मतदान के लिए तैयार हैं। राजनीतिक दलों ने इस पारदर्शी प्रक्रिया की प्रशंसा की है।

## बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा आयुष्मान आरोग्य मंदिर




सेउता (सीतापुर)। विकासखण्ड रेउसा ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत ईशापुर सुतौली मजरा बाकरपुरवा में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर आज खुद बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यह केंद्र केवल कागजों में ही संचालित होता नजर आ रहा है। जबकि हकीकत में तैनात सीएचओ उमाकांत अपने आवास पर रहकर मलाई काटते ही मिलते है और कार्य सिर्फ कागजो पर पूर्ण होता है। ग्रामीणों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है स्थानीय ग्रामीण नाजिम, शकील, कलीम, सन्नो और नसीमुन ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर अधिकांश समय कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद नहीं रहता।

जरूरत पड़ने पर केंद्र बंद मिलता है और मजबूरन मरीजों को निजी अस्पतालों या दूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का सहारा लेना पड़ता है। इससे गरीब ग्रामीणों को आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी सीतापुर डॉ. राजा गणपति आर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर लगातार निरीक्षण कर रहे हैं और कमियां मिलने पर कार्रवाई भी कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कुछ चंद भ्रष्ट कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर पानी फेरती दिखाई दे रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर बने सेंटर की बदहाली सामने आई है। परिसर में गंदगी का अंबार लगा है, जबकि मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं। मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था सुधारने में पूरी तरह असफल नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर की नियमित निगरानी कराई जाए, कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और लापरवाह व भ्रष्ट लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। ताकि ग्रामीणों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। सीएचसी अधीक्षक अनन्त मिश्र ने बताया जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## महिला प्रधान की गिरफ्तारी पर ब्राह्मण चेतना मंच ने भरी हुंकार

फतेहपुर। आज ब्राह्मण चेतना सेवा संस्थान ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर असोथर ब्लॉक के सरकंडी ग्राम प्रधान पुष्पा द्विवेदी को गिरफ्तार करने के तरीके को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया। प्रेस कांफ्रेंस में संस्थान के अध्यक्ष संजय तिवारी उर्फ



पप्पू तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार निश्चित एक जांच का विषय है परंतु जिस प्रकार महिला प्रधान पुष्पा द्विवेदी को उनके घर से बिना किसी महिला आरक्षी को साथ लिए घसीट कर लाया गया बहुत ही निंदनीय है साथ ही ब्राह्मण समाज का घोर अपमान है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता हम इसके लिए हर स्तर पर लड़ाई के लिए तैयार हैं। संस्थान के संरक्षक राजेंद्र तिवेदी ने कहा कि जिस प्रकार एक डकैत की तरह ब्राह्मण महिला को उनके घर से पुलिस लाई बहुत ही शर्मनाक है उन्हें कपड़े बदलने तक का समय नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि इस घृणित घटना के बावत मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री से भी शिकायत की जाएगी एवं घटना के विरुद्ध आगे भी लड़ाई जारी रहेगी उन्होंने यह भी कहा कि जिले के हर ब्राह्मण को आगे आकर इस घटना का विरोध दर्ज करना चाहिए क्योंकि यह ब्राह्मणों की अस्मिता पर सवाल है। देवी प्रकाश दुबे ने कहा कि ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र में आपसी तनाव पैदा करने की यह राजनैतिक साजिश है जिसे ब्राह्मण समुदाय समझ रहा है इस तरह से किसी महिला की गिरफ्तारी स्वयं ही संशय सिद्ध करती है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संस्थान के नगर अध्यक्ष ब्रज किशोर शुक्ला, शिवा कांत दीक्षित भी मौजूद रहे।

## खाद बीज की आपूर्ति के लिए डीएम को दिया प्रार्थना पत्र

बिसवां नगर (सीतापुर)। किसानों की उम्मीदों से जुड़ी साधन सहकारी समिति लिमिटेड छी इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही है। खेतों में फसल लहलहाने से पहले ही खाद और बीज की कमी ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसी समस्या को लेकर समिति के अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि समिति पिछले कई वर्षों से संसाधनों के अभाव से जूझ रही है। समय पर उर्वरक व अन्य कृषि आदानों की उपलब्धता न होने के कारण किसान इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। हालात ऐसे हैं कि किसानों को अन्य समितियों से खाद-बीज लाना पड़ रहा है। जबकि उनकी पहली आस अपनी ही समिति से होती है। अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने यह भी बताया कि सचिवीय व्यवस्था के प्रभावी संचालन के अभाव में प्रशासनिक कार्य प्रभावित हैं। साथ ही समिति परिसर में विभिन्न आयोजनों के चलते भंडारण और वितरण व्यवस्था बाधित होती रही है, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि साधन सहकारी समिति लिमिटेड छी बिसवां को प्राथमिकता के आधार पर खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, सचिव की नियमित व सक्रिय तैनाती की जाए तथा समिति संचालन में आ रही सभी बाधाओं को दूर किया जाए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले कृषि सत्र में उत्पादन प्रभावित होना तय है।

# बच्चों ने जलाया ज्ञान का दीप, कैमरे के सामने समझी ऑटोमेशन की बुनियाद



उन्नाव (वीओएल)। यूनिसेफ से संचालित एलबीडी कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को औरास के यूपीएस रामपुर गढ़ौवा में आर्डुइनो आधारित विज्ञान प्रोजेक्ट का वीडियो शूट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

बच्चों ने एलईडी ब्लिंकिंग, सर्वो मोटर कंट्रोल तथा आर्डुइनो यूनो बोर्ड के उपयोग को स्वयं करके दिखाया, जिससे ऑटोमेशन और इलेक्ट्रॉनिक्स की बुनियादी समझ विकसित हुई। राजकुमार, आशीष, समरीन एवं दीपाली ने सक्रिय सहभागिता करते हुए आर्डुइनो बोर्ड की संरचना, वीसीसी-जीएनडी कनेक्शन, डिजिटल पिन्स के उपयोग तथा आर्डुइनो आईडीई में प्रोग्राम अपलोड करने की प्रक्रिया को कैमरे के सामने समझाया। बच्चों ने एलईडी ब्लिंक प्रोग्राम के माध्यम से आउटपुट कंट्रोल और सर्वो मोटर स्वीप प्रोग्राम के जरिए मोटर को शून्य से 180 डिग्री तक घुमाकर प्रयोगात्मक रूप से प्रदर्शित किया। शिक्षक प्रदीप ने यह भी बताया कि किस प्रकार कोडिंग के माध्यम से मशीनों को निर्देश दिए जाते हैं और यह तकनीक भविष्य में ऑटोमेशन प्रोजेक्ट, रोबोटिक्स तथा स्मार्ट उपकरणों के निर्माण में सहायक बन सकती है। इस दौरान सुरक्षा संबंधी सावधानियों, सही वायरिंग तथा अर्थ कनेक्शन की जानकारी भी दी गई। प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक विश्लेषण एवं समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना रहा। हाथों से करके सीखने की इस प्रक्रिया से बच्चे विषयवस्तु को रटने के बजाय समझकर सीख रहे हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता दोनों बढ़ रही है। शूटिंग के दौरान विद्यालय पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी औरास संजय शुक्ला ने प्रोजेक्ट शूट की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के मॉडल प्रोजेक्ट पूरे प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। प्रदीप ने बताया कि विद्यालय में एलबीडी के आठ प्रोजेक्ट पूरे किए जा चुके हैं, जिन्हें मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश स्तर पर एलबीड़ी कक्षाओं के संचालन हेतु प्रदर्शित किया जाएगा। यूनिसेफ ने इन प्रोजेक्टों का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर तकनीक, कोडिंग और ऑटोमेशन से जोड़ना बताया, ताकि बच्चे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। विद्यालय में लगातार हो रहे इन नवाचारों से बच्चों की सीख सशक्त हो रही है। यूनिसेफ टीम से नूरिया नखत, राजेंद्र कुमार एवं वाइज उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में 50 हजार का इनामिया गिरफ्तार, हथियार व नगदी बरामद



सिधौली (सीतापुर)। पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सिधौली क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के दौरान 50 हजार रुपये के इनामिया वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के नेतृत्व में एसओजी टीम और थाना सिधौली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से ग्राम बाड़ी के पास कोनी घाट पुल की ओर आ रहा है। पुलिस टीम ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के बाएं पैर में लगी, जिसके बाद उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधी की पहचान छोटू मिश्रा उर्फ सुनील मिश्रा उर्फ संजय मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा निवासी शिद्धेश्वर नगर थाना सिधौली जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से एक संदिग्ध अपाची मोटरसाइकिल, एक अवैध 12 बोर तमंचा, दो कारतूस (जिंदाध्खोखा), एक मोबाइल फोन और 1,940 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। घायल बदमाश को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी सिधौली भेजा गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ हत्या, लूट, डकैती की तैयारी और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं। वह थाना सिधौली में पंजीकृत जबरन वसूली के मामले में वांछित था और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की मनी जयंती



पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला अंतर्गत सरैंया राजा साहब स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं और किसानों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर रालोद प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान ने कहा कि चौधरी साहब के कारण ही किसानों की राजनैतिक प्रासंगिकता बनी और आज सभी दल किसानों की बात करने पर मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने जीवन भर गांव गरीब किसान के कल्याण के लिए काम किया। रालोद जिलाध्यक्ष शरद पांडेय ने कहा कि जब तक किसान समृद्ध नहीं होता तब तक देश के समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती। इस दौरान सपा नेता विनय यादव कांग्रेस नेता राहुल रस्तोगी, रालोद के साबिर अली, किसान नेता सच्चिदानंद पटेल, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, महेश प्रसाद, राजेंद्र यादव, राम इकबाल वर्मा, अमित कुमार, हनुमान प्रसाद, निखिल कुमार, धनपाल, शोभित गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## पुरवा में सर्दी से बचाव के लिए राहत व्यवस्था लागू



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कड़ाके की ठंड को देखते हुए एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव की पहल पर ठंड से पीड़ित लोगों के लिए राहत व्यवस्था लागू की गई है। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस और प्रशासन के सहयोग से यह व्यवस्था शुरू की गई है। निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई व्यक्ति ठंड या सर्दी से पीड़ित अवस्था में पाया जाता है तो सूचना मिलने पर उसे तत्काल रैन बसेरा में सुरक्षित पहुंचाया जाएगा इसके लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था भी की गई है। स्थानीय प्रशासन की ओर से बताया गया है कि ई-रिक्शा चालक रामशंकर (मोबाइल नंबर 8009957073) के माध्यम से सूचना देने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं कोई जरूरतमंद, बेसहारा या ठंड से प्रभावित व्यक्ति दिखे तो तुरंत सूचना दें, ताकि समय रहते उसकी मदद की जा सके।

## 51 हजार तुलसी के पौधों का होगा निःशुल्क वितरण

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव (वीओएल)। तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर निकाली जाने वाली 9वीं विशाल तुलसी पूजन यात्रा को इस वर्ष नर सेवा नारायण सेवा संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष विमल द्विवेदी के स्मृतिशेष पिता महेश चंद्र द्विवेदी को समर्पित किया जाएगा।

आपके संस्कार, हमारी पहचान शीर्षक के तहत आयोजित यह यात्रा भारतीय संस्कृति के संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और युवाओं में राष्ट्रभक्ति का संचार करने के उद्देश्य से निकाली जाएगी। एक प्रेस वार्ता में विमल द्विवेदी की अनुपस्थिति में संस्था के महासचिव एवं प्रवक्ता विनय द्विवेदी ने बताया कि यात्रा में 51 हजार तुलसी के पौधों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा तथा सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक विषयों पर आधारित भव्य झांकियां मुख्य आकर्षण होंगी। इनमें स्वदेशी के महत्व और आत्मनिर्भर भारत का संदेश देने वाली झांकियों के साथ ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के माध्यम से भारतीय सेना के शौर्य, सामाजिक चेतना और नारी शक्ति के सम्मान को दशार्या जाएगा। इसके अलावा काकोरी कांड के शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह और ठाकुर रोशन सिंह को श्रद्धांजलि देने वाली विशेष झांकी, 12वीं सदी के महान शासक महाराज बिजली पासी, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के स्मरणार्थ झांकियां तथा गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के शौर्य और बलिदान पर आधारित झांकियां भी शामिल रहेंगी। यात्रा में मातृ शक्ति की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जो भारतीय संस्कारों के संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को दर्शाएगी, वहीं तुलसी के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर रहेगा। महासचिव विनय द्विवेदी ने सभी धर्मप्रेमियों और राष्ट्रभक्तों से इस विशाल यात्रा में सहभागिता की अपील की। प्रेस वार्ता में हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी सहित राकेश राजपूत, निशांत शुक्ला, अवधेश दीक्षित, विकास सेंगर, मनीष अवस्थी, शिवसेवक त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ला, योगेन्द्र तिवारी समेत संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दूरदराज के कलाकारों ने तकिया मेला में गीत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक प्रसिद्ध तकिया मेंले में चल रही संस्कृति कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में मंगलवार को भारतीय सांस्कृतिक मंडल लखनऊ द्वारा लोकगीत आल्हा गायन




व गीत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। भारतीय सांस्कृतिक लखनऊ मंडल की ओर से प्रभु दर्शन ग्रुप के अमित, रोशन व रिया की, राधा रानी कहो तो अभी जान दे दूं तथा, मुरलिया दे दो राधा जैसी प्रस्तुतियों से मेंले के माहौल को उल्लास और ऊर्जा से भर दिया। वही भारतीय सांस्कृतिक विभाग की दूरदर्शन के लोकगीत आल्हा गायक राम लखन रायबरेली व उनके साथियों द्वारा गाए गए लोकगीत आल्हा माडौ की लड़ाई का लोगों ने देर शाम तक आनंद लिया और उसे खूब सराहा तथा कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेंला अधिकारी/उप जिलाधिकारी रनवीर सिंह तहसीलदार गणेश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया तथा कलाकारों का उत्साह वर्धन करते हुए बधाई दी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के मेंला प्रभारी सुनील दीक्षित, विजय अमीन सुधीर मिश्रा विनोद मिश्रा मनोज आदि मौजूद रहे।

# मनरेगा से महात्मा गांधी नाम हटाने के खिलाफ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



हरगांव (सीतापुर)। विकासखण्ड हरगांव में कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष विजय भार्गव के नेतृत्व में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा पासी उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम के अन्तर्गत कांग्रेस ब्लॉक कार्यालय से सैकड़ों मनरेगा मजदूरों कांग्रेस कार्यकताओं एवं हरगांव की जागरूक जनता के साथ एक विशाल जुलूस निकाला गया। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए खण्ड विकास कार्यालय परिसर स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क पहुँचा। वहाँ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं रघुपति राघव राजा राम का जाप किया गया। तत्पश्चात खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा पासी ने केन्द्र सरकार के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण, जनभावनाओं के विपरीत एवं गांधी वादी विचारधारा का खुला अपमान है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम इस योजना में केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकार, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इस नाम को हटाना देश की आत्मा एवं संवैधानिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। इस निर्णय को लेकर देशभर में गांधीवादी विचारधारा से जुड़े लोगों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। इसी क्रम में कांग्रेस कमेटी के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री राजेश सिंह तोमर ने कहा कि देश को रोजगार चाहिए नाम बदलने की राजनीति नहीं। वहीं कांग्रेस उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि मनरेगा केवल योजना नहीं, बल्कि सम्मान, रोजगार और अधिकार का प्रतीक है।

## डीएम ने धान खरीद के संबंध में की समीक्षा बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत होने वाली धान खरीद के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी केन्द्र प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप धान क्रय किया जाना सुनिश्चित करें। टोकेन सिस्टम का प्रभावी रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये तथा किसी भी दशा में बाद के टोकेन धारक का धान क्रय पहले के टोकेन धारक से पूर्व न किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि मानकों के अनुरूप 48 घण्टे के भीतर कृषकों को भुगतान भी सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा सभी केन्द्र प्रभारी निर्धारित समय तक केन्द्र पर उपस्थित रहें।

उन्होंने कहा कि तौल कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाये तथा मूल्य समर्थन योजना का पूर्ण लाभ कृषकों को मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी सहकारी समितियों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि वह समिति में उपस्थिति दिवस के विषय में सूचना संबंधित समिति पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें तथा अपना मोबाइल नम्बर भी प्रदर्शित करें। समितियों के माध्यम से मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये किसानों को यूरिया का वितरण निर्धारित मूल्य पर कराया जाये। किसी भी प्रकार की ओवरप्राईजिंग अथवा टैगिंग न की जाये। उन्होंने कहा कि किसान भाईयों को सहकारी समितियों पर अत्यधिक विश्वास होता है। इसलिये सभी को पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुये इस विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना होगा। उन्होंने यूरिया वितरण के मानक निर्धारण हेतु जारी किये जाने वाले पासबुक का वितरण आगामी तीन दिवस में पूर्ण कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिला खरीद अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी उदय प्रताप सिंह सिसोदिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भजन-लोकगीत व मनमोहक झांकियों ने बांधा समां

पाटन (वीओएल)। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पाटन क्षेत्र के तकिया मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। मेले में भजन, लोकगीत और आकर्षक झांकियों का मंचन किया गया, जिसमें बाबा दीन मिश्र सांस्कृतिक पार्टी, उन्नाव द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे मेले में उत्साह व उल्लास का माहौल बना दिया। इस अवसर पर दलनेता बालजी मिश्रा, पूनम सिंह, गंगाराम, बहोरन और नंदलाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मंदिर के पास मिला गोवंश का कटा सिर, रिपोर्ट दर्ज

बांदा। शहर की स्वराज कॉलोनी जेल रोड में गोवंश का कटा हुआ सिर मंदिर के सामने रखा मिला। शिव शुक्ला ने विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति को इसकी जानकारी दी। महेश प्रजापति ने नगर कोतवाली पुलिस एवं पशु विभाग टीम को जानकारी दी। इसके बाद विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा के पदाधिकारी और लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। गोवंश को न्याय दिलाने की बात को लेकर काफी देर तक सड़क में जाम लगा रहा। नगर कोतवाल ने पहुंचकर जाम खुलवाया और आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महेश कुमार प्रजापति ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है।इस घटना की जानकारी मिलने पर हिंदु संगठनों में आक्रोश है। घटना से ऐसा प्रतीत होता है जैसे कुछ असमाजिक तत्वों ने अशांति फैलाने के लिए ऐसा किया है।हिन्दु संगठनों ने ऐसा कृत्य करने लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।छात्र नेता शिवा शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया, जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी, अटल द्विवेदी, अर्पित मिश्रा, आदित्य पाल, जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति, अविनाश राय, रामकरण पाल नगर उपाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बागेन नदी पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद

बांदा। नरैनी-कालिंजर मार्ग पर बागेन नदी पुल से गुजरने वाले भारी वाहनों का आवागमन 21 दिसम्बर से 9 जनवरी तक पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि बांदा-नरैनी-कालिंजर मार्ग के किलोमीटर 42 पर स्थित बागेन नदी पुल पर अनुरक्षण का कार्य प्रगति पर है। पुल की बियरिंग एवं सस्पेंशन, ज्वाइंट बदलने के लिए पुल पर यातायात को बंद रखने की जरूरत है। नरैनी से कालिंजर जाने वाले वाहनों को नरैनी से अतर्रा, बदौसा, बघेलाबारी होते हुए कालिंजर जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग मौजूद है। उन्होने कहा कि लोगों की सुरक्षा को देखते हुए बांदा-नरैनी-कालिंजर मार्ग पर बागेन नदी दीर्घ सेतु से निकलने वाले सभी भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा जबकि हल्के वाहनों का आवागमन प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है।जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया है कि आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाए और 21 दिसम्बर से पुल से आवागमन करने वाले सभी भारी वाहनों को वैकल्पिक रास्ते से निकालने की कार्रवाई की जाए।

## शिक्षामित्रों की मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने एक ज्ञापन डीएम सत्यप्रकाश को सौंपा। बताया कि बीएलओ शिक्षामित्र हेमलता कुशवाहा का एम्स हॉस्पिटल भोपाल में ब्रेन हेमरेज का आपरेशन हुआ है। जिन्हें तत्काल धनराशि स्वीकृत कराई गई। इसके बाद शिक्षा मित्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा मित्रों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसी स्थिति में प्रदेश के समस्त शिक्षामित्रों के आयुष्मान कार्ड बनाया जाये। स्थानांतरण समायोजन प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें महिला एवं दिव्यांग शिक्षा मित्रों को नगर क्षेत्र के विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाए। मंहगाई को देखते हुए शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि की जाए।जिलाधिकारी ने तुरंत चेक दिलवाए जाने के लिए एडीएम को निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि अति शीघ्र प्रदेश स्तर की मांगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेज दिया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवत सिंह, बृजेश टोंटे, अशोक परिहार, राजेंद्र पस्तोर, आशा, अशोक शर्मा, मालती, हरिओम राजपूत, रेखा मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## मारपीट कर धमकाने का आरोप

ललितपुर। महरौनी के ग्राम भैंरा निवासी नन्दलाल लोधी पुत्र स्व.श्यामफूल ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि 22 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे ग्राम भैंरा निवासी जगपाल लोधी के साथ घर के सामने ताप रहा था।उसी समय गांव के करन सिंह लोधी, धर्मेंद्र उर्फ कलुआ पुत्र करन सिंह लोधी ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। धर्मेंद्र ने हाथ में पहने कड़े से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पनारी में ग्राम सभा की जमीन पर बड़ा खेल

### प्रशासन सख्त, लगा चेतावनी बोर्ड




ललितपुर। पनारी क्षेत्र में इन दिनों ग्राम सभा की जमीन को लेकर बड़ा खेल सामने आ रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा ग्राम सभा की भूमि का गलत तरीके से उपयोग कर प्लाट बेचे जा रहे हैं और भोले-भाले लोगों को धोखे में रखकर रजिस्ट्री कराई जा रही है। यह मामला सामने आने के बाद ललितपुर प्रशासन हरकत में आ गया है और संबंधित जमीन पर चेतावनी बोर्ड लगाकर सख्त संदेश दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पनारी में स्थित सुधा बिहार कॉलोनी से निकलने वाला रास्ता ग्राम सभा की जमीन से होकर गुजरता है। इसी जमीन का सहारा लेकर कुछ कॉलोनाइज? और बिचैलिए प्लाट दिखाकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं।लोगों को यह बताया जा रहा है कि जमीन वैध है, जबकि वास्तविकता में वह भूमि ग्राम सभा की है और उस पर किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त अवैध है। बताया जा रहा है कि पूर्व में ललित प्रशासन द्वारा ग्राम सभा की जमीन ग्राम प्रधान को सुपुर्द की गई थी। प्रशासन के आदेश के अनुपालन में लेखपाल और ग्राम प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम सभा की जमीन पर बोर्ड गाड़ा गया, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि यह भूमि ग्राम सभा की है और इस पर किसी भी प्रकार का निर्माण, बिक्री या रजिस्ट्री गैरकानूनी है।जैसे ही मामला प्रशासन के संज्ञान में आया, अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चेतावनी बोर्ड लगवाया और स्पष्ट किया कि ग्राम सभा की जमीन पर किसी भी तरह का सौदा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी संकेत दिए हैं कि यदि भविष्य में इस प्रकार की धोखाधड़ी सामने आती है तो संबंधित लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। प्रशासन की ओर से ललितपुर और पनारी के निवासियों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें। किसी भी जमीन को खरीदने से पहले उसकी विधिवत जांच करें, राजस्व अभिलेख देखें और तहसील या संबंधित विभाग से जानकारी अवश्य लें।बिना जांच-पड़ताल के प्लाट खरीदना आगे चलकर भारी नुकसान और कानूनी पचड़े में फंसा सकता है। फिलहाल प्रशासन की सख्ती से अवैध गतिविधियों पर लगाम लगने की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। ललितपुरवासी सावधान रहें, जरा सी लापरवाही आपको बड़े जाल में फंसा सकती है।

# कस्बे में लंगूरों का आतंक



ललितपुर। कस्बा जाखलौन में काले मुंह वाले बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। आए दिन बंदरों के झुण्डों के अचानक गांव में घुसकर उत्पात मचाने से लोगों ने अपने फलदार बगीचे समाप्त कर खेती करना शुरू कर दिया है। बंदरों के झुंड के झुंड घरों में घुसकर हमलावर होकर तोडफोड़ और खाने पीने की वस्तुओं को ले जाते हैं। जंगल और पहाड़ के निकट बसे होने के कारण कस्बावासी बंदरों के उत्पात से बेहद परेशान हैं। बड़ी संख्या में प्रतिदिन बंदर बस्ती में घुसकर घरों की छतों पर लगी छतरियों, सोलर पैनलों और नेटवर्क संचार के उपकरणों को छतिग्रस्त कर रहे हैं। घरों में महिलाओं और बच्चों से ये भयभीत होने के बजाय उन पर हमलावर हो जाते हैं। अब तो कभी कभी 15-20 बड़े बड़े बंदरों के झुंड घुसकर काफी उत्पात मचाने लगे हैं, जो परिवार सहित आने वाले बंदरों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। अब इनसे परेशान लोगों ने अपने घरों और बगीचों में फलदार पेड़ लगाना बंद कर दिया है। कस्बे के बड़े बड़े फलदार बगीचों को उनके मालिकों ने खेतों में बदलकर खेती करना प्रारंभ कर दिया है। बताते चलें कस्बे में कभी बुंदेला परिवारों, राव साहब परिवार और कौशिक परिवार के अमरूदों के बड़े बगीचे हुआ करते थे। जिनमें फलों के साथ सब्जी का उत्पादन होता था। बंदरों के उत्पात से अब सबने उनमें खेती करना प्रारंभ कर दिया है। घरों में सब्जी और फलदार पेड़ लगाने का भी कोई अर्थ नहीं बचा है। बंदर आए दिन इनमें घुसकर तहस नहस कर देते हैं। ये समस्या अन्य गांवों बंदरगुड़ा, बारोद, ऐरा, आलापुर, देवगढ़ में भी गंभीर रूप धारण कर चुकी है।

# पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनी



ललितपुर। राष्ट्रीय किसान दिवस पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न से सम्मानित चैधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर किसान दिवस मनाया। चैधरी चरण सिंह देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे, जो पूरी दुनिया गांव ग्रामीण क्षेत्र को मजदूरों को ही मानते थे। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र 80 प्रतिशत आबादी बसती है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर उनका हल लेते थे, उनकी जो समस्याएं होती थी उन्हें स्वयं अपने सामने समाधान करवाते थे। किसान और मजदूरों की मसीहा थे, सदैव उन्होंने गरीब मजदूर किसान और देश हित में ऐसा काम किया आज पूरी दुनिया उन्हें याद करती है। जब किसानों को आंदोलन करने की जरूरत नहीं पड़ती थी, उनके अधिकार उन्हें मिलते थे। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी संरक्षक भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति, गजेंद्र सिंह 4 जी प्रधान प्रदेश मुख्य सचिव भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति, पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद जैन एड., पं.महेंद्र कुमार पाराशर, अजय एड., अजय सिंह राजपूत एड., रवि श्रीवास्तव एड., शशिकांत राजपूत, आनंद सिंह, कुसुमलता एड. हाईकोर्ट, गजराम लोधी, ऋषिपाल सिंह, शैलेंद्र कुमार जैन, अनूप ताम्रकार, जानकी प्रसाद बौद्ध, शशिकांत राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

# विवाद में गला दबाकर की गयी थी हत्या

### दोस्त ही निकला कातिल



ललितपुर। जनपद के थाना नाराहट क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या की गुत्थी को पुलिस और स्वाट टीम ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मंगलवार को हत्या के वांछित आरोपी रामअवतार को जंगल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कर्ज और आपसी विवाद के चलते आरोपी ने अपने ही दोस्त को मौत के घाट उतार दिया था।

बीती 18 दिसंबर को दीपक प्रजापति नामक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने क्षेत्राधिकारी पाली के नेतृत्व में चार टीमें (नाराहट पुलिस, स्वाट और सर्विलांस) गठित की थीं। तकनीकी साक्ष्यों और धरातलीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने आज ग्राम कलौथरा के जंगल से अभियुक्त रामअवतार को धर दबोचा।

कर्ज और अपमान बना हत्या की वजह पुलिस पूछताछ में आरोपी रामअवतार ने अपना जुर्म कबूल करते हुए चैंकाने वाले खुलासे किए। आरोपी ने बताया कि ?लेनदेन का विवाद आरोपी ने करीब 4-5 महीने पहले मृतक दीपक से 20 हजार रुपये उधार लिए थे। दीपक लगातार अपने पैसों की मांग कर रहा था, जिससे रामअवतार परेशान था। बीते18 दिसंबर की शाम पैसों की बात पर विवाद हुआ। रामअवतार दीपक को अपने घर ले गया, जहां दोनों ने साथ शराब पी। नशे की हालत में दीपक ने फिर से पैसे मांगे और आरोपी की पत्नी पर अभद्र टिप्पणी कर दी। इसी बात से आक्रोशित होकर रामअवतार ने पहले दीपक को धक्का दिया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसने यह सुनिश्चित करने के लिए कि दीपक जीवित न बचे, उसके शव पर टायर और लकड़ी का तखता रख दिया और फरार हो गया।

ऑपरेशन कनविक्शन के तहत होगी सख्त सजा रू पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकरण को ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित किया गया है। पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों के माध्यम से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेगी ताकि माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की वार्षिक बैठक संपन्न

### ललितपुर को मिला द्वितीय स्थान, जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह को किया गया सम्मानित





ललितपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) उत्तर प्रदेश के वर्ष 2026 सदस्यता विस्तार महाअभियान में ललितपुर जिले को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है, तो वहीं प्रथम स्थान पर कुशीनगर और तृतीय स्थान पर जनपद बस्ती रहा। मंडल अध्यक्ष झांसी एस.के. भदौरिया ने बताया कि इस बार मंडल के तीनों जिले झांसी, ललितपुर, जालौन का प्रदर्शन जोरदार रहा है और जनपद ललितपुर ने द्वितीय स्थान पाकर पूरे झांसी मंडल का नाम प्रदेश में रोशन किया है। विंध्याचल (मीरजापुर) की प्रदेश कार्यसमिति की वार्षिक बैठक में ललितपुर जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह की अथक मेहनत के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि सम्राट सिंह ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। संगठन के के कार्यो सक्रिय भागीदारी और समर्पण सराहनीय है। प्रदेश सचिव डा.बी.बी. गौर ने कहा कि यह उपलब्धि दशार्ती है कि ललितपुर इकाई ने प्रांतीय नेतृत्व के दिशा-निदेर्शो का प्रभावी ढंग से पालन किया और जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर अन्य जिलों के अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों ने बधाई प्रेषित की है। सोशल मीडिया पर स्थानीय पत्रकारों की बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

## पड़ोसियों ने एकराय होकर मारा-पीटा, धमकाया

ललितपुर। बीड़ी कारखाना के पास मोहल्ला नदीपुरा निवासी सोनाली चैरसिया पुत्री रामकिशन चैरसिया ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। अवगत कराया कि 21 दिसम्बर को अपराह्न करीब 1 बजे वह अपने पिता, बहन अंशिका, आर्या के साथ थी। तभी पड़ौस में रहने वाले भूपेन्द्र चैरसिया, मयंक चैरसिया व विजय चैरसिया पुत्रगण दिनेश चैरसिया व दिनेश चैरसिया पुत्र मथुरा प्रसाद एकराय होकर आये और मकान के विवाद को लेकर गालियां देते हुये अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में चोट आयी। इसके अलावा पिता को आंख, सिर व पसली में चोट आयी।

# शादी के छह माह बाद जेवरात व नकदी लेकर दुल्हन हुई फुर्र

### बिचौलिये ने शादी कराने के एवज में लिये थे डेढ़ लाख रुपये

ललितपुर। लुटेरी दुल्हन का कहर ललितपुर क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। गांव क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार ने मध्य प्रदेश की एक महिला पर शादी के बाद घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी धोखे से उठाकर मायके ले जाने और फोन करने पर दूसरी शादी करने की बात कही। इस बात से परिवार में हड़कम्प मच गया। मामले की शिकायत पीड़ित पक्ष ने थाने के अलावा मुख्यमंत्री तक की है। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरई निवासी उदय कुमार नायक पुत्र रूपनारायण नायक ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक शिकायती पत्र जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा है। बताया कि मऊमाफी में रहने वाले दिनेश तिवारी पुत्र रामरतन तिवारी द्वारा उसकी शादी मध्य प्रदेश के जिला विदिशा अंतर्गत थाना देहात गंज बसौदा अंतर्गत वार्ड नं. 21 ईदगाह रोड निवासी जितेन्द्र शर्मा की पुत्री आरती शर्मा से 23 फरवरी 2024 को चण्डी माता मंदिर नई बस्ती से करायी थी। बताया कि दिनेश तिवारी ने उसकी मां उमा से करीब 1.50 लाख रुपया शादी में खर्च करने के एवज में लिये और लड़की पक्ष को अच्छी तरह से जानने की बात कहते हुये गलत होने पर जिम्मेवारी भी ली थी। पीड़ित ने बताया कि शादी के दिन उसने अपने परिजनों के साथ आरती शर्मा को चांदी की पायल, करधौनी व सोने की झुमकी, मंगलसूत्र दिया था और शादी सम्पन्न हुयी थी। पीड़ित के अनुसार शादी के 6 माह तक आरती उनके साथ रही, फिर काम होने की बात कहते हुये मायके चली गयी और तब से अब तक वापस नहीं लौटी।

# सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद की बैठक संपन्न

### सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष बने हरीराम खरे, कोषाध्यक्ष भाग्यचंद त्रिपाठी



ललितपुर। उत्तर प्रदेशीय सेवा निवृत्त शिक्षक कलयाण परिषद की एक आवश्यक बैठक श्रीनृसिंह मन्दिर की धर्मशाला में शम्भूदयाल प्रान्तीय सदस्य एवं पर्यवेक्षक की अध्यक्षता एवं दशरथ प्रसाद रजक झांसी जिलामंत्री के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा निराकरणों के लिए योजनायें बनायी गयीं तथा ललितपुर जनपद के लिए पदाधिकारियों की घोषणा की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से हरीराम खरे को जिला संयोजक/अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी। साथ ही जिला सह संयोजक/मंत्री पद मुरलीधर यादव और कोषाध्यक्ष पद भाग्यचन्द त्रिपाठी को दिया गया। अन्त में झांसी जिलाध्यक्ष एवं माण्डलिक मंत्री लखनलाल सक्सेना द्वारा सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर प्रमाण पत्र दिये गये। इस दौरान सेवानिवृत्त अध्यापक एवं संगठन के संरक्षक अरविन्द कुमार तिवारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में छक्कीलाल साहू, रामनारायण पाराशर, शालिगराम शर्मा, काशीनाथ नायक, कृपाल सिंह, परमानन्द विश्वकर्मा, हरगोबिन्द सोनी, अनन्तराम रिछारिया, रामकिशन लोधी, वृषभान सिंह यादव, मेहरबान सिंह यादव, चुन्नीलाल पांचाल, रामनारायण आदि उपस्थित रहे। संचालन अखिलेश श्रीवास्तव ने किया।

## सेतु निर्माण के लिए सदर विधायक के प्रयास से मिली धनराशि



महोबा। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम गहरा से सलुवा मार्ग पर चंद्रावल नदी पर दीर्घ सेतु पहुंच निर्माण कार्य हेतु 14 करोड़ 35 लाख 97 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है। इस सेतु निर्माण के लिए ग्राम गहरा, उटियां, पिडारी, सिचौरा, लिलवाही, धरौंन एवं सलुवा, कमलखेडा, कनेरी, सिंघनपुर बघारी, पाठा, गढहरी, बारी, रिहुनियां, बैहारी आदि के निवासियों एवं विशेष रूप से किसानों द्वारा पुरजोर मांग की गई थी। ग्रामवासियों एवं किसानों की इस बड़ी समस्या को देखते हुए उन्होंने निरंतर प्रयास किये और 7 करोड़ 17 लाख 99 हजार रुपये की पहली किस्त भी अवमुक्त कर दी गई है। इस अत्यंत महत्वपूर्ण सौगात के लिए सदर विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार प्रकट किया है और कहा है कि यह सेतु क्षेत्रवासियों के लिए आवागमन को अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएगा तथा विकास की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

## टॉप 10 में शामिल अपराधी सहित 2 अभियुक्तों को 2 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

महोबा। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस द्वारा की गयी गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन पक्ष के साथ माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप ए एस जे प्रथम द्वारा चोरी की सम्पत्ति को बेईमानी से प्राप्त करने वाले टॉप 10 अपराधी कमलेश पुत्र छन्नू तथा अभियुक्त संतोष पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम मुढारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को 2-2 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5-5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी की जयंती पर होंगे अनेक कार्यक्रम



बांदा। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती अटल स्मृति पखवाड़ा के रूप में मनाई जाएगी। जयंती पर प्रतियोगितायें, विचार गोष्ठी, प्रदर्शनी, जीवन पर आधारित कविता पाठ, स्वच्छता अभियान, रचनात्मक एवं प्रेरणादाई कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसे लेकर मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि अटल एक नेता ही नहीं, बल्कि युग द्रष्टा, कवि और राष्ट्रनायक भी थे। उनके विचार आज भी देश की राजनीति और शासन व्यवस्था को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि 24 दिसंबर को मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा, इसके बाद मूर्ति, चित्र पर दीपांजलि, पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। 25 दिसंबर को सभी बूथों में उनकी जयंती मनाई जाएगी तथा प्रदर्शनी, विशाल गोष्ठी का आयोजन होगा। 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोविन्द सिंह व वीर बाल साहिबजादों के बलिदान दिवस को स्मरण कर गुरुद्वारे व सार्वजनिक स्थलों पर विशाल कार्यक्रम आयोजित कर उनके बलिदान व साहस का सन्देश दिया जायेगा। इसके बाद मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत मण्डल स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सभी पदाधिकारियों से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वाहन किया। कार्यशाला में जिला प्रवासी दिनेश तिवारी व अवधेश गुप्ता, जगराम सिंह, संतोष गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव, उत्तम सक्सेना, अयोध्या सिंह पटेल, प्रेमनारायण द्विवेदी, विवेकानंद गुप्ता, ममता मिश्रा, वंदना गुप्ता, जाग्रति वर्मा, धर्मेंद्र त्रिपाठी, पंकज रैकवार, अखिलेश दीक्षित, प्रेम नारायण पटेल मौजूद रहे।

## पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर : एएसपी



बांदा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की। उन्होने पुलिस पेंशनर्स की पेंशन, चिकित्सा सुविधाएं, पारिवारिक पेंशन, लंबित प्रकरणों एवं अन्य व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना और अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। पेंशनर्स को भरोसा दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर कराया जाएगा। उन्होने पेंशनर्स की सराहना करते हुए कहा कि सेवाकाल में पुलिस विभाग के लिए निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किए गए हैं इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान करना विभाग का नैतिक एवं प्रशासनिक दायित्व है। पेंशनर्स के सम्मान, सुविधा एवं कल्याण के लिए पुलिस प्रशासन सदैव प्रतिबद्ध है। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स से अपील की, कि वह सभी नौकरी से रिटायर हुए हैं सेवा से नहीं, आज भी कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाएं रखने तथा अपराधों पर कार्यवाही करने में उनके अहम योगदान की जरूरत है।

## चरण सिंह जयंती पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन



बांदा। पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह की जयंती पर मंगलवार को विकासखंड बड़ोखर खुर्द परिसर में किसान सम्मान दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय एवं मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय रहे। अनेक विभागों ने लगभग डेढ़ दर्जन स्टॉल लगाकर किसानों को अपने विभागों की संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और किसानों से अनुरोध किया कि किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए अपने बैंक एकाउंट को आधार से लिंक कराकर, ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग व फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराएं ताकि समय से किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सके। उन्होने बताया कि जबसे सम्मान निधि की योजना शुरू की गयी है तब से लगभग 919 करोड़ रुपये किसानों के खातों में डीबीटी के जरिए भेजे जा चुके हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय ने किसानो से कहा कि खेती के क्षेत्र में किसानों को उनके द्वारा किए गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाता है। उन्होने किसानों से अपील की, कि वह सरकार की संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ लें और सम्मानित होने वाले किसानों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।

# कृतघ्न बांग्लादेश

भारत ने अपने पराक्रम और बलिदान से पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों से बांग्लादेश को बचाया था। युद्ध भूमि में अदम्य साहस और त्याग का प्रदर्शन कर पाकिस्तान को हराया और पूर्वी पाकिस्तान के लोगों को बांग्लादेश नाम से एक स्वतंत्र राष्ट्र दिया। गरीबी से अभिशप्त और पाकिस्तानी अत्याचारों से लहूलुहान बांग्लादेश को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए भारतीयों के मेहनत की कमाई बांग्लादेश में लगायी गयी। आज वही बांग्लादेश कट्टरपंथियों के शिकंजे में है। भारत को फुफकार रहा है। ऐसे कृतघ्न बांग्लादेश को न सिर्फ सबक सिखाने बल्कि यहां के हिन्दुओं के लिए सुरक्षित वतन बनाने के लिए भी भारत को एक और युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। 16 दिसंबर वह तारीख थी, जब 1971 में पाकिस्तान के 93,000 फौजियों को भारतीय सेना के सामने आत्म समर्पण करना पड़ा था। उन्हें अपने हथियार जमीन पर रखने पड़े थे। नतीजतन बांग्लादेश की मुक्ति का आगाज हुआ था। भारतीय सेनाओं ने बांग्ला मुक्ति संग्राम में विशेष योगदान दिया था और पाकिस्तान को दो फाड़ करने की लड़ाई लड़ी थी। पूर्वी पाकिस्तान, अंततः बांग्लादेश बना था। वह भारत का ही सृजन था, लेकिन शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से तख्ता पलट के बाद हमारी ही बांग्लादेश हमें आंखें दिखा रही है। यह असहनीय होना चाहिए। भारत को कड़ी प्रतिक्रिया, बल्कि कार्रवाई करनी चाहिए। सिर्फ उसके राजदूत को मंत्रालय में बुला कर विरोध जताने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि नौबत भारत तोड़ो तक की आ गई है। बांग्लादेश के अराजक और जेहादी तत्व धमकियां दे रहे हैं। पूर्वोत्तर के सात राज्यों को भारत से अलग करने, वहां विद्रोहियों को पुनः सक्रिय करने और तनाव, उग्रवाद फैलाने की धमकियों के अलावा साजिशें भी रची जा रही हैं। अब पाकिस्तान बांग्लादेश को अपना भाई बता रहा है और साजिशों का सूत्रधार बना है। उल्फा की सैन्य ईकाई के सरगना परेश बरुआ को चीन से ढाका लाने की कोशिशें जारी हैं, ताकि पूर्वोत्तर को फिर अस्थिर किया जा सके। ढाका में भारतीय दूतावास के बाहर बेहद उत्तेजक और उन्मादी विरोध-प्रदर्शन किया गया। दूतावास में घुसने की कोशिशें की गईं। नारे लगाए गये-बाबर के रास्ते पर चलो, सात राज्यों को आजाद कराओ। बांग्लादेश सरकार की ओर से बार-बार आग्रह किया जा रहा है कि भारत शेख हसीना को सौंप दे। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री) मुहम्मद यूनुस 85 साल के हो गए हैं, लेकिन उनका एकमात्र मकसद शेख हसीना को फांसी पर लटकाने का लगता है। इस संदर्भ में वहां की एक अदालत से सजा-ए-मौत का फैसला भी करा लिया गया है। यूनुस को 2006 में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था, लेकिन अब उनकी राजनीतिक महत्वकांक्षा बढ़ गयी है। यूनुस बांग्लादेश की विनाश की कीमत पर सत्ता चाहता है। देश का विकास जाए भाड़ में, उसने बांग्लादेश को कट्टरपंथी इस्लामी देश में तबदील करने का मानो संकल्प लिया है! देश में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं और देश से बेदखल करने की धमकियां दी जा रही हैं, हिंदुओं के मंदिर, घर-दुकानों को तोड़-फोड़ कर आग के हवाले किया जा रहा है। यह पराकाष्ठा है कि अब पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की साजिशें सामने आ रही हैं। बांग्लादेश के कठमुल्ला, कट्टरपंथी बयान सामने आ रहे हैं कि बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के बीच चिकननेक को बंद किया जाए, ताकि पूर्वोत्तर अपने आप ही भारत से कट जाये। बांग्लादेश की कट्टरपंथी, भारत-विरोधी जमात यह नहीं जानती कि भारत 1971 में ही इस चिकननेक को चौड़ा कर सकता था या इसे अपने कब्जे में ले सकता था, लेकिन भारत ने बांग्लादेश की मुक्ति और आजादी का सम्मान किया। बीते गुरुवार को संसद में विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति की रपट में कहा गया है कि बांग्लादेश की वायुसेना के लालमोनिरहाट एयरबेस की हवाई पट्टी चीन बना रहा है। यह इलाका सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, जिसे संवेदनशील चिकननेक के तौर पर जानते हैं। इसलिए अब भारत को सख्त रुख अपने के लिए तैयार रहना चाहिए। क्योंकि लातों के भूत बातों सुधरने वाले नहीं हैं।




मो. यूनुस बांग्लादेश की सत्ता हथियाना चाहता है और इस कारण वह कट्टरपंथियों के हाथ का खिलौना बन गया है।

### विचार

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

-गुरुनानक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

व्रत का महात्म्य वहीं तक कल्याणकारी है जहां तक ध्यान और अध्ययन में वह बाधक न हो।

-मुनि गणेश वर्णी.

# साल भर सियासत में हावी रहे कई मुद्दे



शाहिद ए चौधरी

राजनीतिक लैंडस्कैप में जॉब्स, अर्थव्यवस्था व इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे मुद्दे भी छाये रहे। परम्परागत यूथ फेस्टिवल्स को एक किनारे करते हुए जनवरी 2025 में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय विकास के लिए विचारों को प्रस्तुत किया गया।



### परिदृश्य-2025

इस साल राष्ट्रीय राजनीति में असल भूचाल उस समय आया जब संसद के मानसून सत्र के पहले दिन यानी 21 जुलाई 2025 को राज्यसभा की कार्यवाही का दिनभर संचालन करने के बाद शाम को उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 'स्वास्थ्य' कारण बताते हुए अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। किसी को भी यकीन नहीं था कि त्यागपत्र की वजह वही थी जो धनखड़ ने बतायी थी। सियासी अटकलों का बाजार अवश्य गर्म हुआ, जो अभी तक जारी है, विशेषकर धनखड़ की पहले खामोशी और फिर राजनीतिक संकेतों से, लेकिन वास्तविक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, जबकि 9 सितम्बर 2025 को सीपी राधाकृष्णन को देश का 15वां उप-राष्ट्रपति चुन लिया गया। वैसे इस वर्ष सबसे अधिक राजनीतिक बहस ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अचानक की गई सीजफायर, बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर और विपक्ष द्वारा वोट चोरी के आरोपों पर हुई।
सीमा पार से आये आतंकियों ने 22 अप्रैल 2025 को नाम पूछकर 26 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी जब वह पहलगाम में पर्यटन के लिए आये थे। इसके जवाब में बुधवार (7 मई 2025) की सुबह 1:30 बजे से कुछ पहले भारतीय सेना ने एक्स पर पोस्ट किया- 'स्ट्राइक के लिए तैयार, जीत के लिए प्रशिक्षित।' इसके बाद पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकाने धुआं-धुआं हो गये, जिनमें वह 2 ठिकाने भी थे जो बालाकोट एरियल स्ट्राइक (फरवरी 2019) के दौरान छूट गये थे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस सफल ऑपरेशन सिंदूर में लगभग 90 आतंकी ढेर हुए। इस स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने भी चीनी हथियारों से भारत के कुछ सीमावर्ती इलाकों पर हमला किया, जिसका भारत की एयरफोर्स ने मुंहतोड़ जवाब दिया। हालांकि दोनों पक्षों में से किसी ने भी युद्ध की घोषणा नहीं की, लेकिन बमबारी का सिलसिला कई दिन तक जारी रहा और अचानक 10 मई 2025 की शाम को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की कि उन्होंने ट्रेड करने का ऑफर देकर दो परमाणु बम वाले देशों भारत व पाकिस्तान में सीजफायर करा दिया है। ट्रम्प ने लगभग चार दर्जन बार अपने इस दावे को दोहराया, लेकिन नई दिल्ली की वजह से कभी इसका सीधा खंडन नहीं किया गया। इस अचानक सीजफायर पर सवाल उठने लाजमी थे, क्योंकि भारत ने निर्णायक बढ़त बनायी हुई थी और यह भी प्रश्न था कि सीजफायर की सूचना पहले ट्रम्प की तरफ से क्यों आयी? जब लड़ाई होती है तो कम या ज्यादा दोनों पक्षों का नुकसान होता है, लेकिन इस पर भी सरकार की तरफ से कोई स्पष्ट जवाब नहीं आया, जबकि भारत के 5-6 विमान गिरने की अटकलों पर बहस होती रही। बहस इस बात पर भी हुई कि पहलगाम में सुरक्षा चूक कैसे हुई और असल हत्यारे कौन थे? सरकार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और कोई भी सीमा पार से आतंकी घटना हुई, तो जवाब दिया जायेगा, लेकिन पुरानी दिल्ली में जब 10 नवम्बर 2025 की शाम को कार विस्फोट हुआ, जिसमें 13 लोगों की जानें गईं तो सरकार ने पाकिस्तान का नाम तक नहीं लिया, जैसा कि पुलवामा व पहलगाम की घटनाओं के बाद लिया गया था।
इस साल दो राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए। दिल्ली में 5 फरवरी 2025 को मतदान हुआ, जिसमें आम आदमी पार्टी को पराजित करके बीजेपी ने शानदार जीत दर्ज की और आतिशी मर्लेना की जगह रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री बनीं। लेकिन दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या निरंतर बद से बदतर होती जा रही है, जबकि बीजेपी की जीत में यही मुख्य मुद्दा था। वायु प्रदूषण के सवाल पर भी इस साल राजनीतिक घमासान जारी रहा। बिहार विधानसभा के लिए मतदान 6 व 11 नवम्बर 2025 को हुआ, जिसमें नितीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने इंडिया गठबंधन पर प्रभावी जीत दर्ज की और उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में दसवीं बार शपथ ली। लेकिन बिहार का चुनाव चुनाव आयोग द्वारा बहुत कम समय में करायी गई एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के कारण अधिक चर्चा में रहा और यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। बाद में चुनाव आयोग ने छह अन्य राज्यों में भी एसआईआर करायी, जिसमें यह आरोप लगे कि 'कम समय में अधिक काम' के तनाव व दबाव के कारण 40 से अधिक बीएलओ (ब्लॉक लेवल ऑफिसर) की मौत आत्महत्या करने या दिल का दौरा पड़ने से हुई और अन्य सैंकड़ों हृदय रोगी हो गये हैं। अब एसआईआर की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 दिसम्बर कर दिया गया है ताकि बीएलओ को अपना काम पूरा करने के लिए अधिक समय मिल जाये। मतदाता सूची एकदम सही होनी चाहिए, इसलिए एसआईआर स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन विपक्ष ने जो चुनाव आयोग को वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कटघरे में खड़ा किया है उसका भी स्पष्ट जवाब सामने आना चाहिए ताकि अवाम का विश्वास लोकतंत्र व चुनावी प्रक्रिया में बना रहे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस साल 'वोट चोरी' पर दो महत्वपूर्ण प्रेस कांफ्रेंस कीं, जिनमें उन्होंने डाटा के जरिये बताया कि एक ही व्यक्ति अनेक जगहों पर मतदाता है, एक कमरे के घर में दर्जनों मतदाता पंजीकृत हैं, शून्य नंबर के घर पर भी सैंकड़ों मतदाताओं के नाम हैं, आदि। इस विषय पर संसद के शीतकालीन सत्र में भी चर्चा हुई, लेकिन कोई ठोस बात निकलकर सामने नहीं आयी। इस साल शासन व नियुक्तियों (जैसे सूचना आयुक्तों) पर भी बहस जारी रही, युवा फोकस (विकसित भारत डायलॉग) पर फोकस रहा और नीति आयोग ने शहरी विकास व जल प्रबंधन पर नीतिगत चर्चाएं कीं। राजनीतिक लैंडस्कैप में जॉब्स, अर्थव्यवस्था व इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे मुद्दे भी छाये रहे। परम्परागत यूथ फेस्टिवल्स को एक किनारे करते हुए जनवरी 2025 में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय विकास के लिए विचारों को प्रस्तुत किया गया। विपक्ष ने सरकार की सूचना आयुक्तों जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति को लेकर कड़ी आलोचना की, जिसका सरकार ने खंडन किया। नीति आयोग ने जल बजट पर अपनी रिपोर्ट जारी की, इस्तेमाल किये जा चुके पानी को फिर से प्रयोग करने के संदर्भ में वर्कशॉप्स का आयोजन किया और शहरी डाटा इकोसिस्टम्स पर फोरम आयोजित किये, जिनमें स्थानीय विकास पर बल दिया गया। जॉब सृजन, आर्थिक योजनाओं (जीएसटी आदि) और विदेश नीति जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चाएं हुईं, जिसमें विपक्ष ने आर्थिक चुनौतियों पर बल दिया। दरअसल, साल 2025 के शुरू होते ही देश की राजनीति में काफी हंगामे के संकेत मिलने लगे थे। एक तरफ प्रियंका गांधी ने वायनाड से जीत दर्ज करके सियासत में सीधे प्रवेश किया, वहीं आरएसएस व बीजेपी के संबंधों में उथल-पुथल देखने को मिलने लगी, जिसकी वजह से अभी तक जेपी नड्डा की जगह बीजेपी का नया अध्यक्ष 'नियुक्त' नहीं किया गया है और बीजेपी के संसदीय दल की भी बैठक नहीं हुई है, हां, एनडीए के संसदीय दल की बैठकें अवश्य हुईं। लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व जसवंत सिंह को 75 वर्ष का होने पर मार्गदर्शक मंडल में डाल दिया गया था, जिसकी आज तक कोई बैठक नहीं हुई, लेकिन 75-वर्ष का नियम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लागू नहीं किया गया।

### सोशल मीडिया

राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 की 'विज्ञान टीम' श्रेणी में सम्मानित किए जाने पर डा. प्रबोध के त्रिवेदी जी के नेतृत्व वाली सी एस आई आर टीम को बधाई। केशव प्रसाद मौर्य.



केन्द्रीय मंत्री कमलेश पासवान के आवास पर यूपी बीजेपी के सांसदों द्वारा आयोजित सांसद संवाद में शामिल हुआ, इस अवसर पर आ. राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। नितिन नबीन.



आज हिन्दी की दुनिया में आहिस्ता से जो चुप्पी उतर आयी है उसे शब्द देने के लिए हमे जरूरत होगी विनोद कुमार शुक्ल की, उनकी कविता अपने भीतर झांकने का साहस देती थी। योगेन्द्र यादव.



# भारतीय दर्शन में योग

### अंतर्दृष्टि

मनुष्य पर अपने आसपास के समाज, पर्यावरण और माहौल का प्रभाव अवश्य पड़ता है। साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान औरवातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषेधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण केगुणों के कारण ही होता है।

# गरीबों के मददगार गैंग

### व्यंग्यलोक

गरीब को थाली में भोजन परोस कर लाने वाले गिरोह सक्रिय हो गये हैं। अब झुण्ड के झुण्ड नेताओं के गरीबों के घरों पर वोटों के लिए दस्तक दे रहे हैं। विकास की बातें फिर वे ही लोग कर रहे हैं, जिन्होंने गरीब को और अधिक गरीब बनाया था। अपना-अपना वोट बैंक सुनिश्चित करने की चालें और जनता की आंखों में धूल झोंकने का तमाशा शुरू हो गया है। चुनावी आगाज हो गया है। उन्हें केवल दिल्ली चाहिए ताकि वे मुखिया बनकर देश की बागडोर संभालें तथा देश को अपने ढंग से हांक सकें। दिल्ली की गद्दी के लिए घमासान फिर शुरू हुआ है। अगला साल जैसे कल ही आने वाला हो। इतनी जल्दबाजी और ताबड़तोड़ भागा-दौड़ी। पहले नहीं देखा था ऐसा नजारा। अब तो सबको दरकिनार करके वे आह्वान करने की मुद्रा में आ गये हैं। उनके आह्वान पर वोट न्यौछावर होंगे या नहीं यह तो वक्त बतायेगा, लेकिन वे देश पर इस समय पूरी तरह फना है। वे जनता से कहलवा रहे हैं 'यस वी कैन, यस वी विल डू'। देशभक्ति उनकी रग-रग में समा गई है। कुछ भी कहो अंदाज उनका अपना मौलिक है। दुश्मनों को ललकारा तो केन्द्र की सत्तारूढ़ सरकार को डूब मरने के लिए कहा। उनकी नीतियां विकास की हैं। बिना-विकास के समस्याओं का समाधान संभव नहीं। मैं खुशी से पगला रहा हूँ कि रामराज की तस्वीर दिखाने वाले इस बार कहीं इसे साकार ही न कर दें। यह घड़ी बड़ी अद्भुत है। वोटर की परेशानी यह है कि वह किस ओर जायें। लुभावनी बातें दोनों ओर हैं। मुझे लगता है एक बार फिर निर्दलियों की पौ बारह होगी। क्योंकि इनके नारों में केवल छलावा है और धोखा है। एक पार्टी का राज मिल जायेगा, कहना कठिन है। वैसे वे एक पार्टी से मुक्त भारत का सपना देख रहे हैं। उनका सपना यही तो है कि केवल उनकी पार्टी सत्ता में हो। सुराज भी तभी आता बताया। वे तालियां बजा रहे हैं, हाथ उठवा रहे हैं और सामने बैठे हजारों-लाखों को बेवकूफ समझने की भूल भी कर रहे हैं। मन करता है ऐसी कायापलट करने वाली सरकार तो अगले वर्ष की एवज में इसी वर्ष बन जाये तो मजा आ जाये। उन्हें वोट के अलावा कुछ नहीं चाहिए। बाकी चीजें तो इसी भरोसे पर वे सब बटोर लेंगे। आंखें चुंधिया रही हैं। विकास का उजाला फैला हुआ दिखाई दे रहा है। दिक्कत एक ही दिखाई दे रही है कि उनकी टांग खींचने वालों को रोक लीजिये, वरना वे लड़खड़ा कर गिर जायेंगे और सरकार नहीं बना पायेंगे रामराज वाली। अलादीन का चिराग लेकर आये हैं ये लोग।



पूरन सरमा

# सिल्क रूट पर परीकथाओं वाला द्वीप है 'बुखारा'



पर्यटन

एक ऐसी जगह की कल्पना कीजिये जहां एक कदम आगे बढ़ाने पर आप कई सदी पीछे चले जाते हैं। एक ऐसी जगह जो बहुत अधिक पारम्परिक है, लेकिन तरोताजागी की उमंगें आपमें भर देती है। वह सूफी मत का केंद्र है और ऐसी जगह भी है, जहां भेड़ की पीठ पर जमी चर्बी उसके मांस जितनी ही महत्वपूर्ण है। यह बातें सिर्फ. बुखारा पर ही लागू नहीं होती हैं बल्कि पूरे उज्बेकिस्तान का यही हाल है। बुखारा एक ऐसी जगह है जहां टैक्सी चालक से लेकर व्यापारी तक आपकी मोलभाव करने की क्षमता की परीक्षा लेगा। अगर आप सौदेबाजी में असफल होकर दार्शनिक की मुद्रा में आ भी जाते हैं तो भी आपको खुश होना चाहिए क्योंकि भारतीय रुपए के मुकाबले में उज्बेक सोम बहुत सस्ता है। मैंने अपने एक दोस्त के साथ तीन-कोर्स लंच मात्र 800 रुपए में खाया और एयरपोर्ट से होटल तक का किराया सिर्फ. 200 रुपए लगा। मैं यह नहीं कह रहा कि बुखारा आप इसलिए जायें कि वह सस्ता है। यह तो ऐसा होगा जैसे कोई आगरा ताजमहल की बजाय लोहा मंडी की वजह से जाये।

बुखारा कठिन सिल्क रूट पर परीकथाओं वाला द्वीप है, जो इतिहास और हेरिटेज की खुली किताब है। पुराने संसार का यह सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक व धार्मिक केंद्र था। वह ज्ञान का लाइटहाउस था। हिन्दुओं के लिए जो बनारस है, वही इस्लामी संसार के लिए बुखारा था। कुछ शताब्दियों के अंतर के कारण मैं बुखारा का आध्यात्मिक वैभव देखने से वंचित रह गया। लेकिन अपनी यात्रा की एक दोपहर जब मैंने नादिर दीवान-बेगी मदरसा काम्प्लेक्स के भीड़भरे आंगन में डांस परफॉर्मेंस व फैशन शो देखा तो मुझे एहसास हो गया कि बुखारा एक अलग ही अनुभव होने जा रहा है। अगले आश्चर्य के लिए मुझे अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। एक सजे हुए पूर्व मदरसा के सामने गधे पर सवार एक व्यक्ति की मूर्ति है, जिसे लोगों ने घेरा हुआ है। डूबते सूरज की नारंगी रोशनी मोटे पेड़ों व पुराने घरों से झांक रही है और व्यक्ति की मुस्कान को अधिक चमका रही है। यह बुखारा का प्रिय मुल्ला नसीरुद्दीन है, जिसकी मनोरंजक कथाएं केंद्रीय एशिया से पृथ्वी के हर भाग में यात्रा कर चुकी हैं। अगर मुल्ला की कब्र को देखना है, तो तुर्की के अकेशीर में जाना होगा। नसीरुद्दीन की गधे पर सवार मूर्ति बुखारा के केंद्र में है जैसे ऐतिहासिक इमारतों, बाजारों, रेस्टोरेंट्स और वेंडर्स पर नजर रख रही हो। प्राचीन गलियों, नहरों व घरों को बहुत ध्यानपूर्वक बरकरार रखा गया है जैसे इतिहास की 3डी तस्वीर बना दी गई हो, जिसकी दिलचस्पी तेज, आधुनिक संसार में प्रवेश करने की है ही नहीं। मैं एक कोने में बैठ गया और इस विंटेज नजारे का आनंद लेने लगा।

जैसे रेगिस्तान के बीच में नखलिस्तान हो, लयाबी हौज एक छोटा सा तालाब है इस हमेशा जवान रहने वाले प्राचीन शहर में। (अगली बार जब आप दिल्ली के हौज खास में जायें तो याद रखें कि हमारे इतिहास में केंद्रीय एशिया से इसका संबंध है)। तालाब के पास पांच बुजुर्ग बोर्ड गेम खेलने में व्यस्त हैं, उन्हें पर्यटकों के आने जाने और व्यस्त कार्य दिवस पर व्यापारियों से कोई लेना देना नहीं है। इस पासे के खेल में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं थी, इसलिए मैं आगे बढ़ा और टोकि तेल्पक बाजार के निकट सबसे विश्वसनीय हमाम में चला गया। हमाम का नाम मुझे किसी ने बताया तो था, लेकिन फिलहाल मुझे याद नहीं आ रहा है। नाम वैसे भी उजबेक में लिखा था और लाल व हरी बत्तियां उस पर टिमटिमा रही थीं। मैंने अपने कपड़े एक लकड़ी के कैबिनेट में बंद किये, अपने नाजुक अंगों को कॉटन के बारीक से तौलिये से कवर किया और फिर कुछ गुम्बदों के नीचे से होता हुआ हॉट चैम्बर में पहुंच गया। यह सदियों पुराना कमरा है, जिसमें मोटी पत्थर की दीवारें हैं। यह दिल्ली की गर्मियों के जितना गर्म है, लेकिन यह मुझे अधिक गर्म क्यों लग रहा है? मैंने अपना सिर घुमाकर देखा तो अपनी बेवकूफी समझ में आयी। मैं ब्लोअर के सामने बैठा था, जो गर्म हवा फेंक रहा था। मैंने अपनी सीट बदली। एक स्लोवाक पर्यटक मेरे पास आ बैठा। कुछ करने को नहीं था तो हम अपने अपने देशों के बारे में बातें करने लगे। अपने मुल्क के जाड़ों को याद करते हुए उसे यह सबसे अच्छा पल लग रहा था। कुछ मिनट बाद एक युवा मालिश करने वाला, जिसने मेरे जैसा ही तौलिया बांधा हुआ था, मुझे मुख्य स्नानघर में ले गया। मैं फिसलन भरे स्टोन प्लेटफार्म पर लगभग सो गया। वह मेरे हाथ पैरों को इस तरह स्ट्रेच करने लगा जैसे मैं कोई जिमनास्ट हूं। **समीर चौधरी.**

## आपकी बात

### जीएसटी में छूट के फायदे

जीएसटी में कटौती से देश के उद्योगों के साथ ही उपभोक्ताओं को भी भारी फायदा हुआ है। इसके साथ ही जीएसटी टैक्स भी बढ़ रहा है। माह दर माह जीएसटी राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। इसी तरह चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अर्थात अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंचना यह बताता है कि देश की अर्थव्यवस्था तमाम झंझावातों से जूझते हुए, खराब वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच रास्ता बनाते हुए तेज गति से आगे बढ़ रही है और अब यह दुनिया भर की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गयी है। इसका प्रतिबिंब माह-दर-माह बढ़ते टैक्स कलेक्शन में देखने को मिल रहा है। बीते साल अप्रैल माह में 1.68 लाख करोड़ गुड्स एंड सर्विस टैक्स के रूप में सरकार के खजाने में आया था जो इस साल अर्थात अप्रैल में बढ़कर 1.87 लाख करोड़ पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अगर हम अन्य आंकड़ों पर बात करें मसलन वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा जीडीपी अनुमान, ई-वे बिल जेनरेशन, मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस सेक्टर का पीएमआई इंडेक्स, तो यह सभी इस तरह इशारा करते हैं कि तमाम अनिश्चिताओं के बीच देश की अर्थव्यवस्था एकदम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। जीएसटी कलेक्शन कई कारणों से अर्थव्यवस्था की सटीक तस्वीर को बताता है। यह न सिर्फ प्रगति का सबसे भरोसेमंद आंकड़ा है बल्कि अर्थव्यवस्था में मांग, उपभोग और भविष्य में सरकार की राजकोषीय स्थिति को लेकर भी भरोसा पैदा करता है। बढ़ते कर से सरकार को अपने खर्च चलाने के साथ राजकोषीय संतुलन में आसानी होगी। देश में जीएसटी का बढ़ता संग्रह इस बात का प्रमाण है भारत विकास कर रहा है।

**गिरीश चंद्र त्रिपाठी, लखनऊ.**

### आवास के नाम पर खिलवाड़

प्रदेश में विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास की कारस्तानी के कारण अब आम आदमी को घर मिलना मुश्किल हो गया है। विकास प्राधिकरणों के इंजीनियरों ने कमीशन के खेल में बड़े-बड़े अपार्टमेंट खड़े कर दिये जिन्हें न तो कोई लेने वाला मिल रहा है और न ही लेना आर्थिक रूप से व्यवहारिक है। शहरों को विकसित कर सजाने संवारने की जिम्मेदारी जिन प्राधिकरणों पर है वे पूरी तरह भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। सबसे बड़े प्रदेश की राजधानी में अवैध कालोनियों का मकड़जाल फैल रहा है। इनमें अनेक समस्याएं पैदा होती हैं लेकिन प्राधिकरण के इंजीनियर और बाबू इसे चलने देते हैं। जब कोई अदालती आदेश आता है तो बेमन से कार्रवाई करते हैं। विकास प्राधिकरणों में जब कोई अभियंता या बाबू घोटाले में पकड़ा जाता है तो सौ, दो सौ करोड़ की संपत्ति मिलना आम बात है। नोएडा अथारिटी में यादव सिंह और उनके परिजनों के भारी गोलमाल की जांच और मुकदमा अभी चल ही रहा है। सवाल है कि विकास प्राधिकरणों में घोटालों की इतनी छूट कैसे मिल जाती है कि जो भी बाबू, अभियंता या अधिकारी पकड़ा जाता है वह करोड़ों का खेल कर चुका होता है। आज विकास प्राधिकरण प्राइवेट एजेंसियों से महंगे फ्लैट बेच रहे हैं। ऐसे में इनकी जरूरत क्या है? जब गरीबों को घर दे नहीं पाते तो इनको खत्म किया जाये। जब विकास प्राधिकरण ही जनता को चूना लगाने पर तुले हों तो इनको खत्म कर प्राइवेट क्षेत्र को ही आगे बढ़ाया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना कई सालों से चल रही है लेकिन प्राधिकरणों एवं आवास एजेंसियों की कारस्तानी के कारण ही गरीबों को घर नहीं मिल रहा है। दूसरे गरीबों के घर को इतना छोटा कर दिया गया है कि महज 20-22 मीटर में ही बना दिया जाता है। इससे घर मिल भी जाता है तो भी शांति नहीं मिलती है। इसलिए घरों को कम से कम 35 मीटर रखना चाहिए।

**प्रमोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## एसपी को सम्मानित करेंगे मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी



बहराइच। हाल ही में कथा वाचक को गार्ड ऑफ ऑनर देने के मामले में विवादों से घिरे पुलिस अधीक्षक को मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सम्मानित किया जाएगा यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा की धर्म और गुरु का सम्मान सदियों से होता आया है पुलिस अधीक्षक ने भी अपने धर्म और गुरु का सम्मान किया है जो प्रशंसनीय है और बहराइच के लिए गौरव की बात है इसी क्रम में उपाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने कहा कि गुरु शिष्य के सम्मान की परंपरा वर्षों पुरानी है अपने अनैतिक कार्यों के कारण धुंधकारी को कष्ट भोगना पड़ा था लेकिन गुरु के सानिध्य में भागवत कथा सुनने से उसे भी मोक्ष की प्राप्ति हुई थी इसलिए पुलिस अधीक्षक महोदय का कार्य अति उत्तम है हम सभी उन्हें सम्मानित कर उनका गौरव बढ़ाएंगे।

## सेना में भर्ती का झांसा देकर 50 लाख की ठगी

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली अंतर्गत महबूबगंज इलाके में सेना में भर्ती का झांसा देकर लगभग 50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ितों की तहरीर पर इलाकाई पुलिस ने केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दिया।ठगी के शिकार हुए पीड़ित सुजानपुर शेरवाघाट निवासी बलरामसिंह पुत्र यज्ञशरण सिंह द्वारा दिये गए तहरीर में कहना है कि दिसंबर 2022 में गांव के ही रोहित यादव पुत्र दयाराज यादव मेरे घर आए और कहाकि मेरे बड़े भाई जनार्दन यादव सेना में बड़े अधिकारी हैं। मौके पर दानापुर में टेरिटोरियल आर्मी की खुली भर्ती चल रही है , आप अपने दोनों लड़कों को भर्ती करवा लीजिए।भर्ती में प्रत्येक अभ्यर्थी का 12 लाख लगेगा, आधा रकम अभी देना है और बाकी आधा रकम भर्ती होने के बाद दे दीजिएगा। रोहित यादव ने अपने बड़े भाई जनार्दन यादव से फोन पर बात भी कराया।जनार्दन ने कहा पैसे की व्यवस्था करके रोहित को दे दो। मैं और मेरे मित्र संजय यादव निवासी बलिया मिलकर भर्ती करवा देंगे।उनके झांसे में आकर बलराम सिंह ने दिसंबर से लेकर फरवरी के बीच में ग्यारह लाख चैसठ हजार फोन पे के माध्यम से और तीन लाख पच्चास हजार नगद रोहित को देते हुए भर्ती के लिए जरूरी अभिलेख भी दे दिया । इसके बाद पीड़ित के दोनों लड़के शिवप्रसाद सिंह और उमेश सिंह के नाम भर्ती परीक्षा का एडमिट कार्ड भी आ गया । दोनों को दानापुर बिहार ले जाया गया, जहां उनकी फिजिकल , मेडिकल और लिखित परीक्षा एक ऑफिस में कराई गई और कहा गया कि तुम लोगों के लिए स्पेशल व्यवस्था की गई है । भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिलेक्टेड कैंडिडेट की सूची में भी दोनों लड़कों का नाम आ गया, किंतु काफी इंतजार के बाद जब जॉइनिंग लेटर नहीं आया तो बलराम सिंह अपने पैसे वापस मांगने लगे।इस पर रोहित यादव ने भद्दी-भद्दी गाली दी और मारपीट पर आमादा हो गया। इसी तरह ईसापुर निवासी अनिल से 8.50 लाख और राममुहूर्त निवासी भैरीपुर से 7 लाख भर्ती के नाम पर ठगे गए हैं ।

# 14 प्रगतिशील किसान सम्मानित

## किसान सम्मान दिवस समारोह का हुआ आयोजन



मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर किसान सम्मान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजित किया गया। सभी अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर 14 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। कृषि अधिष्ठाता डा. डी. के. सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एक महान किसान नेता और राजनेता थे जिन्होंने भारतीय कृषि में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने जमींदारी उन्मूलन के लिए लड़ाई लड़ी और 1952 में उत्तर प्रदेश में इस अधिनियम को पारित करवाया। निदेशक प्रसार डा. रामबटुक सिंह ने कहा कि चैधरी चरण सिंह ने कृषि में सुधार के लिए कई कदम उठाया। उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए सिंचाई सुविधाओं का विकास एवं कई परियोजनाओं की शुरूआत की। निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण डा. सुशांत श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने कृषि अनुसंधान के लिए कई संस्थानों की स्थापना की जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद प्रमुख है। कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने समाजवाद के विचार को बढ़ावा दिया और भारतीय समाज में समानता और न्याय के लिए लड़ाई लड़ी। वरिष्ठ प्रसार अधिकारी ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। चैधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर सम्मानित होने वाले किसानों में अनीता, रेखा, सूर्य कुमार त्रिपाठी, द्वारिका प्रसाद, विजेंद्र कुमार, अमतरीज वर्मा, राधा देवी, पवन कुमारी, शिव शंकर सिंह, शोभा, चंद्रशेखर सिंह, पुनीत मिश्रा के नाम शामिल हैं।

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने तहसील का गेट बंद कर किया प्रदर्शन

सोहावल-अयोध्या। भाकियू ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने अपनी दर्जन भर समस्याओं को लेकर मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर पंचायत बुलाई। बड़ी संख्या में महिलाओं सहित कार्यकर्ता जुटे। दोपहर बाद तक कोई अधिकारी सुनवाई के लिए पंचायत स्थल तक नहीं पहुंचा तो कार्यकताओं का आक्रोश बढ़ गया। तहसील प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। यूनियन की पंचायत को अनदेखी कर तहसील से निकलने को नायब तहसीलदार रौनाही रिशु जैन ज्यों ही तैयार हुई कार्यकताओं ने दौड़कर तहसील का मुख्य द्वार बंद कर लिया और प्रदर्शन करने लगे।

# पत्रकारों की छवि को बेहतर बनाने के लिए संगठित प्रयास जरूरी



अयोध्या। इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक सहादतगंज स्थित स्टार सिटी होटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने की जबकि संचालन राजेंद्र कुमार दूबे ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव ने पत्रकारिता की गिरती साख पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज समाज में पत्रकारों को लेकर गलत संदेश जा रहा है, जिसे बदलने की आवश्यकता है। राकेश यादव ने भी इसी मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि पत्रकारों की छवि को बेहतर बनाने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं।आकाश सोनी ने कहा कि आज पत्रकारिता प्रीपेडद्दपोस्टपेड सिम कार्ड जैसी हो गई है, इस सोच को बदलना होगा। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन गठित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर बैठक में सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई। ब्रजेश सिंह ने कहा कि पत्रकारों को जागरूक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार कानपुर में फर्जी पत्रकारों के खिलाफ अभियान चलाया गया, उसी तरह अयोध्या में भी कार्रवाई होनी चाहिए। धर्मेंद्र सिंह ने सभी पत्रकारों से एकजुट रहने की अपील की। जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि बैठक में लिए गए हर निर्णय पर अमल होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जनपद में होने वाली प्रत्येक प्रेसवार्ता को तीन श्रेणियों रखा जाए प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में विभाजित किया जाए।

# एआरटीओ व पीटीओ ने किये 4 लाख जुर्माना कर 10 वाहन सीज



बाराबंकी। परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए कई वाहनों को सीज किया। इस दौरान ओवरलोडिंग, बिना फिटनेस, प्राइवेट का कमर्शियल प्रयोग, क्षमता से अधिक यात्री बैठाने वालो पर कार्यवाही की गई। अभियान का नेतृत्व कर रही सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने आज मंगलवार को सड़क सुरक्षा नियमो को सुनिश्चित करने के लिये विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुये 4 वाहनो को सीज कर लगभग 1 लाख रुपये जुमार्ना लगाया। तो वही यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने बहराइच-गोण्ड़ा-बाराबंकी मार्ग पर 5 ओवरलोड़ वाहनो को थाना मसौली व 1 प्राइवेट वाहन का कमर्शियल उपयोग मिलने पर नवीन बस अड्डा मे सीज किया गया। जिन पर लगभग 3 लाख रुपये जुमार्ना लगाया गया है। इसके साथ अन्य अभियोगो मे 43 चालान किये गये।

## चौधरी चरण सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित



बाराबंकी। किसानों के हक अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वाधिक लड़ाई लड़ने वालों में अग्रणी नाम देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का है। चैधरी चरण सिंह हमेशा कहते थे देश की समृद्धि का रास्ता गांव के खेत खलिहान से होकर गुजरता है जब तक हमारा किसान समृद्ध नहीं होगा तब तक हमारा देश शक्तिशाली नहीं हो सकता। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जो मुखर होकर किसानों के हक हकूक की रक्षा सुरक्षा के लिए आवाज उठा रहे हैं। इसलिए हम सब समाजवादियों की जिम्मेदारी है कि हम अपने नेता के कंधे से कंधा मिलाकर उनके दिखाएं रास्ते पर चलते हुए किसानो की खुशहाली के लिए संघर्ष करते रहें। उक्त उद्गार छाया चैराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भारत के 5वें प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी मे सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात व्यक्त किये। इस अवसर पर हुमायूं नईम खान, जितेंद्र पटेल, जिला महासचिव हिमांशु यादव, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, राजेश वर्मा, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, दीपक गुप्ता कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा मौजूद रहे।

# दूसरे दिन 25 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## नामांकन का आज आखिरी दिन, कल होगी नामांकन पत्रों की जांच



अयोध्या। फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या का वार्षिक चुनाव अपने पूरे शबाब पर है। चुनाव के दूसरे दिन मंगलवार को प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व महामंत्री पद समेत 25 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बुधवार को नामांकन का अन्तिम दिन है इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच व वापसी तथा 6 जनवरी को मतदान होगा। बार एसोसएशन के अध्यक्ष व चुनाव अधिकारी एवं उपाध्यक्ष चन्द्रभानु सिंह के मुताबिक मंगलवार को अध्यक्ष पद पर प्रत्याशी बब्बन प्रसाद चैबे ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन किया। उपाध्यक्ष पद पर रणधीर यादव, अशोक कुमार सिंह उर्फ मुन्ना, राजेश पाण्डेय व अंजनी त्रिपाठी उर्फ प्रभू ने नामांकन किया है। वहीं प्रष्ठिापूर्ण महामंत्री के पद पर सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इन प्रत्याशियों में राजेश कुमार यादव, शैलेन्द्र जायसवाल, योगेन्द्र पाण्डेय, अजय कुमार श्रीवास्तव, अजय वर्मा, विनोद सिंह, अजय श्रीवास्तव ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन किया है। वहीं संयुक्त मंत्री प्रथम के पद पर मनोज कुमार सिंह व द्वितीय पद पर अखण्ड यादव व पियूषमणि त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष के पद पर राजेन्द्र तिवारी व अशोक दूबे ने नामांकन किया। कार्यकारिणी ए के पद पर रामचन्द्र यादव ने नामांकन किया वहीं कार्यकारिणी बी के पद पर अभय प्रताप सिंहव कौशल कुमार ने नामांकन किया। कार्यकारिणी सी के पद पर गोपाल त्रिपाठी, सलीम नैयर, प्रदीप सिंह, अमित कुमार वर्मा व प्रमोद तिवारी ने पर्चा भरा है। वहीं नामांकन के पहले दिन सोमवार को अध्यक्ष पद पर कालिका प्रसाद मिश्र व सूर्यभान वर्मा ने नामांकन किया था। वही उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार उपाध्याय ने नामांकन किया था। जबकि महामंत्री के पद पर प्रदीप कुमार चैबे, श्री प्रकाश दूबे, संयुक्त मंत्री प्रथम के पद पर संतोष कुमार मिश्र ने नामांकन किया था।

# अवैध रूप से बेची जा रही थी देशी शराब

## रंगेहाथ 2 आरोपी गिरफ्तार, टीम ने मारा छापा, 40 पौवा बरामद



जिला संवाददाता

बाराबंकी। अवैध शराब तस्करो सहित राजस्व को नुकसान पहुंचाकर ठेले खुमचे पर छुपाकर बेची जा रही देशी शराब का भंड़ाफोड़ करते हुये आबकारी विभाग ने 40 देशी पउवे सहित गुपचुप तरीके से शराब बेच रहे अवैध 2 तस्करो को जेल की सलाखो के पीछे भेजा है। नववर्ष से पूर्व सक्रिय भूमिका मे कार्य करने वाले आबकारी विभाग के मुखिया जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल की टीम ने गुडवर्क करते हुये 40 टैन्ट्रा देशी पौवा को बरामद करते हुये 2 आरोपियो को जेल भी भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट की टीम ने थाना क्षेत्रान्तर्गत शाहपुर, मुरारपुर, असैना सहित दर्जनो गांवो मे दंबिश दी। दंबिश के दौरान अंडे के ठेले के पीछे बेची जा रही देशी शराब की सूचना मिलने पर योजनाबद्ध तरीके से रंगेहाथ 2 आरोपियो को 8 लीटर देशी विंडीज ब्रांड़ 200 एमएल के 40 पौवा के साथ धर दबोचा। अवैध रुप से शराब बेचने के मामले आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुये कार्यवाही की गई। साथ ही ग्राम वासियो को जागरुक करते हुये अवैध कार्यो मे लिप्त आरोपियो की सूचना देने की अपील की गई। टीम मे प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायण वर्मा, आबकारी सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रही।

# नानपारा में गरजा बुलडोजर



बहराइच । नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लालबोझी स्थित गाटा संख्या 670 रकबा 0.024है. जो कि राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6-1 जलमग्न भूमि (तालाब) के नाम दर्ज है पर यासीन पुत्र छुटकन खा उर्फ रियासत उल्ला खा, निवासी मझोबा भुलोरा, परगना व तहसील नानपारा द्वारा लंबे समय से बनाई गई 10 दुकानों को सोमवार को उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर तहसीलदार नानपारा, राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल ने जेसीबी के माध्यम से पक्की बनी 10 दुकानों को नियमों के अंतर्गत ध्वस्त करवा दिया। सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण पर जेसीबी से धवस्तीकरण होने पर अवैध कब्जेदारों में बेचैनी बढ़ गई है। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई जलस्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तालाब के अतिक्रमण मुक्त होने से ग्रामीणों को भविष्य में जल संरक्षण का लाभ मिलेगा। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार नानपारा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। सम्पूर्ण कार्यवाही शान्तिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न हुई।

एसडीएम नानपारा ने बताया कि शासन व प्रशासन के स्पष्ट निर्देश है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त् किया जाय। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत भविष्य में भी अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर मिसी प्रकार के अवैध अतिक्रमण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के नेतृत्व में तहसील प्रशासन अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध पूरी दृढ़ता से कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे किसान के खाते से लाखों की धोखाधड़ी, पीड़ित किसान ने की शिकायत



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। थाना टिकैतनगर क्षेत्रान्तर्गत एक किसान के खाते से फर्जी दस्तावेजों के जरिए लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जिसके बाद पीड़ित किसान ने बैंक के उच्चाधिकारियो व पुलिस से शिकायत की है। थाना टिकैतनगर के ग्राम प्रसावल निवासी किसान गंगाराम पुत्र गरीबे ने बताया कि उन्होने कभी केसीसी के लिए आवेदन नहीं किया था। फिर भी बैंक ऑफ बड़ौदा की फगौली कुर्मियान शाखा में फर्जी कागजातों के आधार पर उनके नाम से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) तैयार कर लगभग 2 लाख 95 हजार रुपये निकाल लिये गये। खतौनी लेकर खाद खरीदने जाने पर खाते की स्थिति जानने पर उन्हें धोखाधड़ी का आभास हुआ। जिसके बाद बैंक प्रबंधन को लिखित शिकायत और पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। इस मामले पर बैंक ऑफ बड़ौदा के डीआरएम अशोक कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। और पूरे मामले की जांच की जा रही है। यदि जांच में बैंक कर्मियों या किसी अन्य की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

# 35 बिस्तर वाला अतिरिक्त रैन बसेरे का डीएम ने किया उद्घाटन



बाराबंकी। भीषण शीतलहर को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने देर रात्रि जिला महिला अस्पताल परिसर में 35 बिस्तर वाले अतिरिक्त अस्थायी रैन बसेरे का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस अतिरिक्त रैन बसेरे के संचालन से जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके तीमारदारों को शीतलहर के दौरान ठंड से बचाव हेतु अधिक राहत मिलेगी। उन्होंने कम समय में इस अस्थाई रैन बसेरे के निर्माण हेतु नगर निकाय की सराहना की। तथा रैन बसेरों में उपलब्ध बिस्तर, कंबल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा एवं गैस हीट रिफ्लेक्टर सहित ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं तथा सभी सुविधाएं सतत रूप से उपलब्ध रखने के निर्देश दिये। इस दौरान उपजिलाधिकारी नवाबगंज, ई0ओ0 नगरपालिका संजय शुक्ला, सीएमएस सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# 7666 किलो घी सीज

## मिलावटी की आशंका, खाद्य विभाग ने लिया नमूना



बहराइच । जिले में खाद्य विभाग की छापेमारी से हड़कंप मच गया है। खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान गुजरात से लायी गयी ब्रजवासी ब्रांड की 76 सौ 66 किलो घी को मिलावट की आशंका पर सीज किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमर सिंह वर्मा ने बताया कि जिले में व्रजवासी ब्रांड के नाम से मिलावटी गाय का घी और देसी घी राजकोट, गुजरात से बहराइच लाया गया है। सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मोहल्ला सालारपुर, महम्दा रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एन.आर. डिस्ट्रीब्यूटर्स के गोदाम पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सौ मिलीलीटर से लेकर 15 लीटर तक की विभिन्न पैकेजिंग में घी का पैक पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अलग-अलग बैच नंबरों के 05 नमूने लेकर कुल 76 सौ 66 लीटर घी को सीज कर दिया है। सीज किए गए नमूने जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हर्षोल्लास के साथ मना क्रिसमस





जिला संवाददाता



**उन्नाव/मीरकापुर।** क्रिसमस के अवसर पर एसपीएस इंटर कॉलेज मीरकापुर में सांता क्लॉज ने बच्चों को गिफ्ट व टाफियां देकर प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन को उत्साह पूर्वक मनाया गया। विद्यालय परिसर पूरे दिन बच्चों की मुस्कान, ऊर्जा और विविध गतिविधियों से सराबोर रहा।

सांता क्लॉज को अपने बीच पाकर बच्चे फूले नहीं समाये अपने मनपसंद उपहार पाकर बच्चे खुश दिखे। वहीं स्कूल प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी व प्रिंसिपल अलका निगम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की क्रिसमस शांति और उदारता का प्रतीक है जो महिलाओं के प्रति महत्व को प्रदर्शित करता है , इस दिन उपहार देने की परंपरा भी है। स्कूल ऐसे कार्यक्रम को आयोजित कर बच्चों को प्रभु ईसा मसीहा के बताये रास्ते पर चलाने को प्रेरित करता है। इस मौके पर स्कूल की मुख्य प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी, प्रिंसिपल अलका निगम, क्षमा तिवारी, आशीष कुमार, विनीता श्रीवास्तव, अर्चना तिवारी, सरनजीत सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, दीपाली पांडे, वैष्णवी शुक्ला, इशिता सक्सेना, शालिनी दुबे, नीरज पांडे , प्राची गुप्ता, वेदिका गुप्ता, रूबीना, कर्ण यादव, प्रिया वाजपेई व अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे ।

## डीएम ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

बाराबंकी। कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये अधिकारी प्रभावी कदम उठाए। जिलाधिकारी ने पूर्व में हुई दुघर्टनाओं की समीक्षा कर उनकी पुनरावृत्ति पर रोक लगाने के लिये आवश्यक कदम उठाये जाने, दुर्घटना बाहुल्य इलाकों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हाकिंत कर उन स्थानों पर संकेतक लगाकर दुर्घटनाओं को रोकने, दुर्घटना बाहुल्य स्थानों असेनी मोड़, दारापुर मोड़, सफेदाबाद, रसौली मोड़, सफदरगंज मोड़, दादरा मोड़, लक्षबर बजहा मोड़, प्रतापगंज मोड़, बभौरा मोड़ आदि स्थानों पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराये जाने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर दुर्घटनाओं के रोकने के विशेष प्रयास किये जायें तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। जिलाधिकारी ने एनएच के अधिकारियों को बाराबंकी बहराइच मार्ग पर जहां-जहां ब्लैक स्पॉट चिन्हित है ।

# चौधरी साहब की प्रतिमा पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ता ने माल्यार्पण कर किया नमन



बाराबंकी। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, चैधरी चरण सिंह की जयंती पर चैधरी चरण सिंह निरीक्षण भवन सफेदाबाद स्थित प्रतिमा पर राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष अखिलेश वर्मा के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम मे पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह द्वारा किए गए कार्यों नाबार्ड की स्थापना, ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं खाद्य पर सब्सिडी, जमीदारी उन्मूलन सहित अनेकों कार्य का उल्लेख में करते हुये जानकारी दी गई। इस अवसर पर बृजेश सोनी, दिलीप वर्मा, परशुराम सिंह, प्रेम नाथ अवस्थी, रामू, इशरत अली, शत्रोहन यादव, अनुराग वर्मा, महादेव रावत, रामकुमार, कैलाश चंद्र, बाबा हनुमान दास, अवधराम वर्मा, हनुमान शरण, आस्था वर्मा, बृजेश कुमार वर्मा, शिवम वर्मा मौजूद रहे।

संक्षेप

## पूड़ी सब्जी के साथ सिमटा आंगनबाड़ी प्रशिक्षण

**नसीराबाद, रायबरेली।** शिक्षा विभाग में बड़ा गोलमाल हो रहा है वह चाहे छात्र-छात्राओं से जुड़ा हो या फिर आंगनवाड़ी कार्यकि त्रयों से यह गोलमाल प्रत्येक वर्ष देखने को मिलता है। लेकिन नतीजा कुछ दिनों बाद जस का तस जांच के नाम केवल खानापूर्ति कर फाइल ठंडे बस्ते मे बंद कर दी जाती है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी यही हाल देखने को मिल रहा है। प्रशिक्षण का आया बजट जिम्मेदार डकारने में लगे हैं। मामला बीआरसी छतोह का है। कार्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है। सोमवार मंगलवार और बुधवार को समाप्त हो जायेगा। मंगल की सुबह क्षेत्रीय संवाददाताओं की टीम उक्त कार्यालय पहुंचकर देखा तो लंच पैकेट में पांच पूरी कुछ सब्जी और एक लड्डू एक कप चाय देखने को मिला। नाम न छापने की शर्त पर कुछ आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि यह सब खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश की देन है जबकि बजट सरकार की ओर से 17700 रूपए का मिला है माना जाए तो इस लंच पैकेट का निजी होटलों पर 30 रूपए है और एक कप चाय का रेट 10 रूपए लडडू की चंद कीमत कुल मिलाकर 50 रुपये एक दिन का जिसमें 34 आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया शिक्षण में शामिल रहती है ऐसी हालत में तीन दिनों में देखा जाए तो 5000 हजार से अधिक खर्च नहीं होगा यानि बीइओ ने 12000 हजार रूपए से अधिक हजम करने में लगे है इससे पहले भी इसी माह में दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार द्वारा 80 हजार का धन आवंटित किया परंतु कार्यालय चुप है सूत्रों की माने तो आने वाले कुछ ही दिनों में सरकार द्वारा टूरिस्ट के नाम लाखों में बजट भेजा जाएगा अब देखना है कि टूरिस्ट में बच्चों को क्या सुविधा मिलती है या फिर इसी तरह बजट को हजम किया जाएगा।

## सेना के जवान को मिला सोशल ऑनरेबल अवार्ड

**रायबरेली।** तहसील लालगंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम लखनगांव निवासी भारतीय सेना के जांबाज जवान संतोष कुमार सिंह ने जिले का मान बढ़ाया है। माँ भारती की रक्षा में तैनात संतोष कुमार सिंह को पश्चिम बंगाल की संस्था नेशनल एकेडमी ऑफ साक्षरता मिशन द्वारा सोशल ऑनरेबल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। देवी बक्स सिंह के सुपुत्र संतोष कुमार सिंह सेना में रहकर पूरी निष्ठा के साथ देश सेवा कर रहे हैं। संस्था ने एक सैनिक द्वारा राष्ट्र के प्रति किए जा रहे उनके समर्पण, अनुशासन व निस्वार्थ सेवा भाव को देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा है।

## शिकायतों के बाद जागी छावनी परिषद, कोयले का अवैध गोदाम सील

**आगरा।** छावनी क्षेत्र में कोयले के अवैध कारोबार पर छावनी परिषद ने कार्रवाई की है। सेनेटरी इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि नौलक्खा इलाके में बिना ट्रेड लाइसेंस और वैध अनुमति के चल रहे कोयले के गोदाम पर सोमवार को छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान मौके से 12 बोरियां कोयला जब्त किया गया। जांच में सामने आया कि संबंधित व्यक्ति के पास न तो व्यापारिक लाइसेंस था और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति। इसके बावजूद लंबे समय से कोयले का भंडारण और बिक्री की जा रही थी। छावनी परिषद ने मामले की सूचना उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेज दी है। बताया कि एनजीटी के आदेशों के तहत छावनी क्षेत्र में कोयले के भंडारण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है।

# सम्मान दिवस में किसानों को किया गया सम्मानित

## पूर्व पीएम के जन्मदिन पर आयोजित हुआ कृषक सम्मान दिवस



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू कृषि विज्ञान केंद्र, सुलतानपुर मुख्यालय पर मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर कृषक सम्मान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के 212 किसान व कृषक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. जेबी सिंह द्वारा चरण सिंह के जीवन, उनके किसान हितैषी विचारों एवं कृषि क्षेत्र में किए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए की गई। उन्होंने किसानों के सशक्तीकरण में उनकी भूमिका को प्रेरणास्रोत बताया। इसके पश्चात वैज्ञानिक डॉ. एके सिंह ने समन्वित कीट प्रबंधन, डिजिटल कृषि के महत्व तथा जलवायु परिवर्तन की स्थिति में समन्वित कृषि प्रणाली अपनाने पर जोर दिया। वैज्ञानिक-कृषि प्रसार डॉ. सीके त्रिपाठी ने उपस्थित किसानों को विकसित भारत जी राम जी योजना सहित सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. दिवाकर वर्मा ने डेयरी पशुओं के उत्पादन बढ़ाने, चारे के संतुलित उपयोग व बेहतर पशुशाला प्रबंधन पर उपयोगी सुझाव दिए। इस अवसर पर माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह द्वारा विकसित भारत जी राम जी योजना का सजीव प्रसारण के माध्यम से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें मूंगफली उत्पादन में शिवकुमार निषाद, सूकर पालन में अंकित पाल, बकरी पालन में मो. अब्दुल रहमान, मत्स्य पालन में अमित कुमार सिंह, दलहन में रोहित उपाध्याय, गन्ना उत्पादन में जय मुकुंद मिश्रा, तिलहन में सरजू प्रसार तथा नारी सशक्तिकरण में रेनू विश्वकर्मा सहित अन्य किसान शामिल रहे।

## शिक्षक विहीन व एकल शिक्षकीय विद्यालयों में होगा समायोजन

- बीएसए ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों से मांगा प्रस्ताव

**सुलतानपुर (वीओएल)।** शैक्षिक सत्र 2025-26 में परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने की दिशा में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने एक अहम पहल की है। जनपद में संचालित शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों में पठन-पाठन व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से अधिशेष शिक्षकों वाले विद्यालयों से अन्तः जनपदीय स्थानान्तारण/समायोजन की प्रक्रिया शुरू की गई है।



बीएसए ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों से उनके शिक्षा क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का गहन सर्वेक्षण कर शिक्षकविहीन व एकल शिक्षकीय विद्यालयों को चिन्हित करने का दिर्नेश दिया है। साथ ही आरटीई मानक के अनुरूप ऐसे विद्यालयों में अधिशेष शिक्षकों के समायोजन हेतु विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने की बात कही है। जिले के अखण्डनगर, बल्दीराय, भदैया, धनपतगंज, दोस्तपुर, जयसिंहपुर, कादीपुर, करौंदी कला, कुड़वार, कूरेभार, लम्भुआ, मोतिगरपुर, पीपी कमैचा एवं सुलतानपुर नगर क्षेत्र में कई विद्यालय ऐसे हैं, जहां या तो शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं या फिर एक ही शिक्षक के भरोसे विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षा अधिकारी का मानना है कि इस समायोजन प्रक्रिया के लागू होने से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ होगी। विद्यार्थियों को विषयवार शिक्षक उपलब्ध होंगे, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। साथ ही शिक्षकों का संतुलित वितरण सुनिश्चित होने से परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण और अधिक मजबूत होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी होगी और बच्चों के हित को सर्वोपरि रखते हुए समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएगी। यह कदम जनपद की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

## अनुशासन अनुसरण अभ्युदय पर हुई गोष्ठी, लोगों का हुआ सम्मान




**मुसाफिरखाना, अमेठी।** स्मृति शेष आचार्य पंडित राम राज त्रिपाठी की 32वीं पुण्य स्मृति में ए. एच. इंटर कॉलेज मुसाफिरखाना के प्रांगण में आचार्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित अनुशासन, अनुसरण और अभ्युदय पर आधारित विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुंवर बहादुर सिंह सचिव, मुजफ्फरपुर नगर विकास प्राधिकरण एवं विशिष्ट अतिथि डॉ कौशलेंद्र त्रिपाठी एवं शिवकुमार सिंह ,ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के पूर्व छात्र ने छात्रों को अनुशासन के विषय में बताया कि अनुशासन से ही व्यक्ति एवं देश महान होता है, परिस्थितियां कैसी भी हो अनुशासित व्यक्ति सदैव उन्नति करता है। आचार्य सेवा संस्थान के अध्यक्ष गया दत्त त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को उनके उत्तम भविष्य के लिए अनुशासन की सीख देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की ।आचार्य सेवा संस्थान की सचिव श्रीमती सुषमा त्रिपाठी ने अपने भावपूर्ण गीत से बापूजी को याद किया। इस अवसर पर डॉ श्याम धर तिवारी, डॉ रमा शंकर पांडेय, महेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे। गीत प्रतियोगिता में प्राची यादव प्रथम, प्रज्ञा पांडेय द्वितीय तथा आदर्श मिश्रा का तृतीय स्थान रहा तथा भाषण प्रतियोगिता में आयुष शुक्ला प्रथम, मीनाक्षी शुक्ला द्वितीय तथा स्नेहा अग्रहरि का तृतीय स्थान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य ए एच इंटर कॉलेज ने की तथा संचालन आशीष तिवारी ने किया।

## चार दिवसीय किसान मेला शुरू, 38 प्रगतिशील किसान हुए सम्मानित

**अमेठी।** कृषि विभाग द्वारा मंगलवार से चार दिवसीय पारम्परिक ग्राम्य किसान मेला एवं किसान सम्मान दिवस का आयोजन कृषि भवन, ताला, अमेठी में किया गया। इस किसान मेले का उद्देश्य किसानों को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा विभागीय सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराना रहा। किसान मेले में कृषि, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, बैंक, सहकारिता, समाज कल्याण, उद्योग, स्वयं सहायता समूह, दुग्ध सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए, जहां किसानों को विभागीय योजनाओं, अनुदान, तकनीकी सहायता एवं लाभकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि एवं मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जनपद में उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले 38 प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि किसान नकदी फसलों को बढ़ावा दें तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं नवीन कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती करें, जिससे आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा किसानों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे। किसान मेले के माध्यम से किसानों को तकनीकी ज्ञान, योजनाओं की जानकारी एवं प्रोत्साहन प्रदान कर कृषि विकास को गति देने का प्रयास किया जा रहा है।

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ दारोगा समेत 9 लोगों पर मुकदमा

**रायबरेली।** कोर्ट के आदेश पर हरचंदपुर थाना में बछरावां में तैनात एक दरोगा, भाजपा नेता सहित कुल 9 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पहले स्थानीय स्तर पर शिकायत की, लेकिन सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अब मामला दर्ज हुआ है। घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली और राजनीतिक संरक्षण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हरचंदपुर थानाक्षेत्र के दाउदपुर निवासी विश्वास उर्फ सौरभ पुत्र चन्द्र प्रकाश ने आरोप लगाया है कि बीती 18 जून की रात 5-6 लोग आये और दरवाजा खटखटाया। जब माँ ने दरवाजा खोला तो सभी लोग घर के अन्दर घुस गये और प्रार्थी के चारपाई पर ही लात घूसों से मारने लगे उसके बाद प्रार्थी को उठाकर चार पहिया गाड़ी की तरफ ले जाने लगे। माँ ने रोका और पूछा कि तुम लोग कौन हो और मेरे लड़के को कहाँ ले जा रहे हो तो एक लोग ने बताया कि हम लोग बछरावां थाने से है और दरोगा हूँ। मेरे लिए एक लाख रुपये का प्रबन्ध करो नहीं तो तुम्हारे लड़के का एनकाउन्टर कर दूंगा। माँ ने डरवश घर में रखे 45000/- रुपये दरोगा जी को दिया फिर भी सभी लोग प्रार्थी को गाड़ी में बैठाकर बछरावां थाने ले गये। दूसरे दिन सुबह उसे लाकअप से निकालकर उपनिरीक्षक जीतेश सिंह शौचालय की तरफ लेकर गये। वहाँ पर जीतेश सिंह उपनिरीक्षक थाना बछरावां, प्रवेश वर्मा पुत्र नवल किशोर निवासी विशुनपुर रोड कस्बा बछरावां व शिवकुमार पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम नीमटीकर थाना बछरावां जनपद रायबरेली ने प्रार्थी को लात घूसों व थप्पड़ो से बहुत मारा पीटा। प्रार्थी को 18जून से 24जून तक बिना किसी कारण के लाकअप में रखा गया और उपनिरीक्षक जीतेश सिंह द्वारा मारा पीटा गया जिससे प्रार्थी की हालत गम्भीर हो गयी। 24 जून को जब प्रार्थी थाने में बेहोश हो गया तब प्रार्थी की माँ को बुलाकार कहा गया कि इसका इलाज कराइये । प्रार्थी जब ठीक हुआ थाना बछरावां गया जहाँ पर उसने प्रार्थना पत्र दिया परन्तु थाने से प्रार्थी को भगा दिया गया कोई कार्यवाही नही हुयी। पुलिस ने जीतेश सिंह उपनिरीक्षक थाना बछरावां, प्रवेश वर्मा व शिवकुमार समेत नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एसपी ने थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण करने के दिये सख्त निर्देश




**रायबरेली।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय स्थित किरण बहुउद्देशीय हॉल में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया। इस गोष्ठी मेंएएसपी, जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन तथा समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

गोष्ठी में एसपी ने अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित व वारंटी की त्वरित गिरफ्तारी, महिला एवं बाल अपराधों पर विशेष संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई तथा सार्वजनिक स्थानों पर प्रभावी पुलिस गश्त सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने फर्जी बाबाओं द्वारा तंत्र-विद्या एवं झाड़-फूंक के नाम पर ठगी करने वालों, फर्जी जमानतदारों, सूदखोरों, फर्जी बैंक खाते खोलने तथा फर्जी सिम कार्ड बेचने वालों का चिन्हीकरण कर उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा, अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी, गांजा तथा अन्य मादक पदार्थों के कारोबार, जुआ-सट्टा जैसे गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति केंद्रों को अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने, महिलाओं एवं बालिकाओं से जुड़ी शिकायतों का संवेदनशीलता पूर्वक त्वरित निस्तारण तथा पीड़िताओं को तत्काल सहायता प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया। एसपी ने आमजन से मधुर व्यवहार एवं निरंतर संवाद स्थापित कर जनविश्वास बढ़ाने की अपील की। बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनजर जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश भी दिएये। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी चेकिंग, रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग रिस्पांस व्हीकल व बीट प्रणाली को और अधिक मजबूत करने क्को कहा गया।

## पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**तिलोई, अमेठी।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ शाखा सिंहपुर की मासिक गोष्ठी सोमवार को जूनियर हाई स्कूल सिंहपुर में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों के चयन वेतनमान ,ऑनलाइन सर्विस बुक संशोधन ,सोसायटी से संबंधित समस्याएं एवं शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा हुई। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए संगठन का खाता खोलने पर भी विचार हुआ। संगठन के पदाधिकारियों में जगन्नाथ प्रसाद ,आलोक वर्मा, रामानंद मौर्य आदि शिक्षकों ने विभिन्न समस्याएं रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जूनियर हाई स्कूल के पूर्व अध्यक्ष रामबख्श प्रजापति ने की। मुख्य अतिथि रमाकांत मौर्य,महामंत्री पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अमेठी,श्याम बहादुर सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सिंहपुर, दयाशंकर विक्रम मंडल अध्यक्ष एससी एसटी संगठन बैजनाथ त्रिपाठी ,नीना मौर्य ,नूतन मिश्रा ,मनोरमा गुप्ता, वीना कुमारी, अनीस अहमद, मुमताज अली, आशीष मौर्य आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रविकांत श्रीवास्तव अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सिंहपुर ने किया।

# किसान दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

- अन्नदाताओं की उन्नति और समृद्धि का लिया संकल्प



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में किसान दिवस पर किसानों को देश की रीढ़ मानने वाले पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान नेता चै. चरण सिंह को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने उनकी जयंती के अवसर पर किसानों के सशक्तिकरण और ग्रामीण भारत के उत्थान के लिए उनके योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में किसानों के योगदान को सम्मानित करने और उनकी आवाज बुलंद करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चै.चरण सिंह ने कृषि सुधारों, उचित मूल्य, सिंचाई व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक नीतिगत प्रयास किए, उनका मानना था कि जब तक किसान खुशहाल नहीं होगा, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है, चैधरी साहब का जीवन और संघर्ष आज भी किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है, उनके विचारों को आत्मसात करते हुए हमें अपने कृषि प्रधान देश के अन्नदाताओं की उन्नति और समृद्धि का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, अजयराज सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रामकिशोर यादव, शुभी सिंह, रश्मि सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवती की फर्जी आईडी से फोटो-वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के अखण्ड नगर थाना क्षेत्र की एक युवती की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उसकी फोटो व वीडियो वायरल किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि फोटो-वीडियो के प्रसार से वह मानसिक रूप से प्रताड़ित है और समाज में उसकी बदनामी हो रही है। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अखण्ड नगर थाना पुलिस ने फर्जी फेसबुक आईडी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संबंधित तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय नलकूप से 60 मीटर विद्युत केबल चोरी, सिंचाई अमीन ने दर्ज कराया मुकदमा

**सुलतानपुर।** धनपतगंज में राजकीय नलकूप से विद्युत केबिल चोरी का मामला सामने आया है। सिंचाई अमीन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिलेदारी प्रथम कूरेभार नलकूप खंड के अमीन हेमचंद ने धनपतगंज थाने पर तहरीर दी है। बताया कि राजकीय नलकूप संख्या 103 जो कि पाली गांव में स्थित है का मोटर खराब हो गया था। खराब मोटर को गांव के ही शेखर व उनके परिवारके पास नलकूप की चाभी रहती है मिस्त्री से मोटर खुलवा वर्कशॉप भिजवाया गया। मोटर ठीक होकर जब नलकूप पर गया तो शेखर व उनके परिजनों ने बताया 60 मी. विद्युत केबिल चोरी हो गई है। धनपतगंज थाना प्रभारी ने बताया तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## चौ. चरण सिंह की जयंती पर सपा कार्यालय में गोष्ठी, किसानों के हितों को किया गया याद



**गौरीगंज, अमेठी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह की 123वीं जयंती मंगलवार को सपा कार्यालय गौरीगंज में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में सपाइयों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर फूल-माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सपा के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा चौधरी चरण सिंह ने देश के किसानों के हक और सम्मान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए आवाज उठाई और खेतों में पैदा होने वाली फसलों की बिक्री की गारंटी सुनिश्चित कराने का काम किया। उनके प्रयासों से किसानों का मनोबल बढ़ा और कृषि को नई दिशा मिली ।उन्होंने कहा चौधरी चरण सिंह सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर थे। आपातकाल के बाद कांग्रेस के विरोधी खेमे में जनसंघ भी शामिल रहा, लेकिन वैचारिक मतभेदों के चलते अलगाव हो गया, जिसके परिणामस्वरूप जनता पार्टी और बाद में लोकदल की नींव पड़ी। उनकी नीतियां किसानों, खेती, पशुपालन, ग्रामीण विकास और कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने वाली रहीं ।गोष्ठी में मनीराम वर्मा, अशोक यादव, राकेश यादव कोहार, राम प्रसाद यादव, राम बौरासी, दीपू तिवारी, मनीष कुमार, मनु पाल, कमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में सपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी सपा के प्रवक्ता राजेश मिश्र ने दी।

## घने कोहरे के चलते फोरलेन पर आधा दर्जन वाहनों की भिड़ंत, दो की मौत 16 अन्य घायल

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** बीती रात क्षेत्र के मुंशीगंज रोड के पास लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग घने कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा हो गया। दुर्घटना में 6वाहन आपस में टकरा गए । दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई वही अन्य 16 गंभीर रूप जख्मी हो गए । सूचना पर स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही एएसपी सीएमओ ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। मंगलवार की सुबह करीब दो बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थानीय कस्बे के समीप मुंशीगंज रोड के पास ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई उसके बाद पीछे चल रही तीन अन्य ट्रकों के साथ ही एक जनरथ बस भी वाहनों से जा भिड़ी । वही एक ऑल्टो कार भी पीछे से जा घुसी। एक साथ कई वाहनों की टक्कर से प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह कोतवाली पुलिस के प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर राहत व बचाव कार्य शुरू किया । सभी घायलों को निकालकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वही 16 घायलों में से दो की स्थिति चिंताजनक देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## बेकरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, सफाई भंडारण में कमी पर सुधार नोटिस जारी

**रायबरेली।** क्रिसमस पर्व के अवसर पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त के आदेश पर बेकरी खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच का अभियान चलाया गया। इस दौरान जगतपुर रोड, सलोन स्थित रिच फूड प्रोडक्ट्स बेकरी, ऊँचाहार स्थित रामकृष्णा बेकरी और खोजनपुर स्थित कृपा शंकर बेकरी का निरीक्षण किया गया।



यह संयुक्त निरीक्षण खाद्य सुरक्षा अधिकारी शेफाली रस्तोगी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचनलता तिवारी द्वारा किया गया। निरीक्षण में बेकरी इकाइयों में कई कमियां पाई गईं। इनमें साफ-सफाई की कमी, खाद्य पदार्थों का अनुचित भंडारण, कच्चे और तैयार खाद्य पदार्थों को अलग न रखना शामिल था। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों द्वारा एप्रन, हेड कवर और दस्तानों का उपयोग न करना, व्यक्तिगत स्वच्छता और कीट नियंत्रण की उचित व्यवस्था का अभाव भी देखा गया। लेबलिंग और अभिलेख संधारण में भी कमियां पाई गईं। इन कमियों को देखते हुए, संबंधित बेकरी संचालकों को सुधार सूचना जारी की गई। उन्हें निर्धारित समयावधि में सभी कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद ने सुनी आमजन की समस्याएं

**अमेठी ।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने मंगलवार प्रातः अपने केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से आए सैकड़ों नागरिकों से मुलाकात की। इस अवसर पर लोगों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं विकास से जुड़ी समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं। सांसद श्री शर्मा ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान सांसद ने कहा कि अमेठी की जनता ने हमेशा गांधी परिवार पर विश्वास किया है और यह विश्वास हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मैं अमेठी की सेवा पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करता रहूंगा। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही मेरा मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए




भटकना नहीं पड़ेगा। जनता दर्शन के उपरांत सांसद शर्मा जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यों और विशेष रूप से मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में मौजूद पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की मैपिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि जिन पात्र मताओं के नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, उनके नाम जोड़ने के लिए फील्ड फोर्स के माध्यम से अभियान चलाया जाए। सांसद ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सांसद ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं और उनकी सक्रियता से ही जनता का विश्वास और मजबूत होता है। अंत में सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनहित के कार्यों में पूरी निष्ठा से जुटने का आह्वान किया और कहा कि अमेठी के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी को मिलकर निरंतर प्रयास करना होगा। सपाजिला अध्यक्ष राम उदित यादव, प्रभारी राकेश यादव ने अपने साथियों के साथ मुलाकात की बार एसो. अध्यक्ष महेश नरायण शुक्ला अपने पदाधिकारी साथियो के साथ मुलाकात कर वकीलों के लिए भवन की मांग पर सांसद ने यथा सम्भव शीघ्र मदद का आश्वासन दिया कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल,प्रभारी खुर्शीद अजीज,प्रवक्ता अनिल सिंह, रामलखन शुक्ला, मुन्ना त्रिसुंडी, निजाम अंसारी,विजय पासी, सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे ।

संक्षेप

## मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी साइबर अपराधी गिरफ्तार

**मथुरा।** गोवर्धन थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एसओजी और गोवर्धन पुलिस की टीम ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार के इनामी अंतर्राज्यीय साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फ्तार हो गया। एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया बीती रात एसओजी टीम और गोवर्धन थाना पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 25 हजार का इनाम घोषित साइबर अपराधी सरकवा बाईपास से होकर निकलने वाला है। सूचना पर पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी घायल हो गया और मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी का एक अन्य साथी पुलिस पर फायरिंग करते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर फ्तार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाहिद निवासी ग्राम देवसेरस, थाना गोवर्धन के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट, एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी शाहिद पर मथुरा सहित अन्य जनपदों में धोखाधड़ी, लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और आईटी एक्ट समेत 15 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह लंबे समय से साइबर अपराधों में संलिप्त था और पुलिस को उसकी तलाश थी। फ्तार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## नगर निगम में हुई जन शिकायतों की सुनवाई

**मथुरा।** जन शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को शुरू किए गए संभव संतुष्टि एवं समृद्धि के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया, जिसके दृष्टिगत मंगलवार को भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा जनसुनवाई की गई एवं वृंदावन जोनल कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गई तथा जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा-वृंदावन कार्यालय में अवर अभियंता जल अजय कुमार द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायत कताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान भूतेश्वर जोन में कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 04 अतिक्रमण , 01 सफाई से संबंधित, 06 लाइट के संबंध में, जिसमें से 02 लाइट से संबंधित शिकायत का निस्तारण करा दिया गया है। जबकि वृंदावन जोन में कुल 01 शिकायत सीवर से संबंधित प्राप्त हुई है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये।

# अ.भा. जाट महासभा ने मनाया चौ. चरण सिंह का जन्मदिन



**मथुरा।** आज अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा राजेश चैधरी के नेतृत्व में भारत रत्न, पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह का 123 वाँ जन्म दिन सिंचाई विभाग के प्रांगण में जोश के साथ मनाया गया। हवन का आयोजन किया गया एवं मालार्पण कर समस्त उपस्थित सज्जनों ने चैधरी साहब के जीवन परिचय, किसानों और समाज के योगदान से अवगत कराया। हवन आचार्य ओंकार सिंह, आचार्य गणेश, जयपाल और भगत सिंह ने आर्य समाज विधि से संपन्न कराया। पूर्व मंत्री चैधरी सरदार सिंह ने बताया कि जाटों को आरक्षण का लाभ मिलने से आज समाज के व्यक्ति उच्च पदों पर पदस्थ हैं। अध्यक्ष राजेश चौधरी ने चौधरी साहब के कार्य के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। कहा चौधरीसाहब के योगदान के संबंध में चर्चा करने के लिए पूरा दिन ही नहीं महीना भी कम पड़ेगा। कुँवर नरेंद्र ने चौधरी साहब को सर्व समाज का नेता बताया। किसानों के लिए अनेक कानून बनाये। आयोजन में राजवीर सिंह नौहर्व, मुकेश चौधरी, डॅ. जय कुमार अधिवक्ता, डा. पी सिंह, उमाशंकर सिंह अधिवक्ता, दिगंबर सिंह, सत्यबती चौधरीमंडल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, शिखा चैधरी जिला अध्यक्ष कांग्रेस महिला, कैप्टनमानपाल सिंह चौधरी, विक्रम सिंह अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, देशवीर सिंह, सत्य वीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष राया, सोनू चौधरी, मेघ सिंह, देश राज सिंह अधिवक्ता, शिवकुमार यादव, राजेंद्र सरपंच, बाबू लाल मागोर्रा,क्त सन्तोष चैधरी, महेंद्र सिंह चैधरी, बच्चू सिंह, सतवीर सिंह प्रिंसिपल, सुघड़ सिंह, जयवीर सिंह, लाखन सिंह, महाराम सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

### भाकियू सुनील के कार्यकर्ताओं ने मनाया चरण सिंह का जन्मदिन

**मथुरा।** भाकियसुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी उप्र के प्रमुख महासचिव उदय भान सिंह जाटव ने पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। किसान नेताओं ने 123 वी जयंती के पावन पर्व पर होली गेट चौराहे पर फल बिस्किट मिष्ठान वितरण किया। किसान नेताओं ने कहा भारत देश में किसानों के एकमात्र नेता चौधरी चरण सिंह थे, जिन्होंने सदैव किसान गरीब मजदूरों के हित की बात की केंद्र सरकार राज्य सरकार से मांग करते हैं। चरण सिंह की जयंती पर राज्यकीय व केंद्रीय अवकाश घोषित किया जाए मथुरा महानगर के किसी भी प्रमुख चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरीचरण सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाये।

# हत्या मामले में उठाये गये युवक को पुलिस ने थर्ड डिग्री दी

**आगरा।** हत्या के मामले में उठाए गए 35 साल के युवक को पुलिस ने थर्ड डिग्री दी है। पुलिस ने दो दिन तक उसे टॉर्चर किया। उसने बताया- पुलिस मुझ पर हत्या कबूलने के लिए प्रेशर बना रही थी। इसलिए मारते-मारते मेरे दोनों पैर तोड़ दिए। जब मैं बेहोश हो गया, तो पुलिसवालों ने किरावली के एक हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने बड़ा एक्शन लिया। अछनेरा एसीपी राम प्रवेश गुप्ता का ट्रांसफर कर दिया। लापरवाही मानते हुए किरावली इंस्पेक्टर नीरज कुमार, एसआई और बीट ऑफिसर को सस्पेंड कर दिया गया है।

- **पीड़ित बोला आगरा पुलिस ने मारते-मारते दोनों पैर तोड़े, जमकर डंडे बरसाये एसीपी का ट्रांसफर, इंस्पेक्टर-एसआई सस्पेंड**

कमिश्नर ने मामले की जांच डीआईजी शैलेश पांडेय और एडिशनल कमिश्नर राम बदन सिंह को सौंपी है। मामला किरावली एरिया का है। करहारा में 6 जून को किसान वनवीर सिंह (58) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वनवीर के भाई हरेंद्र सिंह के अनुसार, वह अपने घर पर अकेले रहते थे। 5 जून की रात करीब 11 बजे तक वनवीर सिंह से फोन पर बात हुई थी। सुबह करीब 10 बजे जब हरेंद्र सिंह पहुंचे तो उन्होंने भाई को मरा हुआ पाया। घटनास्थल पर घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। वनवीर के मोबाइल से सिम कार्ड गायब था। हरेंद्र सिंह ने 112 पर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घरवालों का कहना है कि वनवीर के गले पर निशान मिले थे, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने 20 दिसंबर को पूछताछ के लिए गांव के ही रहने वाले राजू (35) को बुलाया। घरवालों का कहना है कि पुलिस कई बार राजू से पूछताछ कर चुकी है। लेकिन, दो दिन पहले फिर पुलिस ने उसे बुलाया। इसके बाद राजू को नहीं छोड़ा। 21 दिसंबर की शाम पता चला कि राजू को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके दोनों पैरों में काफी चोट है। जब वो अस्पताल पहुंचे, तो राजू ने पुलिस की थर्ड डिग्री के बारे में बताया। राजू ने घरवालों को बताया- पुलिस ने मेरे पैरों पर जमकर डंडे बरसाए। मारते-मारते 5 डंडे भी टूट गए। मुझे उल्टा भी लटकाया। हाथ जोड़ता रहा, लेकिन पुलिस वालों का दिल नहीं पसीजा। वो मुझे पीटते रहे। इससे मैं बेहोश हो गया। जब मेरी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, तो पुलिसवाले घबरा गये।

# किसान मसीहा भारत रत्न चौ. चरण सिंह की जयंती मनायी



**टूंडला।** किसान मसीहा भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस किसान दिवस के अवसर पर गांव नगला कलुआ में एक विचार गोष्ठी का आयोजन युवा राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष चौधरी अमर सिंह पचहरे के नेतृत्व में किया गया, अध्यक्षता मास्टर रागी सिंह धनगर चौ, पूरन सिंह ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौ.निरंजन पोनिया व आचार्य राजबीर सिंह रहें विशिष्ठ अतिथि मास्टर देशराज सिंह रहे सभी ने भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के जीवन चरित्र पर विस्तार से चर्चा की, मुख्य अतिथि वरिष्ठ रालोद नेता चौ. निरंजन सिंह पोनिया ने कहा कि श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह जी का जीवन कृषि व्यवस्था के उत्थान किसानों के कल्याण और समाजसेवा को समर्पित रहा था, उन्होंने किसान और किसानी को शासन के केंद्र में स्थापित करने के साहसिक कार्य किए, किसानों मजदूरों और गरीबों के कल्याण के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। युवा जिलाध्यक्ष अमर सिंह पचहरे ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह किसानों को मालकाना हक की हर चुनौति स्वीकार किया और हमेशा किसान मजदूर के लिए प्रतिबद्ध रहे और आज भी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जयंत चौधरी युवा एवं किसान भूमिका, कृषि की वर्तमान चुनौतियों एवं किसानों के हित में चल रही सरकारी योजनाओं पर चर्चा करते हैं उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नेश ने कहा 1970 में जब दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री बने तो किसान हित अनको फैसले लेने का काम किया वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा किसानों के अधिकारों और सम्मान के लिए कार्य किया। गोष्ठी में उपस्थित किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत बीज, सिंचाई एवं कृषि तकनीकों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीण किसान गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर किसान हित में कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में किसानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुंवर सुधीर सिंह जितेंद्र सिंह पौनिया धर्मवीर सिंह इन्द्रजीत सिंह अमर सिंह धनगर गोधन सिंह बघेल मास्टर जितेंद्र सिंह गोपाल धनगर प्रधान रणवीर सिंह सोलंकी बिषमंबर सिंह बघेल प्रेम सिंह पचहरे बीरेन्द्र सिंह पचहरे बच्चू सिंह धनगर भूरी सिंह सौलंकी मुन्नेश सौलंकी गजेंद्र सिंह सोलंकी नेपाल सिंह ठेनुआ कृष्ण धाकरे सबीर खां हमबीर सिंह ओमप्रकाश एडवोकेट मुन्ना लाल अग्रवाल सौकडो लोग मौजूद रहे।

# 65 करोड़ का जुर्माना वसूलने के लिए जारी करें आरसी : एनजीटी

**आगरा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने यमुना नदी में बिना शोधित सीवेज गिराने और 65 करोड़ रुपये का जुर्माना न भरने पर आगरा और मथुरा-वृंदावन नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई। सोमवार को चेयरपर्सन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने सुनवाई करते हुए उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जिला प्रशासन के माध्यम से जुर्माने की वसूली की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया। एनजीटी बेंच ने तीन याचिकाओं पर सुनवाई की थी, जिनमें दो आवेदन स्वतः संज्ञान लिए गए थे, जबकि तीसरी एग्जीक्यूटिव एप्लीकेशन पर्यावरणविद डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ की थी। डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ ने बताया कि अपनी याचिका में मांग की है कि आगरा और मथुरा नगर निगम ने 65 करोड़ का जुर्माना जमा नहीं कराया, वहीं यमुना की स्थिति में भी कोई सुधार नहीं हुआ है और नाले अभी भी सीधे नदी में गिर रहे हैं। उन्होंने आदेश के बाद से सितंबर जुर्माना लगाने की मांग की, जिसमें 120 करोड़ और जुर्माना देना पड़ सकता है। बेंच ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ ने बताया कि बेंच ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को आड़े हाथों लिया। अप्रैल 2024 के फैसले के बावजूद बोर्ड वसूली का कोई भी ठोस सबूत पेश नहीं कर सका। चेयरपर्सन ने कहा कि बोर्ड ने केवल डॉ. कुलश्रेष्ठ की आरटीआई के जवाब में पत्र लिखे, लेकिन अपनी तरफ से वसूली के लिए कोई कानूनी कदम नहीं उठाया। मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने बेंच की फटकार पर अगले 8 हफ्तों के भीतर जुर्माना जमा करने की सहमति जताई है। सुनवाई में आगरा निगम की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने सुधारात्मक कमेटी बनाने का तर्क देकर समय मांगा, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। बेंच ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में अधिकारियों को केवल मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत राहत दी है, लेकिन हर्जाना भरने और पर्यावरण सुधार के आदेश पर कोई रोक नहीं लगाई है। पुराना 65 करोड़ जुर्माना जमा न करने पर फटकार के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एनजीटी से कहा है कि वे आगामी 4 हफ्तों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से आरसी जारी करवाएंगे ताकि नगर निगमों से पैसा वसूला जा सके। मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च, 2026 को होगी।

# एडीजी ने किया कंप्यूटर लैब का उद्घाटन सुनीं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की समस्याएं



**मथुरा।** अपर पुलिस महानिदेशक एडीजी आगरा जोन श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एक दिन के दौरे पर मथुरा पहुंची यहां उन्होंने पुलिस पेंशनर्स से सीधा संवाद कर सेवानिवृत पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं। इसके अलावा उन्होंने सैनिक सम्मेलन में शिरकत की तथा व्यापारियों के साथ बैठक की। उसके पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण करते हुए कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के साथ-साथ एसपी सिटी, सीओ सिटी अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) आगरा जोन, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना और पुलिस पेंशनर्स कार्यालय के लिए एक टेलीविजन भेंट किया। उन्होंने ग्राम सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम चैकीदारों को साइकिल और टॉर्च वितरित किए गए। पुलिसकर्मियों की समस्याओं के समाधान हेतु ह्लसैनिक सम्मेलनह्ल आयोजित किया गया। इसमें एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कर्मियों की शिकायतों को सुना और उच्चाधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए तथा सभी अधीनस्थों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की सलाह दी। एडीजी ने मथुरा नगरी में जाम की समस्या को लेकर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, ताकि यातायात व्यवस्था में सुधार किया जा सके। इसके अलावा एडीजी ने पुलिस लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया गया और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा मथुरा पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के बैरकों का निरीक्षण किया साथ ही प्रशिक्षुओं के आधुनिक प्रशिक्षण के लिए कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया।

# तीन बच्चों संग महिला दर-दर भटकने को मजबूर, दूसरी के चक्कर में पति बना हैवान

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के बोदला स्थित राहुल नगर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक विवाहिता को नशेड़ी पति और ससुरालियों द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने का आरोप है। पीड़िता रीना पुत्री टहनी, निवासी मेरो साचा मंदिर की गली, चक्की वाली गली, राहुल नगर, बोदला ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी करीब 14 वर्ष पूर्व राजेश के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति की नशे की लत सामने आ गई। पति कोई काम-धंधा नहीं करता और मेहनत-मजदूरी से कमाए गए पैसों को दोस्तों और अय्याशी पर उड़ा देता है। पीड़िता ने बताया कि तीन बच्चों की परवरिश का पूरा बोझ उसी पर है, जिसके चलते वह मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन कर रही है। पति और ससुरालियों से तंग आकर वह बच्चों के साथ किराए के कमरे में रहने को मजबूर है। आरोप है कि इसके बावजूद पति राजेश, सास कमलेश, ननद दुर्गेश, देवर प्रेम व चचिया ससुर नवल सिंह आए दिन उसके कमरे पर पहुंचकर मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देते हैं। इतना ही नहीं, पीड़िता का कहना है कि पति अपने दोस्तों को भी साथ लाता है, जो उस पर गलत नजर रखते हैं। पीड़िता के अनुसार, ससुराल पक्ष के लोग घर से जेवरात, नकदी व अन्य कीमती सामान भी उठा ले गए। हाल ही में जब वह मजदूरी पर गई हुई थी, तब मकान मालकिन ने फोन कर सूचना दी कि उक्त लोग घर पर आकर गाली-गलौज कर रहे हैं, जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और बचा हुआ सामान ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़िता ने प्रशासन से अपनी और बच्चों की जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि थाना जगदीशपुरा पुलिस इस गंभीर मामले में कब तक ठोस कार्रवाई करती है या एक और महिला न्याय की आस में भटकने को मजबूर होगी।

# भाजपा रालोद ने भारत रत्न चौ.चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



**फिरोजाबाद।** किसानों के मसीहा भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पर्जन कर नमन किया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा के चौधरी चरण सिंह जी ने जीवन पर्यंत किसानों मजदूर युवाओं पिछड़ों एवं दलितों के उत्थान के लिए अनेकों अनेक कार्य किये, चौधरी साहब ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यकाल एवं प्रधानमंत्री के कार्यकाल में मजदूर किसानों के लिए समर्पित रहा उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया उन्होंने कृषि नीति एवं सिंचाई परियोजनाओं पर बहुत कार्य किया आपके द्वारा कृषि सुधार ग्रामीण किसान और किसानों के हित को सर्वो पर रखकर कार्य किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष मास्टर देशराज सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों से उनके जीवन में बदलाव हुए। वह किसानों के सबसे पहले रहनुमा थे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष देशराज सिंह राजेंद्र सिंह पूर्व प्रधान शिव शंकर शर्मा, किशोर चौधरी, देवेंद्र बेनीवाल दिनेश गुप्ता अजीत जुरैल, मुकेश धामा विष्णु तिवारी गौरव सिसोदिया जगवीर सोलंकी, चंद्रवीर सिकरवार आदि उपस्थित रहे।

# आबकारी टीम और पुलिस ने पकड़ी इंपोर्टेड अवैध मदिरा, तस्कर गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जनपद मथुरा में अवैध मदिरा की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और पुलिस विभाग ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई में कार की डिग्गो में बनाये गये विशेष गुप्त चेंचर से इंपोर्टेड शराब की बड़ी खेप बरामद की गई है।

मथुरा आबकारी विभाग के जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह के निर्देशन में निरीक्षक निहांत यादव एवं हाईवे पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रात्रि में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-19 पर एटीवी के सामने सघन वाहन चेकिंग के दौरान हरियाणा की ओर से आ रही सफेद रंग की डस्टर

कार (एचआर 26 सीटी 2433) को रोका गया। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी में बने चैंबर से अवैध रूप से तस्करी कर ले जाई जा रही मदिरा बरामद की गई। टीम ने मौके से रेड लेबल ब्रांड की 60 बोतलें एवं ब्लैक डॉग ब्रांड की छह बोतलें, जिन पर बिक्री के लिए नहीं अंकित था, बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। बरामद अवैध मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1.25 लाख बताया गया है। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा एवं तस्करी में प्रयुक्त वाहन को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि शराब को अंतर्राज्यीय स्तर पर तस्करी कर अवैध बिक्री के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा की तस्करी एवं बिक्री के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा, और इस तरह के अवैध कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन जागृति फेस 05 के तहत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**टूंडला।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ऑपरेशन जागृति अभियान फेज-5 के विशेष अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा श्रीमती वीरमती फौरन सिंह इण्टर कॉलेज गढ़ी निर्भय थाना पचोखरा क्षेत्र में ऑपरेशन जागृति अभियान फेस 5 के तहत युवाओं में प्रेम प्रसंग के अंतर्गत घर से चले जाने के मामलों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम कराया गया व उससे होने वाले दुष्परिणामो के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष अमित तोमर द्वारा छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को विभिन्न हैल्पलाइन नम्बरों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप एक्स फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि के संबंध में विशेष जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष अमित तोमर उप निरीक्षक घनश्याम सिंह उप निरीक्षक गौरव वर्मा महिला उप निरीक्षक निशा बंसल हेड कांस्टेबल सतेंद्र सिंह कांस्टेबल पार्थिव गौतम.म0का0 डिम्पल म0कां0 सोनम चालक बलराम व छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

# ज्वैलर्स से धोखाधड़ी पर पूर्व जीएसटी कमिश्नर का बेटा गिरफ्तार

**आगरा।** ज्वैलर्स से धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने पूर्व जीएसटी कमिश्नर के बेटे को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस की कस्टडी रिमांड पर भेज दिया गया। आगरा की हरीपर्वत पुलिस ने ज्वैलर्स से धोखाधड़ी कर 153.79 ग्राम की पांच सोने की चेन लेकर फर्जी चेक और बैंक रसीद देने के मामले में आरोपी पूर्व जीएसटी कमिश्नर के पुत्र अभिषेक माथुर को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय ने दस्तावेजों की जांच के लिए समय देते हुए हरीपर्वत पुलिस के प्रार्थना पत्र पर 24 दिसंबर तक की कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली। नेहरू नगर के निवासी योगेश अग्रवाल ने 16 दिसंबर को हरीपर्वत थाना में पूर्व जीएसटी कमिश्नर कुमोद माथुर और उनके बेटे अभिषेक माथुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि कुमोद माथुर ने एक परिचित से फोन कराया और फिर अपने बेटे अभिषेक माथुर, बेटी व दामाद को आभूषण देने को कहा। अभिषेक अकेले आया और सोने की पांच चेन पसंद की। इसके बाद एक चेक दिया जो बाउंस हो गया। तकादा करने पर उसने कोटक महिंद्रा बैंक की फर्जी जमा रसीद व्हाट्सएप कर रकम खाते में भेजने को कहा। उसने अपने दयालबाग में बेचे जा चुके पुराने मकान के पते पर जानबूझकर खाता खुलवाया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मृत्युंजय की कोर्ट में प्रस्तुत कर बरामदगी के लिए रिमांड मांगी। न्यायालय ने पत्रावली के अवलोकन में जालसाजी की धारा 338 बीएनएस के संबंध में प्रस्तुत कोटक महिंद्रा बैंक की रसीद और पंजाब नेशनल बैंक के चेक को लेकर जांच में खामियां पाईं। इसके बाद आरोपी की रिमांड 24 दिसंबर 2025 तक स्वीकृत करते हुए विवेचक को विधिक राय लेने और गैर-विधिक हिरासत पर स्पष्ट जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

# डीएम ने विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने नगर आयुक्त गुंजन द्विवेदी और मेयर कामिनी राठौर के साथ नगर निगम द्वारा कराए जा रहें, विभिन्न निमार्णाधीन कार्यों और परियोजनाओं का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि अगले साल सभी प्रोजेक्ट पूरे करा लिए जाएं, हमारा प्रयास है कि शहरी क्षेत्र में एक बेहतर आधारभूत संरचना विकसित हो, जिससे नागरिकों को जिन असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, उससे उन्हें राहत मिल सके, हमारा प्रयास है कि नगर निगम में हम सामान्य वर्ग के व्यक्तियों के लिए मैरिज हॉल, मीटिंग हॉल या अन्य सुविधाजनक चीजों का विकास करें, जिससे उनके जीवन में गुणात्मक बदलाव हो सके। शहर साफ-स्वच्छ और जाममुक्त हो, इस क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत कम्युनिटी सेंटर बहुउद्देशीय हॉल का निरीक्षण किया, यह बहुउद्देशीय हाल मै0 स्वरूप कंस्ट्रक्शन द्वारा 977.73 लाख की लागत से निर्मित किया जा रहा है, यह कार्य 2 जुलाई 2025 को प्रारंभ हुआ था, जिसे 1 जुलाई 2026 तक पूरा होना है, जिलाधिकारी ने कहा कि इसके



निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने निर्माण में प्रयुक्त हो रही ईंट, सीमेंट व मोरम की गुणवत्ता को भी देखा, जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रोजेक्ट शहर के लिए मील का पत्थर साबित होगा, इसलिए उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि कार्य अपने निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो, ताकि जनता का इसका लाभ मिल सके।

इसके बाद जिलाधिकारी ने पास ही बना रहे 1.24 किलोमीटर लम्बाई की स्मार्ट रोड का भी निरीक्षण किया, जहां पर जिलाधिकारी ने सड़क को खुदवाकर वहां पर लगे हुए टाइल्स की गुणवत्ता को देखा, जहां पर गुणवत्ता ठीक पाई गई, परंतु उन्होंने स्मार्ट रोड की धीमी प्रगति पर नाराजगी दिखाई, उन्होंने कहा कि इसे शीघ्र पूरा करें, इसमें विलंब नहीं होना चाहिए। इसके बाद जिलाधिकारी राज्य सिटी स्मार्ट योजान्तर्गत जलकल कार्यालय रसूलपूर रोड पर जोनल कार्यालय का भी निरीक्षण करने गए, जो 941.18 लाख की लागत से निर्मित किया जा रहा है, जिसे 5 नवंबर 2026 तक पूरा किया जाना है, जिलाधिकारी ने यहां नगर आयुक्त और मेयर के साथ निरीक्षण कर कार्यदायीं संस्था को निर्देशित किया कि यहां चल रहे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें, साथ ही उन्होंने कहा कि यहां पर जो भी कमरे निर्मित किए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता और उपयोगिता का ध्यान अवश्य रखा जाए। इसके बाद उन्होंने जलेसर रोड चौराहे पर सी0एम0 ग्रेड प्रोजेक्ट फेस-2 के अंतर्गत 26 करोड़ की लागत से चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया, यहां जिलाधिकारी को बताया गया कि यहां पर केबल के संपूर्ण तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा, फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा, जबकि चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, यह संपूर्ण कार्य 15 माह में पूरा किया जाना है, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यह संपूर्ण कार्य 15 माह तक अवश्य हो जाना चाहिए।

# सुशासन सप्ताह को लेकर हुई कार्यशाला

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने के उद्देश्य से सुशासन सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को पांच्यजन प्रेक्षाग्रह में जागरूकता कार्यक्रम (कार्यशाला) का आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न कॉलेजों से छात्र-छात्राओं शिक्षकों आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों को प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव राजीव कुमार एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व मंत्री सरदार सिंह रिटायर्ड आईएएस चैब सिंह वर्मा की मौजूदगी में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने सरकार की प्राथमिकता वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास सामाजिक सुरक्षा रोजगार और गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार का लक्ष्य पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाना है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने कहा कि सुशासन सप्ताह का उद्देश्य पारदर्शिता जवाबदेही और जनभागीदारी को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सही जानकारी और समय पर आवेदन से ही आमजन को वास्तविक लाभ मिल सकता है। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रह जाए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण भी किया गया। इस दौरान आईजीआरएसए एसआईआर सहित विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

संक्षेप

## एआई+ ने पेश किये नोवापॉड्स

बंगलुरु। एआई+ ने आज अपने पहले ऑडियो प्रोडक्ट नोवापॉड्स की घोषणा की। इसके साथ ही ब्रांड के कनेक्टेड डिवाइस इकोसिस्टम में एक नया वियरेबल ऑडियो लेयर जुड़ गया है। 2026 के पहले क्वॉटर में लॉन्च होने वाले नोवापॉड्स की शुरूआती कीमत रूपये 1,000 से कम होगी। नोवापॉड्स को पूरे दिन पहनने योग्य बनाया गया है, जिसमें भरोसेमंद ऑडियो के साथ आरामदायक फिट, सादा व आकर्षक डिजाइन और हेल्थ-फोकस्ड फीचर्स का बेहतरीन संयोजन है।

## आईसीसी की पार्टनर बनी ह्यूंडई मोटर

अहमदाबाद। ह्यूंडई मोटर कंपनी ने आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के साथ 2026 से 2027 तक होने वाले इसके प्रतिष्ठित टूनामेंट्स से प्रीमियम पार्टनर के रूप में जुड़ने के लिए हाथ मिलाया है। प्रीमियम पार्टनर के रूप में ह्यूंडई मोटर ने आईसीसी के आगामी इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर के लिए एक्सक्लूसिव राइट्स ले लिए हैं। इन आयोजनों में 2027 में होने वाला मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप भी शामिल है। इनमें सिक्का उछालने (कॉइन टॉस) जैसे प्रमुख मैच-डे मूमेंट्स में हिस्सा लेने, स्टेडियम में प्रमुख जगहों पर ब्रांडिंग करने और प्रशंसकों को खास अनुभव देने जैसे राइट्स शामिल हैं। यह साझेदारी खेल के प्रति साझा जुनून के माध्यम से अलग-अलग वैश्विक दर्शकों के साथ गहरे संबंध बनाने की ह्यूंडई मोटर की प्रतिबद्धता को दिखाती है।

## किडज ने की बड़े विस्तार की घोषणा

मुंबई। किडज ने आज अपनी पहली दो ओरिजिनल एनिमेटेड सीरीज छोटे तारा का बड़ा गदर और एफएबी 5 को लॉन्च करके बच्चों के मनोरंजन के क्षेत्र में एक बड़े विस्तार की घोषणा की। ये नई सीरीज भारतीय कहानियों, कल्पनाशीलता और मूल्यों को आधुनिक अंदाज में बच्चों और परिवारों के लिए पेश करेंगी। तारा का बड़ा गदर का प्रीमियर 24 दिसंबर को किडज पर किया जाएगा, जबकि एफएबी 5 जल्द ही प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी। बच्चों के कंटेंट सेगमेंट में कदम रखते हुए, जी5 का उद्देश्य भारतीय कहानियों की एक रंगीन और रचनात्मक दुनिया बनाना है, जो बच्चों की कल्पना को बढ़ावा दे और सार्थक, भारतीय संस्कृति से जुड़ा मनोरंजन दे। किडज वह मंच है जहाँ सुरक्षा और मनोरंजन एक साथ मिलते हैं। यहाँ ऐसा कंटेंट पेश किया जाता है जिस पर माता-पिता भरोसा करते हैं और जिसे बच्चे दिल से पसंद करते हैं।

श्रम संहिताओं के विरोध में फरवरी में हड़ताल करेंगे श्रमिक संगठन

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रमिक संघों के एक संयुक्त मंच ने श्रमिकों, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र तथा ग्रामीण नौकरियों से संबंधित कानूनों में सरकार की ओर से किए जा रहे बदलावों के विरोध में फरवरी में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का फैसला किया है। श्रमिक संघ सरकार द्वारा नवंबर में अधिसूचित चार नई श्रम संहिताओं और संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पारित सतत परमाणु ऊर्जा के उपयोग एवं उन्नयन के लिए भारत परिवर्तन (शांति) विधेयक का विरोध कर रहे हैं। संसद का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर को संपन्न हुआ था। ऐसा कहा गया है कि नयी रोजगार योजना में कटाई के मौसम के दौरान अधिनियम के संचालन पर रोक लगाई गई है, ताकि जमींदारों को सस्ता श्रम उपलब्ध कराया जा सके। केंद्रीय श्रमिक संगठनों (सीटीयू) और क्षेत्रीय महासंघोंसंघों के संयुक्त मंच ने श्रम संहिताओं एवं केंद्र सरकार द्वारा लोगों के अधिकारों व हकदारी पर किए जा रहे बहुआयामी हमले के विरोध में 12 फरवरी, 2026 को देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान करने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया कि हड़ताल की तारीख को नौ जनवरी को नयी दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलन में औपचारिक रूप से मंजूरी दी जाएगी।

## गुजरात सरकार ने दी 1500 स्टार्टअप को वित्तीय सहायता

अहमदाबाद। छात्र स्टार्टअप एवं नवाचार नीति (एसएसआईपी 2.0) के तहत पिछले चार वर्ष में गुजरात सरकार ने कुल।,543 स्टार्टअप को वित्तीय सहायता दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गुजरात कई पहल के दम पर उद्यमिता के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है और लगातार चौथी बार स्टार्टअप रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, गुजरात को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में मान्यता दी गई है, जहां वर्तमान में समूचे प्रदेश में करीब 16,700 स्टार्टअप हैं।

# सेंसेक्स में 42 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 42 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी मामूली लाभ में रहा।

सूचना प्रौद्योगिकी और औषधि कंपनियो के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 42.64 अंक यानी 0.05 प्रतिशत टूटकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 85,704.93 अंक के उच्चतम स्तर तक गया और 85,342.99 अंक के निचले स्तर तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी मामूली 4.75 अंक यानी 0.02 प्रतिशत बढ़कर 26,177.15 अंक पर बंद हुआ। धातु, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियां) और ऊर्जा क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली, जबकि आईटी और औषधि क्षेत्र के शेयरों में दबाव बना रहा। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, इटर्नल, एक्सिस बैंक और मारुति प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू बाजार सीमित दायरे में रहा और स्थिर बंद हुआ। अधिकांश क्षेत्रों में बिकवाली का दबाव बना रहा, हालांकि वित्तीय और एफएमसीजी क्षेत्रों ने मामूली समर्थन प्रदान किया। निवेशक अब कंपनियों के आगामी तिमाही नतीजों के लिए अपनी रणनीति बना रहे हैं। साथ ही फेडरल रिजर्व की नीतिगत संभावनाओं पर नजर रख रहे हैं, क्योंकि जनवरी की बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावना धीरे-धीरे बढ़ रही है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.38 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.07 प्रतिशत के लाभ में रहा। वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार में सुस्ती छाई रही और हाल की तेजी के बाद यह लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। यूरोप के बाजारों में दोपहर कारोबार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 457.34 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने लिवाली जारी रखी और 4,058.22 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 89.65 प्रति डॉलर पर



मुंबई। कमजोर डॉलर के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया तीन पैसे बढ़कर डॉलर के मुकाबले 89.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, विदेशी पूंजी की निकासी ने रुपये की तेज बढ़त पर ब्रेक लगा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 89.67 पर खुला और 89.59-89.85 के दायरे में कारोबार करने के बाद डॉलर के मुकाबले 89.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त है। सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त को गंवाकर डॉलर के मुकाबले एक पैसे की मामूली गिरावट के साथ 89.68 पर बंद हुआ था। कमजोर अमेरिकी डॉलर इंडेक्स के कारण मंगलवार को रुपये में मजबूती आई। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया। हमें उम्मीद है कि अमेरिकी डॉलर में समग्र कमजोरी और घरेलू शेयरों में उछाल के कारण रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में देरी से उच्चस्तर पर रुपये पर दबाव पड़ने की उम्मीद है। निवेशक मंगलवार को अमेरिका से तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों पर नज़र रख सकते हैं। डॉलर-रुपया हाजिर कीमत 89.30-89.90 रुपये के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.95 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड, वायदा कारोबार में 0.18 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 62.18 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर, सेंसेक्स 42.64 अंक गिरकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी मामूली रूप से 4.75 अंक बढ़कर 26,177.15 अंक पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने सोमवार को 457.34 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# सरकार खुदरा महंगाई की गणना में ई कॉमर्स, ऑनलाइन स्रोतों को करेगी शामिल

नयी दिल्ली। सरकार ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की विश्वसनीयता, सटीकता और गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार लाने के उद्देश्य से खुदरा मुद्रास्फीति की गणना में ऑनलाइन स्रोतों के साथ-साथ ई-कॉमर्स मंच को भी शामिल करने का प्रस्ताव किया है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय सीपीआई, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और सकल घरेलू उत्पाद की गणना के लिए आधार वर्षों को संशोधित करने की प्रक्रिया में है। सीपीआई की नई श्रृंखला के आंकड़े (2024 =100) को आधार वर्ष मानते हुए 12 फरवरी, 2026 को जारी किए जाने की संभावना है। वित्त वर्ष 2022-23 को आधार वर्ष मानकर राष्ट्रीय लेखा संबंधी आंकड़े 27 फरवरी, 2026 को जारी किए जाएंगे, जबकि 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए आईआईपी की नई श्रृंखला के आंकड़े 28 मई को जारी होंगे। मंगलवार को मंत्रालय ने सीपीआई, जीडीपी और आईआईपी के आधार वर्ष संशोधन पर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया। वर्तमान श्रृंखला में भौतिक दुकानों से एकत्र किए जा रहे आंकड़ों के अतिरिक्त, 25 लाख से अधिक आबादी वाले 12 चयनित शहरों में ई-कॉमर्स मंच से भी कीमत आंकड़े प्राप्त की जाएंगी।

# सोना 140850 रुपये प्रति दस ग्राम व चांदी 217250 रुपये प्रति किलोग्राम रिकॉर्ड पर



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझानों के कारण, सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त जारी रहीं। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 2,650 रुपये बढ़कर।,40,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को।,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस साल अब तक, घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में 61,900 रुपये, या 78.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर, 2024 को सोने का भाव 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी में भी लगातार दूसरे दिन तेजी आई, और यह 2,750 रुपये बढ़कर 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में, चांदी 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम की तेज वृद्धि दर्ज करने के बाद 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा कीमतों में अभूतपूर्व तेजी जारी है, जिसमें हाजिर सोना 4,500 डॉलर के स्तर के करीब एक और मील का पत्थर छू रहा है। तेजी का यह ताजा दौर इस उम्मीद से प्रेरित है कि फेडरल रिजर्व वर्ष 2026 में एक से ज़्यादा बार ब्याज दर में कटौती करेगा, साथ ही बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव सोने और चांदी की सुरक्षित निवेश अपील को मजबूत कर रहा है। कैलेंडर वर्ष के दौरान, चांदी की कीमतों में 31 दिसंबर, 2024 को दर्ज किए गए 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम से 127,550 रुपये, या 142.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को, हाजिर सोना 54.3 डॉलर, या 1.22 प्रतिशत बढ़कर अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 4,498 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

# खेती के व्यस्त मौसम में मजदूरों की कमी को दूर करेगा नया कानून

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में पारित विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी अधिनियम खेती के सबसे व्यस्त समय में मजदूरों की कमी की समस्या को दूर करेगा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (मनरेगा) की जगह लेने जा रहे वीबी-जी राम जी विधेयक को पिछले हफ्ते संसद में पारित किया गया था।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, चौहान ने किसान दिवस के मौके पर एक ऑनलाइन संबोधन में कहा कि यह कानून किसानों और मज़दूरों के कल्याण के बीच संतुलन बनाता है। यह कानून देश के व्यापक हित में बहुत उपयोगी है, क्योंकि यह खेती करने वाले समुदाय को सशक्त बनाता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है। जहां वीबी-जी राम जी मजदूरों के उत्थान का पूरा ध्यान रखता है, वहीं यह किसानों पर भी ध्यान केंद्रित करता है और सुनिश्चित करता है कि खेती के लिए पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों। मंत्री ने बताया कि किसानों को अक्सर फसलों की बुवाई एवं कटाई के मौसम में मजदूरों को ढूंढने में मुश्किल होती है। अब इस नए कानून से यह समस्या हल हो जाएगी और खेती के मौसम में पर्याप्त मजदूर

# आईपीओ बाजार में आई तेजी नये साल भी जारी रहने की उम्मीद




नयी दिल्ली। पर्याप्त घरेलू नकदी, मजबूत निवेशक विश्वास और सहायक वृहद आर्थिक कारकों से प्रेरित 2025 में रिकॉर्ड 1.76 लाख करोड़ रुपये जुटाकर रिकॉर्ड स्तर छूने वाले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार की यह तेजी नए साल में भी जारी रहने की उम्मीद है।

वर्ष 2025 की एक बड़ी उपलब्धि स्टार्टअप का सूचीबद्ध होना रहा। इस साल लेंसकार्ट, ग्रोव, मीशो और फिजिक्सवॉला समेत 18 स्टार्टअप सार्वजनिक हुए और संयुक्त रूप से 41,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए। वहीं, 2024 में स्टार्टअप ने 29,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। साथ ही, बिक्री पेशकश (ओएफएस) धन जुटाने की गतिविधियों में प्रमुख बना रहा। इसकी 2025 में जुटाई गई कुल पूंजी में करीब 60 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। बाजार प्रतिभागी 2026 में आईपीओ गतिविधियों को लेकर आशावादी बने हुए हैं। नए साल के लिए आईपीओ का परिदृश्य प्रोत्साहक बना हुआ है जिसे आगामी आईपीओ तथा मजबूत क्षेत्रीय विविधता का समर्थन प्राप्त है। 75 से अधिक कंपनियों को पहले ही भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल चुकी है लेकिन उन्होंने अभी तक अपने निर्गम नहीं शुरू किए हैं जबकि अन्य 100 कंपनियां नियामक स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रही हैं। आगामी आईपीओ में प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, बुनियादी ढांचा, ऊर्जा एवं उपभोक्ता क्षेत्रों के निर्गम शामिल हैं जो व्यापक सहभागिता को दर्शाते हैं। इसमें रिलायंस जियो, एसबीआई म्यूचुअल फंड, ओयो और फोनपे जैसे प्रमुख निर्गमों के शामिल होने की भी संभावना है। आईपीओ सेंट्रल द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2025 में पेश किए गए 103 नए सार्वजनिक निर्गमों ने कुल 1.76 लाख करोड़ रुपये जुटाए। यह 2024 में 90 कंपनियों द्वारा जुटाए गए 1.6 लाख करोड़ रुपये और 2023 में 57 कंपनियों द्वारा जुटाए गए 49,436 करोड़ रुपये से अधिक है। मजबूत घरेलू नकदी और टिकाऊ निवेशक विश्वास ने रिकॉर्ड राशि जुटाने में मदद की। भारत की वृहद आर्थिक स्थिरता (जिसमें मजबूत जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि, नियंत्रित मुद्रास्फीति तथा पूर्वानुमेय नीतिगत वातावरण शामिल हैं) ने वैश्विक और घरेलू निवेशकों का विश्वास बढ़ाया। यह तेजी हालांकि पूरे वर्ष समान नहीं रही। बाजार की अस्थिरता, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की कमजोर भागीदारी और भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच पहले सात महीनों में प्राथमिक बाजार की गतिविधि सुस्त बनी रही। अगस्त से परिस्थितियों में काफी हद तक सुधार आया क्योंकि वृहद आर्थिक चिंताएं कम हुईं, नकदी मजबूत हुई और शेयर बाजार स्थिर हुए जिससे कंपनियों के सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया तेज हुई।

# वैल्यू-ई-कॉमर्स मॉडल पेश करते हुए डीलशेयर का लखनऊ में रीलॉन्च



लखनऊ। भारत का स्वदेशी वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म डीलशेयर अब अपने नए रूप डीलशेयर 2.0 के साथ फिर से लौट आया है। कंपनी ने कोलकाता, जयपुर और गाजियाबाद सहित कई शहरों में विस्तार के तहत इस मॉडल का रीलॉन्च लखनऊ में किया। इस नए मॉडल के साथ डीलशेयर अब पूरी तरह कस्टमर-फर्स्ट और सेविंग्स-बेस्ड प्लेटफॉर्म की तरह काम करेगा।

यह विशेष रूप से मध्यम आय वर्ग के उन परिवारों के लिए है, जो सही दाम, बेहतर क्वालिटी और भरोसे को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं। डीलशेयर के सीईओ कमलदीप सिंह ने कहा, ₹लखनऊ हमेशा से ही डीलशेयर के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है। यह ऐसे भारतीय ग्राहकों का प्रतिनिधित्व करता है, जो समझदारी से खर्च करते हैं और बचत को महत्व देते हैं। डीलशेयर 2.0 के साथ ज्यादा प्रोडक्ट्स जोड़कर, स्थानीय सप्लायर्स बढ़ाकर और 2 घंटे की डिलीवरी को और मजबूत बनाकर हम यहाँ अपना ध्यान और बढ़ा रहे हैं। हमारा उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है: हर दिन असली बचत और भरोसेमंद सुविधा देना। लखनऊ डीलशेयर के लिए हमेशा से ही एक मजबूत और सर्वाधिक प्रतिक्रिया देने वाला बाजार रहा है। ऐसे में, यहाँ रीलॉन्च के बाद ऑर्डर्स में 75% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। लगभग 65% कारोबार रिपीट कस्टमर्स से आ रहा है, जो यह दर्शाता है कि शहर के लोग वैल्यू-फर्स्ट और सेविंग्स-ओरिएंटेड खरीदारी को कितना पसंद करते हैं। इस रीलॉन्च के साथ डीलशेयर का लक्ष्य शहर में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना है, ताकि हर महीने लाखों ग्राहकों को और भी किफायती, आसान और भरोसेमंद खरीदारी का अनुभव मिल सके। डीलशेयर ने यह रीलॉन्च असल में भारत की बदलती ई-कॉमर्स जरूरतों को समझने के बाद किया है।

पेज एक का शेष

## बलात्कार

जमानत राशियां जमा करने का निर्देश देकर सेंगर को जमानत दे दी। उच्च न्यायालय ने सेंगर को निर्देश दिया कि वह न तो पीड़िता के घर के पांच किलोमीटर के दायरे में जाए और न ही पीड़िता या उसकी मां को कोई धमकी दे। अदालत ने कहा, शर्तों का उल्लंघन होने पर जमानत रद्द कर दी जाएगी। उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले में दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ अपील लंबित रहने तक सेंगर की सजा पर रोक लगाई है। उसने दिसंबर 2019 के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। पीठ ने फैसला सुनाते समय कहा कि तीन जमानतदार दिल्ली के निवासी होने चाहिए और सेंगर को अपनी अपील के लंबित रहने के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में ही रहना होगा। अदालत ने निर्देश दिया कि वह अपना पासपोर्ट निचली अदालत में जमा करे और हर सोमवार सुबह 10 बजे स्थानीय थाने में उपस्थित हो। उच्च न्यायालय ने उसकी अपील पर सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तारीख तय की। संबंधित मामले के अनुसार, सेंगर ने 2017 में नाबालिग लड़की का अपहरण कर बलात्कार किया था। उच्चतम न्यायालय के एक अगस्त 2019 के निर्देश के आधार पर बलात्कार और अन्य संबंधित मामले उत्तर प्रदेश की एक निचली अदालत से दिल्ली स्थानांतरित कर दिए गए थे। पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत होने से संबंधित मामले में सजा के खिलाफ सेंगर की अपील अब भी लंबित है। इस अपील में उसने यह कहते हुए सजा निलंबित करने का आग्रह किया है कि वह पहले ही जेल में काफी समय बिता चुका है। हिरासत में मौत के मामले में उसे 10 साल की सजा सुनाई गई थी।

## धर्मांतरण के

ने बीमारी का हवाला देकर छुट्टी मांगी, लेकिन विभागाध्यक्ष ने छुट्टी देने से इनकार कर दिया। पीड़िता और आरोपी दोनों विशाखा कमेटी के समक्ष पेश हुए वहीं, सोमवार को दोपहर बाद पीड़िता और आरोपी दोनों विशाखा कमेटी के समक्ष पेश हुए थे। दोनों के बयान दर्ज किए गए थे। कमेटी के सामने आरोपी डॉक्टर ने खुद को कुंवारा बताया था और पूर्व में एक अन्य महिला डॉक्टर से शादी की बात से इनकार किया। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि पीड़िता ने लिखित शिकायत में आरोपी की पहली डॉक्टर पत्नी का उल्लेख किया है, इसलिए कमेटी ने आरोपी से कुंवारा होने के सबूत मांगे हैं। वहीं, केजीएमयू पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू ने बताया कि विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। मैं पीड़िता के साथ हूं और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का पक्षधर हूं। कमेटी ने कहा है कि शिकायत में जिन महिला डॉक्टर का जिक्र है, उन्हें भी पेश किया जाए। यदि यह संभव नहीं हुआ तो आरोपी को शपथपत्र देना होगा, जिसमें कुंवारा होने और किसी भी वैवाहिक या निजी संबंध से इन्कार दर्ज हो। केजीएमयू पैथोलॉजी विभाग में पश्चिम बंगाल की महिला रेजिडेंट डॉक्टर के पिता ने उत्तराखंड के खटीमा निवासी पुरुष रेजिडेंट डॉक्टर पर बेटी का धर्मांतरण कराने के प्रयास का आरोप लगाया है। शिकायत मुख्यमंत्री और राज्य महिला आयोग को भेजी गई है। पिता का आरोप है कि आरोपी ने शादी से पहले धर्म बदलने का दबाव बनाया और इन्कार करने पर लगातार परेशान किया। इसी कारण 17 दिसंबर को पीड़िता ने आत्महत्या का प्रयास किया। उसका इलाज ट्रॉमा सेंटर की आईसीयू में चला और शुक्रवार को हालत में सुधार के बाद डिस्चार्ज किया गया।

## चौधरी चरण

ने शर्त रखी कि आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी और संजय गांधी पर चल रहे मामलों को वापस लिया जाए. चरण सिंह ने इसे न्याय और सिद्धांतों के खिलाफ मानते हुए साफ इनकार कर दिया। इसके बाद कांग्रेस ने समर्थन वापस ले लिया और उनकी सरकार के पास बहुमत का कोई आधार नहीं बचा। लोकसभा में विश्वास मत से पहले ही चरण सिंह ने अगस्त 1979 में, महज 23 दिन के भीतर, प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इस तरह वे भारत के एकमात्र प्रधानमंत्री बने जिन्होंने अपने कार्यकाल में कभी संसद का सामना नहीं किया। इसके बाद लोकसभा भंग कर दी गई और जनवरी 1980 में नए चुनाव कराए गए। तब तक चरण सिंह कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में बने रहे। यह पूरा घटनाक्रम चौधरी चरण सिंह को भारतीय संवैधानिक और राजनीतिक इतिहास में एक विशिष्ट स्थान दिलाता है। सत्ता खोने के बावजूद सिद्धांतों से समझौता न करना उनकी सबसे बड़ी पहचान मानी जाती है। हर साल 23 दिसंबर को किसान दिवस के रूप में उनकी जयंती मनाई जाती है, जो भारतीय कृषि, किसानों और ग्रामीण नीतियों के लिए उनके आजीवन संघर्ष और योगदान को सम्मान देने का प्रतीक है।

## अमेरिका स्थित

किया। मूल रूप से बडगाम निवासी फई को इस वर्ष अप्रैल में अदालत ने भगोड़ा घोषित कर दिया था, क्योंकि उसने पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए जारी 30 दिन के नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया था। उसके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 2020 में मामला दर्ज किया गया था। प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के समर्थक और कथित तौर पर घोषित आतंकवादी और हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन के करीबी सहयोगी फई के खिलाफ देश में आतंकवादी संगठन को समर्थन देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। न्यायाधीश ने सात पन्नों के आदेश में कहा, अदालत रिकॉर्ड से संतुष्ट है कि आरोपी ने जानबूझकर और इरादे से खुद को छिपाया है। अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि संपत्ति की कुर्की करना अत्यावश्यक है, क्योंकि फई के रिश्तेदारों के पास वर्तमान में जमीन का कब्जा है और वे उसे बेच सकते हैं, जिससे कानूनी प्रक्रिया विफल हो जाएगी।

## किसान की

को जागरूक किया। अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा, फिर एक-एक करके प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, एमएसपी की गारंटी हो या बीज से लेकर बाजार तक किसानों की सुविधाओं को बढ़ाया गया। सीएम योगी ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री व यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को ह्यभारत रत्नह्न देकर किसानों का मान बढ़ाया। लघु व सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण मोचन कार्यक्रम लागू किया। पहले किसान शासन की किसी भी योजना का अंग नहीं था, लेकिन आज किसान को शासन की हर योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। आज बिचौलिया किसानों की फसल का दाम नहीं तय करता। यदि किसान को बाजार में फसल का अच्छा दाम मिला तो ठीक वरना सरकार उसे खरीदेगी। यूपी के अंदर धान, गेहूं, चना, सरसो, बाजरा, मक्का आदि फसलों का उत्पादन कई गुना बढ़ा है और लागत कम हुई है। यही किसानों की समृद्धि का आधार है। सीएम योगी ने चौधरी चरण सिंह के वक्तव्य का जिक्र किया। वे हमेशा देश, गांव व किसान के हित में काम करते थे। वे कहते थे कि जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत ही असली भारत है। भारत की समृद्धि का मार्ग देश के खेत व खलिहान से होकर गुजरता है। जागरूक जनशक्ति ही सफल लोकतंत्र का आधार है। यूपी सरकार में उन्हें जब मौका मिला तो भूमि सुधार कार्यक्रम लागू किया। जमींदारी उन्मूलन, भूमि सुधार अधिनियम के माध्यम से उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। बिचौलियों द्वारा किसानों का शोषण बंद करने के लिए मंडी अधिनियम पारित कराया। पटवारी व्यवस्था का भी उन्मूलन किया। लघु-सीमांत किसानों के साढ़े तीन एकड़ तक के भूखंड को भूराजस्व के भुगतान में छूट भी दिलाई। उर्वरकों को बिक्री कर से मुक्त कराया। काम के बदले अनाज कार्यक्रम की शुरूआत भी की। कृषि व ग्रामीण विकास योजना के लिए ऋण उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। सीएम योगी ने कहा कि 1996 से 2017 (21-22 वर्ष) में किसानों को जितना गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं हुआ था, उससे लगभग 75 हजार करोड़ रुपये अधिक धनराशि 8 वर्ष में किसानों के खाते में डाली है। अभी हाल में ही गन्ना मूल्य का दाम बढ़ाया है। पेराई सत्र 2025-26 में अगेती गन्ना 400 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। सीएम ने कहा कि यूपी में किसान समृद्धि की तरफ अग्रसर हुआ है। किसानों ने नई तकनीक और अच्छी क्वालिटी के बीज पर ध्यान दिया तो कम लागत में अच्छा उत्पादन कर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 8 वर्ष में डबल इंजन सरकार ने भारत सरकार के सहयोग से 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए हैं। यूपी में इनकी संख्या अब 89 हो गई है। 9 क्लाइमेटिक जोन में इतने कृषि विज्ञान केंद्र किसी राज्य में नहीं हैं। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जा रहे हैं। कृषि विभाग लगातार काम कर रहा है। हमारे मंत्री (सूर्य प्रताप शाही, चौधरी लक्ष्मी नारायण, बलदेव सिंह औलख) किसान हैं और संजय निषाद मत्स्य उत्पादन के लिए कार्य कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए लखनऊ में आधुनिक तकनीक पर आधारित सीड पार्क बन रहा है।

## ग्रीन हाइड्रोजन

सरकार को नीतिगत सुझाव भी देगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कम से कम 50 प्रतिशत औद्योगिक भागीदारी उत्तर प्रदेश से होगी, जिससे राज्य को ग्रीन हाइड्रोजन के औद्योगिक और व्यावसायिक उपयोग में अधिक लाभ मिल सके। हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए रेल मंत्रालय के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन आधारित ट्रेनों तथा उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के माध्यम से कानपुर, लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर रूट पर ग्रीन हाइड्रोजन बसें चलाने के प्रयास भी किए जाएंगे। ग्रीन हाइड्रोजन के लिए इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में एक प्रमुख नवाचार और औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अनुसंधान, स्टार्टअप्स और उद्योगों के सहयोग से यह पहल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन कम करने, निवेश आकर्षित करने और राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित करने में सहायक होगी।

## उत्तराखंड सरकार

का जीवंत प्रतीक है। सहकारिता भारतीय जीवन दर्शन का अभिन्न हिस्सा रही है, जहाँ व्यक्ति अपने हित से ऊपर उठकर समाज के व्यापक कल्याण के लिए कार्य करता है। सीएम ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सहकारिता की भूमिका और अधिक प्रासंगिक हो गई है, यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन एक ऐतिहासिक पहल है, जिसे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नई दिशा मिली है।

## कफ सिरप मामला:

नोटिस जारी किए गए। बंसवाल ने बताया कि रांची के शैली ट्रेडर्स से जुड़ी कई फर्म के लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आया है कि शुभम जायसवाल के लिए दिवेश जायसवाल और अमित जायसवाल फर्जी फर्म और फर्जी दस्तावेजों से बिल जनरेट कराने का काम करते थे। उन्होंने बताया कि चारों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) एल आर कुमार के नेतृत्व में गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) मामले की जांच कर रहा है।




# सुनील गावस्कर ने पर्सनैलिटी राइट्स प्रोटेक्ट कराये, ऐसा करने वाले पहले स्पोर्ट्स पर्सन



नई दिल्ली। दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर पहले भारतीय स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी बन गए हैं, जिनके पब्लिसिटी और पर्सनैलिटी राइट्स को कोर्ट ने प्रोटेक्ट किया है। कोर्ट ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को गलत बयान हटाने और ई-कॉमर्स साइट्स को 72 घंटे के अंदर इसका उल्लंघन करने वाले प्रोडक्ट्स को हटाने का आदेश दिया है। पिछले हफ्ते गावस्कर के वकीन ने पर्सनैलिटी राइट्स की रक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में अपील की थी। इस मामले में अगली सुनवाई 22 मई, 2026 को होगी। पूर्व भारतीय ओपनर गावस्कर अब कमेंट्री करते हैं। कई ई-कॉमर्स साइट्स ने उनके नाम और आवाज का मिसयूज किया था। क्या है पूरा मामला? गावस्कर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म और ई-कॉमर्स वेबसाइट द्वारा उनके नाम, तस्वीरें और शख्सियत एवं पहचान के अनधिकृत उपयोग को रोकने तथा पर्सनैलिटी राइट्स की रक्षा के लिए हाई कोर्ट का रुख किया था। पर्सनैलिटी राइट्स के तहत किसी व्यक्ति को अपनी तस्वीर, नाम या पहचान की सुरक्षा, उन पर नियंत्रण रखने और उनके उपयोग से लाभ प्राप्त करने का अधिकार होता है। कई बॉलीवुड स्टार्स के पास हैं पर्सनैलिटी राइट्स ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन से पहले इसी साल मई में एक्टर जैकी श्रॉफ भी कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी इमेज और वीडियो बदलकर बिना इजाजत मर्चेंडाइज बेचा जा रहा है।

उस समय कोर्ट ने उनके पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स को भी सुरक्षित किया था। साल 2023 में कोर्ट ने अनिल कपूर की इमेज, वॉयस और उनके 'झकास' कैचफ्रेज का गलत इस्तेमाल रोक दिया था। वहीं, नवंबर 2022 में अमिताभ बच्चन की पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की भी सुरक्षा दी गई थी। यह केस अब डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की प्राइवेसी और पब्लिसिटी राइट्स को लेकर एक अहम मिसाल साबित हो सकता है। अदालत की अगली सुनवाई में यह स्पष्ट होगा कि क्या अदालत तुरंत किसी तरह का अंतरिम आदेश पारित करेगी या नहीं। ऐश्वर्या-अभिषेक, ऋतिक और करण जौहर अपील कर चुके फिल्म कलाकार ऐश्वर्या राय बच्चन, उनके पति अभिषेक बच्चन और सास जया बच्चन, ऋतिक रोशन और अजय देवगन, फिल्म निमार्ता करण जौहर, गायक कुमार सानू और तेलुगु अभिनेता ए नागार्जुन ने भी पर्सनैलिटी और एडवरटाइजिंग राइट्स की सुरक्षा के लिए हाई कोर्ट का रुख किया है। अदालत ने उन्हें अंतरिम राहत प्रदान की। दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनील गावस्कर की याचिका पर आदेश दिया है। यह मामला पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा से जुड़ा है। कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को सात दिन में कार्रवाई करने को कहा है।

# कप्तान पैट कमिंस चौथे टेस्ट से बाहर, स्पिन गेंदबाज मर्फी ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में विश्राम दिया जाएगा जबकि चोटिल नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल किया गया है। मर्फी बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) मैच में ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैट कुहनेमैन और कोरी रोकिचिओली पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया एडिलेड ने तीसरा टेस्ट मैच जीतकर पहले ही एशेज अपने पास बरकरार रह चुका है। जून से पीठ दर्द के कारण परेशान रहे कमिंस ने एडिलेड टेस्ट में वापसी की थी लेकिन अगले मैच के लिए उन्हें विश्राम दिया जाएगा। कमिंस ने एडिलेड में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 82 रन की जीत के बाद कहा था कि उनका एमसीजी में खेलना मुश्किल है। स्टीव स्मिथ अस्वस्थ होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे लेकिन अब उनके ठीक होने की उम्मीद है। कमिंस की अनुपस्थिति में वह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन टीम में वापस बुलाए जाने के बाद चार साल से अधिक समय में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए दावेदार हैं। तीसरे टेस्ट के अंतिम दिन चौका बचाने के लिए डाइव लगाते समय लियोन की हैमस्ट्रिंग में मोच आ गई।

## संक्षेप

### आर्यन ने आईजीपीएल में बढ़त बनायी

कोलंबो। आर्यन रूपा आनंद ने पेशेवर गोल्फर के रूप में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक करते हुए पहले दौर में नौ अंडर 62 के स्कोर से आईजीपीएल आमंत्रण श्रीलंका में बढ़त बना ली। यह 2025 टूर की अंतिम प्रतियोगिता है जिसमें भारतीय दिग्गज जीव मिल्खा सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सात अंडर 64 का स्कोर बनाया। दो बार के अखिल भारतीय एमेच्योर चैंपियन आर्यन ने नौ बर्डी और एक ईगल की लेकिन साथ ही दो बोगी भी कर गए। अंतिम छह होल में पांच बर्डी करने के बाद जीव दूसरे स्थान पर हैं। स्थानीय युवा दावेदार काया दालुवते छह अंडर 65 के स्कोर से महिलाओं के बीच शीर्ष पर और कुल तीसरे स्थान पर हैं।

### हरमनप्रीत और सविता एचआईएल में संभालेंगे कमान

नयी दिल्ली। स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर सविता आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में फिर से सूरमा हॉकी क्लब की पुरुष और महिला टीमों की कमान संभालेंगे। मिडफील्डर सलीमा टेटे को महिला टीम की उप कप्तान नियुक्त किया गया है। भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा इस टीम का नेतृत्व करना विशेष होता है। पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रहने से हमारी क्षमता का पता चलता है और इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिला है। मेरा मानना है कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने के लिए सही संयोजन है। महिला टीम पिछले साल उपविजेता रही थी जिसमें सविता और सलीमा ने अहम भूमिका निभाई थी। सूरमा की महिला टीम 29 दिसंबर को रांची में श्राची रार बंगाल टाइगर्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पुरुष टीम चार जनवरी को चेन्नई में अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन श्राची रार बंगाल टाइगर्स से भिड़ेगी। पुरुषों का टूर्नामेंट चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में खेला जाएगा जबकि महिलाओं के सभी मैच रांची में होंगे।

### शारजाह वॉरियर्स की अबूधाबी नाइट राइडर्स पर रोमांचक जीत

अबूधाबी। शारजाह वॉरियर्स ने जेम्स रेव की धैर्य पूर्ण पारी की मदद से अबूधाबी नाइट राइडर्स पर चार विकेट से रोमांचक जीत हासिल करके आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। इस जीत से वारियर्स के छह अंक हो गए हैं और उसके दो मैच शेष हैं। नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 134 रन बनाए। वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 135 रन बनाकर जीत हासिल की। नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तस्कीन अहमद और वसीम अकरम ने दो दो विकेट लेकर उसका स्कोर चार विकेट पर 10 रन कर दिया था। इसके बाद शेरफेन रदरफोर्ड ने 36 गेंदों में 44 रन बनाए जबकि उन्मुक्त चंद ने 24 रन का योगदान दिया जिससे टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। वॉरियर्स की तरफ से आदिल राशिद ने 18 देकर तीन विकेट लिए। वॉरियर्स की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही लेकिन जेम्स रेव की 29 गेंदों पर नाबाद 42 रन और सिकंदर रजा की 25 गेंदों पर 28 रन की पारी से उसकी टीम अंतिम गेंद पर जीत हासिल करने में सफल रही। टॉम कोहलर कैडमोर (35 गेंदों में 30 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

# कोहली व रोहित ने बढ़ाई चैंपियनशिप की चमक

## विजय हजारे ट्रॉफी : दिल्ली एलीट ग्रुप डी में बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा

एजेंसी

बेंगलुरु। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित कई शीर्ष भारतीय क्रिकेटरों की उपस्थिति से बुधवार से शुरू होने वाले विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की चमक बढ़ गई है जिसमें इन दिग्गज खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की कतार में ज्षभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे नाम भी शामिल हैं, लेकिन कोहली और रोहित जितनी सुर्खियां किसी और को नहीं मिलतीं।

कोहली और रोहित को इसलिए घरेलू टूर्नामेंट में खेलना पड़ रहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। कोहली 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। उनका और रोहित का इस टूर्नामेंट में खेलने का सीधा मतलब है कि यह दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में विकसित हो रहे शक्ति समीकरणों से अछूते नहीं हैं। यह दोनों खिलाड़ी अभी क्रिकेट जगत के स्टार हैं लेकिन क्रिकेट परिदृश्य में तेजी से बदलाव हो रहा है जिसका असर इन दोनों पर पड़ना लाजमी है। रोहित ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे। कोहली ने मुंबई में भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया। उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह दिल्ली के लिए कौन से दो या तीन मैच खेलेंगे।



दिल्ली एलीट ग्रुप डी में बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। यह मैच बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस (सीओई) में खेला जाएगा क्योंकि कर्नाटक सरकार ने सुरक्षा कारणों से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैचों के आयोजन को अनुमति नहीं दी। दिल्ली का अगला मुकाबला गुजरात से होगा। कोहली के मंगलवार रात बेंगलुरु पहुंचने के बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह स्टार बल्लेबाज इन दोनों मैच में खेलेगा। विजय हजारे ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन का अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे मैचों के लिए उनके चयन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन कोहली और रोहित इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उनका दायरा सिकुड़ता जा रहा है। वे जानते हैं कि युवा खिलाड़ी उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भारत की टी20 विश्व कप टीम से गिल को बाहर करना और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के दम पर ईशान किशन को टीम में शामिल करना, इस बात का गंभीर संकेत है कि अगर कोहली और रोहित सहजता से रन नहीं बना पाते हैं तो उनके साथ क्या हो सकता है।

रोहित और कोहली के अलावा कई अन्य सीनियर खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इन खिलाड़ियों में पंत भी शामिल है जो टेस्ट क्रिकेट की टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे हैं। पंत विजय हजारे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अगस्त 2024 के बाद से वनडे या टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। गिल आगामी टी20 विश्व कप के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद लय हासिल करने कोशिश करेंगे। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज पंजाब के लिए खेलते हुए अपनी निराशा को दूर करने का प्रयास करेगा। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले एक अच्छा अभ्यास होगा, जिसमें वह भारत की कप्तानी करेंगे। इस टूर्नामेंट में चयनकर्ताओं की निगाह तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर भी टिकी रहेगी। कुछ साल पहले मोहम्मद सिराज के रणजी ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद से कोई भी अन्य तेज गेंदबाज ऐसा करने में सफल नहीं रहा है। भारतीय टीम में शामिल तेज गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और आकाश दीप के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है।

# नीरज ने पीएम मोदी से की मुलाकात खेलों पर हुई चर्चा



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात की। इस साल की शुरुआत में एक निजी समारोह में पूर्व टेनिस खिलाड़ी मोर से परिणय सूत्र में बंधने वाले चोपड़ा इस समय किसी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह 7 लोक कल्याण मार्ग पर नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात हुई। खेल समेत कई मुद्दों पर हमारी अच्छी बातचीत हुई। चोपड़ा के लिए यह साल मिला-जुला रहा। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90 मीटर भाला फेंककर यह जादुई आंकड़ा पार किया, लेकिन फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझने के कारण वह सितंबर में विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाए और आठवें स्थान पर रहे। उन्होंने बेंगलुरु में अपने नाम पर स्थापित भाला फेंक प्रतियोगिता की मेजबानी भी की और उसमें जीत हासिल की। इस स्टार खिलाड़ी ने सत्र की शुरुआत में चेक गणराज्य के दिग्गज जान जेलेजनी को अपना नया कोच नियुक्त किया था। जेलेजनी के नाम पर तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक और भाला फेंक में 98.48 मीटर का विश्व रिकॉर्ड दर्ज है।

### भारत 2026 हॉकी विश्व कप का प्रबल दावेदार

नयी दिल्ली। बेल्जियम के डिफेंडर आर्थर वैन डोरेन का मानना है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है जिससे वह अगले साल होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप में खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। भारत ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में कांस्य जीता था और वैन डोरेन का मानना है कि भारतीय टीम को किसी भी दृष्टिकोण से कम करके नहीं आंका जा सकता है। वैन डोरेन ने पीटीआई वीडियो से कहा भारत को बड़े दावेदारों के रूप में न मानना असंभव है। भारतीय टीम ने लंबे समय से अच्छे परिणाम हासिल किए हैं। वह पिछले दो ओलंपिक खेलों की पदक विजेता है। इसलिए विश्व कप की बात करते समय भारत को नजरअंदाज करना अब उचित नहीं होगा।

### एआईटीए ने श्रीराम बालाजी को डेविस कप टीम से बाहर किया

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की चयन समिति ने नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए मंगलवार को एन श्रीराम बालाजी को टीम से बाहर कर दिया लेकिन बाकी खिलाड़ियों का चयन उम्मीद के मुताबिक रहा। पहले दौर का क्वालीफायर मुकाबला सात और आठ फरवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा। एकल में भारत की चुनौती की अगुवाई सुमित नागल करेंगे जबकि टीम में युगल विशेषज्ञ युकी भांबरी के साथ दक्षिणेश्वर सुरेश और करण सिंह भी शामिल हैं। अनुभवी युगल खिलाड़ी बालाजी को टीम से बाहर कर दिया गया है। चयन समिति ने लंबी अवधि की योजना के तहत आगे बढ़ने का फैसला किया है। इस फैसले के बारे में बताते हुए भारतीय कप्तान रोहित राजपाल ने कहा कि चयनकर्ता युवा खिलाड़ियों में निवेश करना चाहते थे। राजपाल ने कहा, चयन समिति को लगा कि अब भविष्य की ओर देखने का समय आ गया है।

# यूपी के स्कूलों में कुंग फू और ताइची मार्शल आर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा : आनंदी बेन पटेल

लखनऊ। यूपी के स्कूलों में कुंग फू और ताइची मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा दिया जाएगा। यह आश्वासन प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने यह बाते आज उत्तर प्रदेश कुंग फू एसोसिएशन के तत्वाधान में भारतीय ताई ची टीम के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल विश्व ताइची प्रतियोगिता, ताइवान के विजेता खिलाड़ियों और पदाधिकारियों के साथ एक औपचारिक भेंट वार्ता कही। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कुंग फू एसोसिएशन के महासचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि विगत 24 से 26 अक्टूबर 2025 को ताइवान में नवी विश्व ताइची प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था।

जिसमें प्रतिभागिता करते हुए 9 भारतीय खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण तीन रजत एवं दो कांस्य सहित 7 पदक अर्जित किए थे जिसमें उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण दो रजत एवं एक कांस्य पदक जीते। राज्यपाल महोदया ने इस अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्र स्वर्ण पदक विजेता निर्भय राज, रजत पदक विजेता कु. खुशी त्रिपाठी एवं कु. संस्कृति तथा कांस्य पदक विजेता कु. श्रुति सिंह , श्रीमती मंजू, श्री कृष्ण कुमार तथा पूर्व अंतरराष्ट्रीय कांस्य पदक विजेता अभय राज को देश का



नाम गौरवान्वित करने पर आशीर्वचन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना प्रेषित की। इस मौके पर पर अंतर्राष्ट्रीय कुंग फू फेडरेशन के ग्रैंडमास्टर ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, भारतीय टीम के प्रबंधक डा.राजेंद्र कुमार गौतम तथा भारतीय टीम के समन्वयक डॉ शिशुपाल सिंह ने राज्यपाल महोदया को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के द्वारा ताइची पर लिखी गई एक पुस्तक तथा कुंग फू के जन्मदाता बोधिधर्म का तैल चित्र भेंट किया।

# नेपोली ने इटालियन सुपर कप जीता

रियाद। डेविड नेरेस ने दोनों हाफ में एक-एक गोल किया जिससे मौजूदा सीरी ए चैंपियन नेपोली ने सऊदी अरब में खेले गए फाइनल में बोलोग्ना को 2-0 से हराकर तीसरी बार इटालियन सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता। नेरेस का 39वें मिनट में पहला गोल किया। उनका 25 मीटर की दूरी से बाएं पैर से लगाया गया शॉट दूर के कोने में जाकर लगा। उन्होंने बोलोग्ना के गोलकीपर फेडेरिको रावग्लिया को इसे बचाने का कोई मौका नहीं दिया।

उन्होंने मैच का एक घंटा पूरा होने के बाद अपना दूसरा गोल किया। नेरेस ने रावाग्लिया के एक ढीले पास का फायदा उठाया और जॉन लुकुमी से गेंद छीनकर गोलकीपर के ऊपर से उसे गोल में डाल दिया। नेपोली ने इससे पहले 1990 और 2014 में सुपर कप जीता था। वहीं दूसरी ओर स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह के गोल की मदद से मिस्र ने जिम्बाब्वे को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस



फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की।

### भारतीय के उकसावे वाले व्यवहार पर आईसीसी को सूचित करेंगे : पीसीबी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल के दौरान भारतीय खिलाड़ियों पर उकसाने वाले व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा है कि वे इस बारे में आईसीसी को औपचारिक रूप से सूचित करने पर विचार कर रहे हैं। दुबई में रविवार को खेले गए इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को 191 रनों से हराया। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कई बार कहासुनी हुई। मैच से पहले और बाद में दोनों टीमों ने हाथ भी नहीं मिलाए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह में नकवी ने कहा अंडर-19 एशिया कप के फाइनल के दौरान भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लगातार उकसाते रहे। उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान इस घटना के बारे में आईसीसी को औपचारिक रूप से सूचित करेगा।

# टी-20 : दीप्ति आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर

एजेंसी

दुबई। स्टार भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा मंगलवार को अपने करियर में पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 28 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 20 रन देकर एक विकेट चटकाया और इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गईं। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में 44 गेंद में नाबाद 69 रन बनाकर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं जेमिमा रोड्रिग्स पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं। शेफाली वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 10वें स्थान पर हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति की जगह नंबर एक बल्लेबाज बन गईं। आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दूसरे और तीसरे मैच में 124 और नाबाद 100 रन बनाकर लगातार दो शतक जड़ने वाली वोलवार्ट ने स्मृति पर नौ अंक की बढ़त बना ली। वोलवार्ट ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 820 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस 45 और 64 रन की पारियों के बाद चार स्थान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उनकी टीम की साथी ऐमी हंटर 31वें से 28वें स्थान पर पहुंच गईं जबकि दक्षिण अफ्रीका की सुने लुस (सात स्थान ऊपर 34वें स्थान पर) और डेन वैन नीकर्क (24 स्थान ऊपर 95वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला के दौरे में समुद्र तट पर स्थित एक रिसॉर्ट में छुट्टियां मनाने के दौरान शराब के अत्यधिक सेवन की खबरें सामने आने के बाद वह इंग्लैंड टीम की शराब पीने की लत जांच करेंगे। इंग्लैंड का वर्तमान श्रृंखला में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और उसे तीनों टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा जिससे आस्ट्रेलिया ने एशेज को अपने पास बरकरार रखा। इंग्लैंड पिछले 18 मैच से ऑस्ट्रेलिया में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत पाया है। उसने ऑस्ट्रेलिया में अपनी आखिरी श्रृंखला 2010-11 में जीती थी। इंग्लैंड जब श्रृंखला में 0-2 से पीछे चल रहा था तब उसकी टीम ने दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच मिले ब्रेक के दौरान ब्रिस्बेन के उत्तर में स्थित शहर नूसा में एक रिसॉर्ट में चार रात बिताई थी। यह हालांकि उसके कार्यक्रम का हिस्सा था। रॉब की ने कहा कि उन्हें इस ब्रेक से कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर उन्हें अत्यधिक भोग-विलास के सबूत मिलते हैं तो वह इसकी जांच करेंगे। उन्होंने कहा, अगर ऐसी बातें सामने आती हैं कि हमारे खिलाड़ियों ने अत्यधिक शराब पी, तो निश्चित रूप से हम इसकी जांच करेंगे। यह अस्वीकार्य है। रॉब की ने कहा किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम का अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन करने की मैं किसी भी स्तर पर उम्मीद नहीं कर सकता हूं और वहां जो कुछ हुआ अगर मैं उसकी जांच नहीं करता हूं तो यह गलती होगी। लेकिन अब तक मैंने जो कुछ भी सुना है, उससे यही लगता है कि उनका व्यवहार बहुत अच्छा था। उन्होंने कहा हमारे पास यह पता लगाने के पर्याप्त तरीके हैं कि वास्तव में क्या हुआ था। अब तक मैंने जो कुछ भी सुना है, उससे यही पता चलता है कि वे बैठे, दोपहर का भोजन किया, रात का खाना खाया, देर रात को बाहर नहीं गए, वगैरह-वगैरह। उन्होंने थोड़ी-बहुत शराब भी पी।



# श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर देगा भारत

## चक्रवात प्रभावित देश के लिए उठाया बड़ा मानवीय कदम

एजेंसी

कोलंबो। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत को चक्रवात दित्वा के दौरान श्रीलंका के साथ खड़ा रहने पर गर्व है और उसने द्वीप देश को 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज का प्रस्ताव दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में श्रीलंका आए जयशंकर ने ये टिप्पणियां श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेरात की मौजूदगी में कीं। उन्होंने मोदी का एक पत्र राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को भी सौंपा।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, चक्रवात दित्वा के दौरान श्रीलंका के साथ खड़े रहने पर भारत को गर्व है। श्रीलंका की दो दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने कहा, श्रीलंका 2022 के आर्थिक संकट से उबर ही रहा था कि तभी इस प्राकृतिक आपदा ने नयी कठिनाइयां पैदा कर दी हैं। जयशंकर ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने निर्देश दिया कि हम श्रीलंका सरकार की प्राथमिकताओं को लेकर उनसे बातचीत करें। उस संदर्भ में हमने जिस सहायता पैकेज का प्रस्ताव दिया है उसकी राशि 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने कहा, पैकेज में 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रियायती ऋण और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता शामिल होगी। उन्होंने कहा, श्रीलंका सरकार के साथ



परामर्श करके इस पैकेज को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हमारी सहायता उन क्षेत्रों को कवर करेगी जो चक्रवात से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं, जिनमें पहला क्षेत्र- सड़क, रेल और पुल संपर्क की पुनः बहाली है। उन्होंने कहा दूसरा- जो घर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं और जिन्हें आंशिक नुकसान हुआ है, उनके निर्माण में मदद करना। तीसरा- स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणालियों के लिए सहयोग, खासकर वे जो चक्रवात से क्षतिग्रस्त हुई हैं। चौथा- कृषि क्षेत्र, जिसमें अल्पावधि और मध्यम अवधि में संभावित कमी से निपटने के उपाय शामिल हैं तथा पांचवां क्षेत्र- बेहतर आपदा प्रतिक्रिया और तैयारियों की दिशा में काम करना है। जयशंकर ने कहा कि नुकसान के पैमाने को देखते हुए भारत का श्रीलंका की मदद के लिए आगे आना स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा कि दित्वा के श्रीलंका पहुंचने के पहले ही दिन भारत का ऑपरेशन सागर बंधु शुरू हो गया था। उन्होंने कहा, हमारे विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और आईएनएस उदयगिरि कोलंबो में मौजूद थे और उन्होंने राहत सामग्री पहुंचाई, जिसके बाद हेलीकॉप्टर तैनात किए गए। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना के कई एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने श्रीलंका में दो सप्ताह से अधिक समय तक मदद पहुंचाई जबकि 80 सदस्यीय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने बचाव और राहत कार्य किया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सागर बंधु के तहत कुल मिलाकर 1,100 टन से अधिक राहत सामग्री पहुंचाई गई, जिसमें सूखा राशन, तंबू, तिरपाल, स्वच्छता किट, आवश्यक वस्त्र और जल शोधन किट शामिल थीं। जयशंकर ने कहा कि करीब 14.5 टन दवाइयां और चिकित्सकीय उपकरण भी उपलब्ध कराए गए तथा राहत कार्यों में सहायता के लिए 60 टन अतिरिक्त उपकरण श्रीलंका लाए गए।

# जन भागीदारी ही जन-केंद्रित सुरक्षा की आधारशिला है : राष्ट्रपति मुर्मू



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि सामुदायिक भागीदारी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती है और लोगों को अपने आसपास होने वाली घटनाओं से बेपरवाह नहीं बने रहना चाहिए क्योंकि जन भागीदारी ही जन-केंद्रित सुरक्षा की आधारशिला है। खुफिया ब्यूरो (आईबी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुर्मू ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया ने सूचना और संचार की दुनिया को बदल दिया है तथा इसमें सृजन और विनाश दोनों की क्षमता है। मुर्मू ने कहा, लोगों को गलत सूचनाओं से बचाना एक बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है।

इस कार्य को निरंतर और अत्यंत प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय हित में तथ्यों पर आधारित जानकारी को लगातार प्रस्तुत करने वाले सक्रिय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का एक समुदाय बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जिनमें जागरूक नागरिकों ने सुरक्षा संकटों को टालने में पेशेवर बलों की मदद की है। राष्ट्रपति ने कहा लोगों को अपने आसपास घटित होने वाली घटनाओं से बेपरवाह नहीं बने रहना चाहिए। उन्हें अपने परिवेश और उससे परे के क्षेत्रों की सुरक्षा में सचेत और सक्रिय भागीदार बनना चाहिए। जन भागीदारी ही जन-केंद्रित सुरक्षा की आधारशिला है। मुर्मू ने कहा कि स्वतंत्रता-पूर्व काल से चले आ रहे विरासत के बोझ के कारण, कुछ लोग आम तौर पर सरकारी कर्मचारियों और विशेष रूप से पुलिस बलों के प्रति दूरी की भावना महसूस कर सकते हैं। उन्होंने कहा, विकसित समाजों और देशों में, लोग आम तौर पर पुलिसकर्मियों को एक मित्रवत व्यक्ति के रूप में देखते हैं जिन पर मदद के लिए भरोसा किया जा सकता है।

## संक्षेप

### रूस ने यूक्रेन पर 650 मिसाइलों से किया हमला, तीन की मौत

कीव। रूस ने सोमवार रात यूक्रेन पर 650 से अधिक ड्रोन और तीन दर्जन मिसाइलें दागीं। यह व्यापक हमला रात में शुरू हुआ और मंगलवार को दिन तक जारी रहा। इस हमले में चार वर्षीय बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि बमबारी ने यूक्रेन के 13 क्षेत्रों में घरों और बिजली ग्रिड को निशाना बनाया, जिससे भीषण सर्दी में व्यापक स्तर पर बिजली गुल हो गई। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बमबारी से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यूक्रेन पर आक्रमण जारी रखने का इरादा जाहिर हो गया है। यूक्रेनी और यूरोपीय अधिकारियों का दावा है कि पुतिन अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयासों में गंभीरता से सहयोग नहीं कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा यह हमला रूसी प्राथमिकताओं का बेहद स्पष्ट संकेत है। यह व्यापक हमला क्रिसमस से ठीक पहले किया गया, जब लोग अपने परिवारों के साथ घर पर सुरक्षित रहना चाहते हैं। दरअसल, यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब इस युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत के प्रयास किए जा रहे हैं। पुतिन यह बात स्वीकार नहीं कर सकते कि हमें हत्याएं बंद करनी होंगी।

# नाइजीरिया में अपहृत किए गए 130 स्कूली बच्चों और शिक्षकों का रिहाई

मिना (नाइजीरिया)। नाइजीरिया में देश के इतिहास के सबसे बड़े सामूहिक अपहरणों में से एक के बाद रिहा किए गए 130 स्कूली बच्चों और शिक्षकों को सोमवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से देखा गया।

सरकारी समारोह में आए कुछ बच्चे कुपोषित या सदमे की स्थिति में नजर आए। पुलिस ने बताया कि इन्हें रविवार को मुक्त कराया गया। एक महीने पहले हथियारबंद लोगों ने नाइजर राज्य के पापीरी समुदाय में स्थित एक कैथोलिक स्कूल पर तड़के हमला कर इन बच्चों और शिक्षकों का अपहरण कर लिया था। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों को क्रिसमस से पहले उनके परिवारों से मिलाने की तैयारी की जा रही है। इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि 303 स्कूली बच्चों और 12 शिक्षकों का अपहरण किया गया था, जिनमें से 50 बच्चे कुछ ही घंटों में भाग निकले थे। हालांकि, सोमवार को नाइजर राज्य के गवर्नर मोहम्मद बागो ने संकेत दिया कि कुल 230 लोगों को अगवा किया गया था और अब सभी को रिहा कर दिया गया है।

# समय आने पर प्रियंका बनेंगी प्रधानमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। कारोबारी रॉबर्ट वाद्रा ने मंगलवार को कहा कि उनकी पत्नी प्रियंका गांधी वाद्रा का राजनीति में उज्ज्वल भविष्य है और एक समय

**यह अपरिहार्य है : रॉबर्ट वाद्रा**

आएगा जब लोग उन्हें शीर्ष पद पर देखना चाहेंगे। वह उन खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिनके अनुसार, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने बांग्लादेश की स्थिति का हवाला देते हुए कहा है कि प्रियंका गांधी अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह मजबूत प्रधानमंत्री साबित होंगी। मसूद की



टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर वाद्रा ने कहा, मुझे लगता है कि प्रियंका ने भी अपनी दादी (इंदिरा गांधी), अपने पिता (राजीव गांधी), सोनिया जी और अपने भाई (राहुल गांधी) से बहुत कुछ सीखा है। लोग उनकी प्रशंसा करते हैं। लोग देखते हैं कि उनमें क्या है। जब वह बोलती हैं, तो दिल से बोलती हैं।

वह उन विषयों पर बोलती हैं जिन्हें वास्तव में सुनने की जरूरत है और वह उन पर बहस करती हैं। उन्होंने यह भी कहा मुझे लगता है कि राजनीति में उनका भविष्य उज्ज्वल है और इस देश में जमीनी स्तर पर जो जरूरी है उसे बदलने में भी उनका भविष्य उज्ज्वल है। मुझे लगता है कि यह समय पर होगा, यह अपरिहार्य है। चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के चलते अक्सर कांग्रेस के एक वर्ग की ओर से प्रियंका गांधी को बड़ी भूमिका देने की मांग उठती रही है।

# भारत जल्द बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

एजेंसी

धाराइंदौर (मध्यप्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश की आर्थिक प्रगति का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि 11 साल पहले पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाने वाला भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

उन्होंने भरोसा जताया कि नरेन्द्र मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत बहुत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नड्डा ने इंदौर से करीब 65 किलोमीटर दूर धार में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर बनने जा रहे चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण की नींव रखी। उन्होंने इस मौके पर आयोजित समारोह में कहा, 11 साल पहले भारत की गिनती छुई-मुई जैसी पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में होती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। बहुत जल्द हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का कहना है कि दुनिया भर में विकास की गति मंद है, लेकिन भारत बुलंदी के साथ खड़ा



है। विश्व बैंक भारत की अर्थनीति को आशा की चमकती किरण बताता है। नड्डा ने भूमिपूजन समारोह में कहा कि धार में पीपीपी मॉडल के आधार पर बनने जा रहा चिकित्सा महाविद्यालय देश में इस तरीके से खुलने वाला अपनी तरह का पहला संस्थान होगा जिससे गांव-गांव तक चिकित्सकों की पहुंच सुनिश्चित होगी।

धार जिले की गिनती मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल जिलों में होती है जहां एक जमाने में कांग्रेस की मजबूत पकड़ थी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कांग्रेस पर इस जनजातीय अंचल के विकास की अनदेखी का आरोप लगाया और कहा हमारे आदिवासी भाइयों ने कांग्रेस को लम्बे समय तक आशीर्वाद दिया, लेकिन क्या इस पार्टी ने इस समुदाय के जीवन में बदलाव लाने का कोई काम किया? नड्डा ने कहा कि देश में संस्थागत प्रसव का आंकड़ा बढ़कर 89 प्रतिशत पर पहुंच गया है जिससे जचगी के दौरान माताओं की मौत की दर में बड़ी कमी आई है।

# असम के कार्बी आंगलोंग में फिर भड़की हिंसा

एजेंसी

दीफू/गुवाहाटी। असम के अशांत कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार को एक बार फिर हिंसा भड़क उठी, जब प्रदर्शनकारियों के दो गुट आपस में भिड़ गए और पुलिस को उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज के साथ-साथ आंसू गैस के गोलों का सहारा लेना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि ताजा हिंसा में कम से कम आठ लोगों के घायल होने की खबर है।

अधिकारियों के मुताबिक, निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद खेरोनी बाजार इलाके में बच्चों और महिलाओं समेत बड़ी संख्या में वे लोग हिंसा के



खिलाफ प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतरे, जिनकी दुकानें भीड़ ने सोमवार को जला दी थीं।

उन्होंने बताया कि आदिवासी क्षेत्र से अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने की मांग करने वाले आंदोलनकारी भी खेरोनी बाजार इलाके की सड़कों पर एकत्र हुए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों गुटों में भारी आक्रोश था और इलाके में तैनात सुरक्षा बल उन्हें शांत करने की कोशिश कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि अचानक दोनों गुटों के लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया, जिसमें कई प्रदर्शनकारी, पुलिसकर्मी और मीडिया कर्मी घायल हो गए। अधिकारी के अनुसार, हालात बेकाबू होने पर पुलिस को दोनों गुटों के प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले दागने पड़े। उन्होंने बताया कि इलाके में स्थिति तनावपूर्ण है और मौके पर अतिरिक्त बलों को भेजा गया है।

# श्रीहरिकोटा में इसरो के ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 मिशन के लिए उल्टी गिनती शुरू

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा कि अमेरिका के एक नए पीढ़ी के संचार उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम-एम6 रॉकेट के प्रक्षेपण के लिए 24 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार को यहां शुरू हो गयी। एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन के तहत इसरो बुधवार को सुबह 8.54 बजे इस अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण पैड से भारी सामान को ले जाने वाले अपने प्रक्षेपण यान एलवीएम3-एम6 के जरिए ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 का प्रक्षेपण करेगा। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि 6,100 किलोग्राम वजनी यह संचार उपग्रह एलवीएम3 के प्रक्षेपण इतिहास में पृथ्वी की निम्न कक्षा में स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड होगा।

इससे पहले सबसे भारी पेलोड एलवीएम3-एम5 संचार उपग्रह-03 था, जिसका वजन करीब 4,400 किलोग्राम था और जिसे इसरो ने दो नवंबर को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था। बुधवार का यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए वाणिज्यिक समझौते के तहत संचालित किया जा रहा है।

## इंटरटेनमेंट...

# साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'धुरंधर'

मुंबई। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर लगातार बॉक्स ऑफिस पर बड़े रिकॉर्ड तोड़ रही है। रिलीज के 18वें दिन फिल्म का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 877 करोड़ हो चुका है। इसी के साथ धुरंधर इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। अब तक ये रिकॉर्ड ऋषभ शेट्टी की कन्नड़ फिल्म कांताराः द लीजेंड-चैप्टर 1 वन के पास था, जिसका कुल कलेक्शन 850 करोड़ रुपए है।

**वर्ल्डवाइड कलेक्शन हुआ 877 करोड़, क्रिसमस पर टूट सकता है बजरंगी भाईजान, एनिमल का रिकॉर्ड**

हालांकि इंडियन सिनेमा के इतिहास में ये फिल्म कमाई के मामले में 11वें नंबर पर है। फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 877 करोड़ है, जबकि फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस में 598 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। फिल्म ने सोमवार को बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 19.70 करोड़ का कलेक्शन किया है।

जबकि दूसरे रविवार फिल्म ने 40 करोड़ कमाए थे। दूसरे वीकेंड की कमाई के मामले में धुरंधर ने रणबीर कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। फिल्म एनिमल ने रिलीज के




17वें दिन (रविवार को) 14.5 करोड़ कमाए थे, जबकि धुरंधर ने 38.5 करोड़ कमाए हैं। एनिमल के सेकेंड वीकेंड कलेक्शन से धुरंधर का सोमवार का कलेक्शन (19.70 करोड़) भी ज्यादा है। फिल्म धुरंधर रिलीज के महज 18 दिनों में ही स्त्री 2, सीक्रेट सुपरस्टार, सुल्तान, छावा जैसी फिल्मों को पछाड़ते हुए 6वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी हैं। फिलहाल इस लिस्ट में आमिर खान की फिल्म 1968 करोड़ कमाई कर पहले नंबर पर है। मौजूदा कमाई को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि क्रिसमस के मौके पर ये सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान और एनिमल को पीछे करते हुए चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन जाएगी।

# अनन्या पांडे कौन बनेगा करोड़पति में शामिल

**मुंबई।** हाल ही में अनन्या पांडे अपने को स्टार कार्तिक आर्यन के साथ कौन बनेगा करोड़पति शो में शामिल हुई थीं। यहां पर दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'तू मेरा मैं तेरी मैं तेरी तू मेरा' को प्रमोट करने पहुंचे थे। एपिसोड के दौरान होस्ट अमिताभ बच्चन ने अनन्या की पिछली फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में उनके अभिनय की जमकर प्रशंसा की, जिससे अनन्या इमोशनल हो गईं। अनन्या ने इस क्लिप को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा- 'किसी भी एक्टर के जीवन का सबसे बड़ा पल। अमित जी, मैं आपके शब्दों को हमेशा संजो कर रखूंगी। अमिताभ ने अनन्या की तारीफ में कहा- 'इनकी एक फिल्म थी, केसरी चैप्टर 2, जिसमें इन्होंने काम किया था। उसमें बहुत बड़े-बड़े कलाकार हैं और सबने बहुत अच्छा काम किया।

# कपिल शर्मा के शो-नेटफ्लिक्स पर कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप

मुंबई। नेटफ्लिक्स के पॉपुलर शो द कपिल शर्मा शो के खिलाफ पीपीएल (पीपल परफॉर्मेंस लिमिटेड) ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है। आरोप हैं कि कपिल शर्मा के शो में 3 गानों का

**बिना परमिशन 3 गाने इस्तेमाल किए बॉम्बे हाईकोर्ट में दर्ज हुई याचिका**

इस्तेमाल किया गया है, जिसके लिए उनसे प्रोड्यूसर्स या मेकर्स ने किसी तरह की परमिशन नहीं ली है। मिड डे की रिपोर्ट के अनुसार, पीपीएल द्वारा 12 दिसंबर को बॉम्बे हाईकोर्ट में कपिल शर्मा के शो के खिलाफ कमर्शियल याचिका दायर की गई है।



कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए याचिका में कहा गया है कि जून से सितंबर के बीच 3 लाइसेंसी गानों का इस्तेमाल बिना इजाजत किया गया है। इन गानों का कॉपीराइट पीपीएल इंडिया के पास है।

# 'अवतार 3' से गोविंदा ने हॉलीवुड डेब्यू किया!

**मुंबई।** हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के कई क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इन वीडियो और फोटो में गोविंदा नावी के किरदार में नजर आ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि एक्टर ने 'अवतार 3' से अपना हॉलीवुड डेब्यू कर लिया है। एक वीडियो में गोविंदा को चमकीले, कलरफुल इंडियन कपड़ों में दिखाया गया है। वहीं, एक दूसरे वीडियो में गोविंदा साल 1997 में

**जेम्स कैमरून की फिल्म से एक्टर का वीडियो वायरल, अपना फेमस हिंदी डायलॉग बोलते दिखे**

आई उनकी फिल्म दीवाना मस्ताना का फेमस डायलॉग 'हटा सावन की घटा, बत्ती बुझा' बोलते नजर आ रहे हैं। सीन में बैकग्राउंड में फिल्म के मेन लीड जेक सुली और उनका परिवार दिख रहा है। हालांकि ये सच नहीं है। ये एक एआई वीडियो है। इसका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं है। असलियत में फिल्म में ऐसा कोई सीन नहीं दिखाया गया है। बता दें कि बहुत पहले गोविंदा ने ऐसा दावा किया था कि वो अवतार फ्रेंचाइजी के डायरेक्टर जेम्स कैमरून से मिले



थे। डायरेक्टर ने उन्हें रोल ऑफर किया था, साथ में 18 करोड़ रुपए फीस के तौर पर ऑफर भी किया था। लेकिन उन्होंने उस ऑफर को ठुकरा दिया था। भीष्म इंटरनेशनल के यूट्यूब चैनल पर गोविंदा ने कहा था 'अमेरिका में मेरी मुलाकात एक सरदारजी से हुई थी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K